सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 24.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-232 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 13 फरवरी 2025
14 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# पेरिस मारसेई में खुला भारत का नया वाणिज्य दूतावास

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने किया उद्घाटन



**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को संयुक्त रूप से मारसेई शहर में भारत के नए वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति मैक्रों के निमंत्रण पर फिलहाल फ्रांस के दौरे पर हैं। दोनों नेताओं ने बटन दबाकर संयुक्त रूप से मारसेई शहर में नए वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया।

इस मौके पर मौजूद भीड़ ने पूरे उत्साह के साथ खुशी जताई। इनमें से कई लोग भारत और फ्रांस दोनों के राष्ट्री य ध्वज लेकर आए थे। वाणिज्य दूतावास के उद्घाटन से पहले, मोदी और मैक्रों ने ऐतिहासिक माजारग्वेज कब्रिस्तान का दौरा किया और पहले विश्व युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। बाद में, दोनों नेताओं ने भीड़ में मौजूद कुछ लोगों से बातचीत भी की। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दक्षिणी फ्रांस के मार्सिले पहुंचे और स्वतंत्रता सेनानी वी डी सावरकर को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने इसी बंदरगाह शहर में 'भाग निकलने का साहसिक प्रयास किया था। मोदी ने मंगलवार रात (स्थानीय समयानुसार) वहां पहुंचने के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मार्सिले पहुंचा हूं। भारत के स्वतंत्रता के संघर्ष में यह शहर विशेष महत्व रखता है। यहीं पर महान वीर सावरकर ने भाग निकलने का साहसिक प्रयास किया था। कहा, 'मैं मार्सिले के लोगों और उस समय के फ्रांसीसी कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मांग की थी कि उन्हें ब्रिटिश हिरासत में नहीं सौंपा जाए। वीर सावरकर की बहादुरी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।'

मार्सिले पहुंचने पर प्रधानमंत्री का भारतीय प्रवासी समुदाय के लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों नेताओं ने एक न्यायसंगत और शांतिपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने, वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और तकनीकी, आर्थिक क्षेत्रों सहित उभरते विकास के लिए दुनिया को तैयार करने के लिए प्रभावी बहुपक्षवाद के आह्वान को दोहराया।

# 1984 सिख विरोधी दंगे मामले में सज्जन कुमार दोषी करार

- राउज एवेन्यू कोर्ट का फैसला
- सजा पर बहस 18 फरवरी को



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को सिख विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार इलाके में दो लोगों की हत्या के मामले में बुधवार को दोषी करार दिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने दोषसिद्धि का आदेश पारित किया और सजा पर बहस की तारीख 18 फरवरी तय की।

सजा सुनाए जाने के लिए कुमार को तिहाड़ जेल से अदालत में पेश किया गया। मामला 1 नवंबर 1984 को जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से संबंधित है। पंजाबी बाग थाने ने शुरू में मामला दर्ज किया था, लेकिन बाद में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने जांच का जिम्मा संभाला था। इस मामले में 16 दिसंबर, 2021 को अदालत ने कुमार के खिलाफ आरोप तय किए थे और उनके खिलाफ प्रथम दृष्ट्या मामला सही पाया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, घातक हथियारों से लैस एक बड़ी भीड़ ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का बदला लेने के लिए बड़े पैमाने पर लूटपाट, आगजनी की थी और सिखों की संपत्तियों को नष्ट किया था। इस मामले में जसवंत सिंह की पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार भीड़ ने घर में घुसकर सिंह और उनके बेटे की हत्या कर दी थी और सामान लूटकर घर को आग के हवाले कर दिया था। कुमार पर मुकदमा चलाते हुए अदालत ने कहा था कि प्रथम दृष्ट्या यह मानने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि वह न केवल एक भागीदार थे, बल्कि उन्होंने भीड़ का नेतृत्व भी किया था।


## न्यूज डायरी

### आकाश के ससुर पार्टी से आऊट



**नई दिल्ली।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुटबाजी और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने के आरोप में आकाश आनंद के ससुर डॉ. अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। राज्यसभा के पूर्व सांसद डॉ. अशोक सिद्धार्थ की बेटी से आकाश आनंद की शादी हुई है। डॉ. अशोक सिद्धार्थ के पिता बसपा संस्थापक कांशीराम के सहयोगी रहे हैं। सोशल मीडिया साइट एक्स पर मायावती ने कहा कि बसपा की ओर से खासकर दक्षिणी राज्यों के प्रभारी रहे डॉ. अशोक सिद्धार्थ पूर्व सांसद व नितिन सिंह जिला मेरठ को, चेतावनी के बावजूद भी गुटबाजी आदि की पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण पार्टी के हित में तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया जाता है।

### सत्येंद्र दास का स्वर्गवास



**लखनऊ।** श्री रामजन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्रदास का बुधवार को यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह करीब 87 वर्ष के थे। आचार्य दास को पिछले दिनों ब्रेन हैम्ब्रेज के चलते एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था, जहां आज सुबह करीब सात बजे उन्होने अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री दास के निधन पर शोक प्रकट किया है।

### गायत्री की 60 लाख की संपत्ति जब्त



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सपा सरकार में खनन मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति की 60 लाख रुपये की संपत्ति को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को जब्त कर लिया। ईडी ने गायत्री के खिलाफ दर्ज आय से अधिक संपत्ति के मामले में यह कार्रवाई की है। बता दें कि ईडी ने लोकायुक्त संगठन की जांच के बाद हुई सिफारिश के बाद विजिलेंस द्वारा गायत्री के खिलाफ दर्ज आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मुकदमे के आधार पर जांच शुरू की थी। ईडी की जांच में पता चला कि गायत्री ने सपा सरकार में खनन मंत्री रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया।

# माघ पूर्णिमा पर दो करोड़ लोगों ने किया स्नान

## महाकुंभ

- अनिल कुंबले और सुनील शेट्टी जैसी हस्तियों ने लगायी डुबकी
- शाम 6 बजे तक चला स्नान
- महाकुंभ मेला क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद दिखे अधिकारी
- एंटी-ड्रोन सिस्टम रहा अलर्ट मोड में






**महाकुंभ नगर।** प्रयागराज महाकुंभ के पांचवें स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर बुधवार को शाम छह बजे तक दो करोड़ से अधिक लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। सरकार ने इस दौरान स्नान करने वाले श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई। बुधवार तड़के सुबह से ही चारों दिशाओं से महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों समेत श्रद्धालुओं का गंगा और संगम घाट की ओर आगमन जारी है।

मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को शाम छह बजे तक दो करोड़ से अधिक लोगों ने संगम और गंगा में स्नान किया। महाकुंभ की शुरुआत से 13 जनवरी से अभी तक 48.25 करोड़ से अधिक लोग यहां स्नान कर चुके हैं। सभी कल्पवासियों से यातायात नियमों का पालन करने और केवल अधिकृत पार्किंग का उपयोग करने का अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह चार बजे से ही लखनऊ में अपने आधिकारिक आवास में बने वार रूम से मेला क्षेत्र की निगरानी की। उनके साथ डीजीपी प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने माघी पूर्णिमा की बधाई देते हुए एक्स पर कहा कि महाकुंभ में आज पवित्र त्रिवेणी में पुण्य स्नान हेतु पधारे सभी पूज्य साधु संतों, धर्माचार्यों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। भगवान श्री हरि की कृपा से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य का वास हो। मां गंगा, यमुना और सरस्वती सभी के मनोरथ पूर्ण करें, यही कामना है। इस बीच, पूर्व क्रिकेटर अनिल कुंबले ने आम श्रद्धालुओं की तरह अपनी पत्नी चेतना रामतीर्थ के साथ संगम में स्नान किया। बिना वीआईपी प्रोटोकॉल के वह पत्नी के साथ नाव पर संगम गए और स्नान के साथ ही सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। इसी तरह, फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी ने भी संगम में डुबकी लगाई और सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं को अद्भुत बताया। इस बीच, महाकुंभ मेले में कल्पवास कर रहे करीब 10 लाख कल्पवासियों का संकल्प माघी पूर्णिमा स्नान के साथ आज पूरा हो गया और वे अपने-अपने घरों के लिए प्रस्थान करना शुरू कर रहे हैं। गोरखपुर से परिवार सहित कल्पवास करने आए मदन गोपाल शुक्ल ने कहा कि आज हमारा कल्पवास पूरा हो रहा है। कल्पवास बहुत अच्छा रहा कोई असुविधा नहीं हुई।



सुबह 4 बजे से ही वॉर रूम में डटे रहे सीएम योगी, स्नान पर्व पर पल-पल का लिया अपडेट

### संकल्प आज पूरा हो रहा : राजेंद्र

त्रिवेणी संगम आरती सेवा समिति के संस्थापक और तीर्थ पुरोहित राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि पिछली पूर्णिमा पर कल्पवास का संकल्प लेने वाले कल्पवासियों का संकल्प आज पूरा हो रहा है। उन्होंने एक महीने तक सभी यम, नियम और संयम, आदर्श सात्विक जीवन का अक्षरशः पालन करने, भूमि पर शयन करने, तीन बार स्नान करने, स्वयं भोजन बनाकर एक समय भोजन करने, यथोचित दान करने और गुरु की वाणी का श्रवण करने का संकल्प लिया था। उन्होंने बताया कि आज वे मां गंगा का पूजन, दीपदान करके उस संकल्प से मुक्त होंगे और दिशाशूल को देखते हुए अपने घरों के लिए प्रस्थान करेंगे।

### सीएम ने दी शुभकामनाएं

सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा कि पावन स्नान पर्व माघ पूर्णिमा की सभी श्रद्धालुओं एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई! महाकुंभ-2025, प्रयागराज में आज पवित्र त्रिवेणी में पुण्य स्नान हेतु पधारे सभी पूज्य साधु-संतों, धर्माचार्यों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन! भगवान श्री हरि की कृपा से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य का वास हो। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती सभी के मनोरथ पूर्ण करें, यही कामना है।

(संबंधित खबर पेज-16 पर)

## याचिका

### चुनाव के समय मुफ्त की योजनाओं से सुप्रीम कोर्ट नाराज

# लोग काम करने को तैयार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

- क्या हम परजीवी वर्ग तैयार नहीं कर रहे
- सुप्रीम कोर्ट ने छह हफ्ते के लिए टाली सुनवाई
- पहले भी सुप्रीम कोर्ट लगा चुकी है फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान चुनाव में राजनीतिक पार्टियों के मुफ्त के वादे करने पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि लोगों को अगर राशन और पैसे मुफ्त मिलते रहेंगे तो इससे लोगों की काम करने की इच्छा नहीं होगी।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की। याचिका में बेघर लोगों को शहरी इलाकों में आश्रय स्थल मुहैया कराने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि मुफ्त वाली योजनाओं के चलते लोग काम नहीं करना चाहते। उन्हें मुफ्त राशन मिल रहा है और उन्हें बिना कोई काम किए पैसे मिल रहे हैं। याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने पीठ को बताया कि सरकार ने शहरी इलाकों में आश्रय स्थल की योजना को बीते कुछ वर्षों से फंड देना बंद कर दिया है। इसके चलते इन सर्दियों में 750 से ज्यादा बेघर लोग ठंड से मर गए। याचिकाकर्ता ने कहा कि गरीब लोग सरकार की प्राथमिकता में ही नहीं हैं और सिर्फ अमीरों की चिंता की जा रही है। इस टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई और कहा कि अदालत में राजनीतिक बयानबाजी की इजाजत नहीं दी जाएगी। जस्टिस गवई ने कहा कि कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन क्या बेघर लोगों को समाज की मुख्यधारा में शामिल नहीं किया जाना चाहिए, ताकि वे भी देश के विकास में योगदान दे सकें। क्या हम इस तरह से परजीवियों का एक वर्ग तैयार नहीं कर रहे हैं? मुफ्त की योजनाओं के चलते, लोग काम नहीं करना चाहते। उन्हें बिना कोई काम किए मुफ्त राशन मिल रहा है। केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमाणी ने पीठ को बताया कि केंद्र सरकार शहरी इलाकों में गरीबी को मिटाने के लिए प्रक्रिया को अंतिम रूप दे रही है। जिसमें शहरी इलाकों में बेघर लोगों को आश्रय देने का भी प्रावधान होगा।



### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सुनवाई की तारीख तय

मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के संबंध में लाए गए कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की तारीख तय कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बताया कि वे इस मामले पर 19 फरवरी को सुनवाई करेंगे। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता एनजीओ की तरफ से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण को यह जानकारी दी। वकील प्रशांत भूषण ने अपील की कि याचिका पर जल्द सुनवाई होनी चाहिए क्योंकि जल्द ही नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति होनी है। कानून को चुनौती देने वाली याचिका एनजीओ एडीआर ने लगाई है।

# वक्फ कानून से सबको मिलेगा लाभ

## संसद में आज पेश की जाएगी संयुक्त समिति की रिपोर्ट




**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच करने वाली संसद की संयुक्त समिति की रिपोर्ट 13 फरवरी को संसद में पेश की जाएगी। इसे 1 फरवरी को लोकसभा में पेश किया गया था। समिति ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को रिपोर्ट सौंपी थी। पिछले हफ्ते बहुमत से अपनाई गई जेपीसी ने कहा कि उसकी रिपोर्ट में सत्तारूढ़ भाजपा के सदस्यों द्वारा सुझाए गए बदलाव शामिल हैं, जिससे विपक्ष ने इस अभ्यास को वक्फ बोर्डों को नष्ट करने का प्रयास करार दिया। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति ने 15-11 बहुमत से मसौदा कानून पर रिपोर्ट को अपनाया।

विपक्षी सदस्यों ने रिपोर्ट पर असहमति नोट प्रस्तुत किए। भाजपा सदस्यों ने जोर देकर कहा कि पिछले साल अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में आधुनिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही लाने का प्रयास करता है। वहीं विपक्ष ने इसे मुस्लिम समुदाय के संवैधानिक अधिकारों पर हमला और वक्फ बोर्ड के कामकाज में हस्तक्षेप बताया है। प्रस्तावित वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक ने भारतीय मुसलमानों के बीच आक्रोश और भविष्य के बारे में अनिश्चितता पैदा कर दी है, प्रमुख आवाजों ने कानून लागू होने पर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इनोसेंट नेटवर्क द्वारा मराठी पत्रकार संघ में आयोजित एक व्याख्यान श्रृंखला में वक्ताओं ने इस विधेयक को कानूनी सुधारों की आड़ में वक्फ संपत्तियों को जब्त करने का एक सुनियोजित प्रयास बताया। कार्यक्रम के दौरान, वकील नौशाद अहमद ने शाहिद आज़मी की हत्या के मुकदमे पर एक अपडेट प्रदान किया, जिसमें कहा गया कि मामला अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है, जिसमें 38 गवाहों की गवाही दर्ज की गई है।

# सपा के कार्यालय लोहिया भवन पर धूमधाम से मनाई गई संत रविदास की जयंती

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी के कार्यालय लोहिया भवन पर संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। समाजवादियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने की उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास न केवल आध्यात्मिक गुरु थे बल्कि समाज में समानता और प्रेम का संदेश देने वाले महान समाज सुधारक थे उन्होंने जात-पात का घोर खंडन किया और आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया। हमें संत रविदास जी के आदर्शों एवं शिक्षाओं पर चलकर समाजवाद की विचारधारा को मजबूत करना है। संत रविदास ने अपने जीवन के दौरान शिक्षा और ज्ञान पर अधिक जोर दिया उनका कहना था कि किसी जाति का व्यक्ति जन्म से छोटा या बड़ा नहीं होता है, लेकिन वह अपने कर्मों से छोटा और बड़ा होता है।गोष्ठी को पूर्व एमएलसी शशांक यादव, पूर्व मंत्री डा0 आरए उस्मानी, पूर्व विधायक विनय तिवारी, पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा, पूर्व विधायक रामसरन, पूर्व प्रत्याशी प्रीतेन्द्र सिंह कक्कू, पूर्व प्रत्याशी वरूण चौधरी, प्रदेश सचिव रेहान खांन, पूर्व जिलाध्यक्ष मो0 कयूम खा, अशोक वर्मा, जेडए उस्मानी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजवादी नेताओं में भूपेन्द्र सिंह वर्मा, अजय सिंह, उमेश गिरि, इशरार अहमद, अमित वर्मा, गुरूप्रीत सिंह, राघवेन्द्र गौतम, मो0 अफजाल, खुर्शीद अहमद, हेमन्त भार्गव, उमाशंकर यादव, अब्दुल मन्नान उस्मानी, मिर्जा शेखू, सुधीर यादव, रामकुमार यादव, दीपू तिवारी, कौशल गुप्ता, विजेन्द्र भारती, रविशंकर यादव, अनुराग त्रिवेदी, इमरान रजा सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक मां अपने बच्चे को बचाने के लिए तेंदुए से भिड़ी

**लखीमपुर-खीरी।** मां अपने बच्चे के लिए किसी से भी लड़ सकती है और किसी भी मुसीबत का सामना कर सकती है ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां एक मां अपने बच्चे को बचाने के लिए तेंदुए से भिड़ गई। घटना शारदा नगर के जंगल नंबर 10 के मजरा चिखुरीपुरवा गांव की है शाम तेंदुए ने आठ वर्षीय बालक पर हमला कर दिया। यह देख बालक की मां शेरनी की तरह तेंदुए पर टूट पड़ी। करीब दो मिनट तक संघर्ष करती रही और अपने बच्चे को तेंदुए से छुड़ा लिया। हमले में बच्चा घायल हो गया मजरा चिखुरीपुरवा निवासी अशोक की पत्नी ऊषा देवी अपने आठ वर्षीय पुत्र अमन के साथ गांव किनारे खेत गई थी। मवेशियों के लिए अगौला (गन्ने की पत्ती) लेकर दोनों घर आ रहे थे। गांव से चंद मीटर दूर अचानक खेत से निकले तेंदुए ने बालक को दबोच लिया। यह देख मां ने शोर मचाया और बच्चे की जान बचाने के लिए वह तेंदुए से भिड़ गई। इसके बाद तेंदुआ बच्चे को छोड़कर खेत में छिप गया। तेंदुए के हमले में बच्चा घायल हो गया। बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तेंदुए की चहलकदमी से लोगों में दहशतमहेवागंज के वन रेंज शारदानगर में राजकीय कृषि प्रक्षेत्र मंझरा और इसके आसपास के इलाके में तेंदुए की चहलकदमी से लोगों को छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। सोमवार शाम को भी डेयरी अनुभाग के गेट के पास तेंदुआ देखा गया। शोर मचाने पर तेंदुआ छलांग लगाकर भाग गया सप्ताहभर पहले वन विभाग ने पिंजरा लगाकर एक तेंदुए को पकड़ने में सफलता हासिल की थी। इससे कुछ माह पहले शारदा नगर और कृषि प्रक्षेत्र में दो तेंदुएपिंजरे में कैद हो चुके हैं। पकड़े गए तेंदुओं को दुधवा जंगल में स्वच्छंद छोड़ा गया था। पिछले डेढ़ साल से वन विभाग मझरा और इंदिरा मनोरंजन वन के आसपास केवल एक ही तेंदुआ होने की बात कहता रहा है, जबकि अब तक तीन तेंदुए पकड़े जा चुके हैं।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना निघासन पुलिस बल द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 35/25 धारा 324(4) भारतीय न्याय संहिता व 2/3 सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के वांछित अभियुक्त नबी हसन पुत्र बुद्धा निवासी ग्राम बिनौरा थाना पढुआ जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

## शारदा नहर के पुल पर ट्रक चालक का पड़ा मिला शव

**लखीमपुर खीरी।** थाना पसगवां क्षेत्र में शाहजहांपुर-लखनऊ मार्ग पर गांव उदयपुर के निकट शारदा नहर के पुल पर ट्रक चालक का शव पड़ा मिला। जनपद हरदोई के थाना पाली के ग्राम नगला भैंसी निवासी राजपाल (55) पुत्र बृजकरण ट्रक चालक था। वह अजबापुर चीनी मिल में गन्ना ढुलाई करता था। बुधवार को सुबह चार बजे राजपाल का शव थाना पसगवां के ग्राम उदयपुर में शारदा नहर के पुल पर पड़ा मिला गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों ने पुल पर शव पड़ा देखा। बताया गया कि राजपाल को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। चालक राजपाल का ट्रक यार्ड में खड़ा है। आशंका है कि चालक शौच के लिए जा रहा था, तभी दुर्घटना हुई है, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

## फ्लाइंग ऑफिसर सुधीर त्यागी को जयंती पर किया नमन

**सहारनपुर।** फ्लाइंग ऑफिसर अमर शहीद सुधीर त्यागी के जन्म दिन पर जनप्रतिनिधियों व विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने केक काटकर व उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। स्थानीय जनता रोड स्थित फ्लाइंग ऑफिसर सुधीर त्यागी चौक पर आयोजित कार्यक्रम में फ्लाइंग ऑफिसर सुधीर त्यागी के जन्म दिन पर केक काटकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में महापौर डॉक्टर अजय सिंह, सेवानिवृत्त न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह यादव, सेवानिवृत्त सीएमओ नरेश त्यागी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष जयवीर राणा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा व वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील गुप्ता ने अमर शहीद फ्लाइंग ऑफिसर सुधीर त्यागी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1971 में भारत-पाक युद्ध के दौरान सुधीर त्यागी ने युद्ध में हवाई आक्रमण के लिए अपने और अधिकारी के साथ सरसावा हवाई अड्डे से उड़ान भरी और अपने अधिकारी के प्लेन को बचाते हुए अपने प्राणों की भी आहुति दे दी।

# मंडलायुक्त ने किया जरुरतमंद, निःसहाय एवं ग़रीबों को निःशुल्क भोजन का वितरण

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त अटल कुमार राय ने कहा कि अन्नदान महादान का वर्णन सभी वेद पुराणों में किया गया है। अन्नदान का पुण्य कार्य प्रभु जी की रसोई द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभु जी की रसोई का सेवाकार्य अद्वितीय है।

मण्डलायुक्त अटल कुमार राय ने उक्त विचार आज यहां लोक कल्याण समिति एवं नगर निगम के तत्वावधान में संचालित प्रभु जी की रसोई में गरीबों को भोजन वितरित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि सभी धर्मो में अन्नदान को महादान माना है, अन्नदान से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। प्रदेश में अपने आप में अनोखी इस रसोई के द्वारा जो निसहाय व जरूरत लोगों को निःशुल्क भोजन कराया जा रहा है, सराहनीय कार्य है जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार गंगा की धारा अविरल रूप में सभी का कल्याण करती है, उसी प्रकार प्रभु जी की रसोई अविरल रूप से मानव सेवा कर रही है, जो कि सेवा भाव का अनूठा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रभु जी की रसोई को वह नहीं स्वयं प्रभु जी की चला रहे हैं। उन्होंने समिति को आश्वसन दिया कि वह समय जब भी समय मिलेगा प्रभु जी की रसोई में आते रहेंगे। इस अवसर पर उन्होंने संत रविदास जयंती की शुभकामनाएं भी दी। इससे पूर्व श्री राय का समिति सचिव शीतल टण्डन, कर्नल संजय मिडढा ने पटका पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंटकर जोरदार स्वागत किया और भव्य राममंदिर व एक पुस्तक भी भेंट की गयी। इस अवसर पर मेजर एस.के.सूरी, आर.के.वर्मा, गुलशन नागपाल, के.एल.दावडा, कृष्ण लाल मिड्ढा, अशोक मलिक, मुरली खन्ना, संजीव सचदेवा, संदीप मिडढा, आशीष सिंघल, दीपक कुमार, नीरज बंसल, नीलिमा बंसल, शोभा राठौर, प्रवीन मोंगा, भूपेन्द्र मोंगा आदि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत धौरहरा का केक काट कर मनाया गया स्थापना दिवस

*अवधनामा संवाददाता*





**लखीमपुर-खीरी।** नगर पंचायत धौरहरा जिला खीरी के स्थापना दिवस के अवसर पर नगर पंचायत सभागार में अध्यक्ष नफीस खां व अधिशासी अधिकारी गौरव सिंह द्वारा केक काट कर स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें निकाय के वार्ड सदस्य, कर्मचारी तथा निकाय के सफाई मित्र उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत धौरहरा में ओ.डी.एफ. प्लस बिंदुओं पर विस्तृत से जानकारी दी गई

कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा में अधिशासी अधिकारी की अध्यक्षता में आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024, जी0एफ0सी0 स्टार रेटिंग तथा ओ0डी0एफ0 प्लस के दृष्टिगत नगर पंचायत धौरहरा के कार्यालय कर्मचारी, सफाई सुपरवाइजर तथा सफाई मित्रों को उक्त बिंदुओं पर विस्तृत में जानकारी दी गई।

## हर्षोल्लास के साथ मनायी संत गुरु रविदास महाराज की जयंती

**सहारनपुर।** जागृति फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का 648 वां जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थानीय जेजे पुरम स्थित पार्क में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात सभी ने पुष्प वर्षा कर भजन कीर्तन किया। कार्यक्रम में रमेश भारती द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के जीवन के बारे में गुणगान किया। सभा की अध्यक्षता करते हुए रतिराम गौतम ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए उन्होंने कहा था कि मनचंगा तो कठौती में गंगा और वह एक ऐसे संत रहे, जिनको सभी मानते हैं और उनकी पूजा अर्चना करते हैं।

## एसएसपी ने किया गंगा स्नान स्थल का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** कछला गंगा घाट पर माघ पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए यहां पहुंचे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह द्वारा बुधवार को कछला घाट पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। थाना उझानी क्षेत्रांतर्गत कछला घाट पर पहुंच कर एसएसपी श्री सिंह द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बनाए गए कंट्रोल रुम,स्नान हेतु चिन्हित किए गए स्थानों एवं पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए वहाँ तैनात किए गए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी चैक कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु जनपद के थानों से प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को मय पुलिसबल के ड्यूटी पर लगाया गया है,साथ ही एक प्लाटून फ्लड पी0ए0सी0 को भी तैनात किया गया है। एसएसपी ने अधीनस्थों को निर्देशित किया कि असामाजिक तत्वों पर ड्रोन कैमरों एवं सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी की जाए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर/उझानी श्री शक्ति सिंह तथा अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने बड़े धूमधाम से मनाई संत रविदास जयंती



**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** कांग्रेसियों द्वारा संत रविदास जयंती को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। यहां प्राइवेट बस स्टैंड पर कांग्रेसी एकत्रित हुए थे। बुधवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओंमकार सिंह के नेतृत्व में प्राइवेट बस स्टैंड पर स्थित कैम्प कार्यालय में संत रविदास की जयंती मनाई गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि संत रविदास की जयंती प्रत्येक वर्ष माघ माह की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने अपना जीवन प्रभु की भक्ति और सत्संग में बिताया था,वे बेहद ही परोपकारी थे। उन्होंने कहा कि ऐसा कहा जाता है कि इन्हें मीरा बाई भी अपना गुरु मानती थीं,इनकी प्रतिभा से सिकंदर लोदी भी प्रभावित हुआ था। प्रदेश कांग्रेस सचिव जितेंद्र कश्यप ने कहा ने कहा कि संत रविदास जी की वाणी को अपने जीवन मे उतारने की जरूरत है। ऐसे महापुरुष को अपना आदर्श मान कर जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए। सेवादल यूथ बिग्रेड के प्रदेश उपाध्यक्ष शफी अहमद ने कहा कि रविदास जी का एक मुहावरा बहुत प्रसिद्ध है कि।। मन चंगा, तो कटौती में गंगा।। अर्थात कि अगर आपका मन साफ है तो ईश्वर आपके हृदय में निवास करते हैं ।आज उनकी जयंती उनके इस दोहे से हमें यही प्रेरणा भी लेनी चाहिए कि अगर हमारा मन साफ है तो ईश्वर हमारे हृदय में वास करते हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव इगलास हुसैन ने किया। इस मौके पर दिनेश गौड़, रामपाल शरीफ मियां, शराफत हुसैन, साजिद अली ,गणेश कुमार, प्रेमपाल, रामाधार सूरत सिंह ,मोहब्बे अली, श्याम सिंह, बख्तियार, पप्पू, मुज्तहिद आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## वाहन चोरी की घटनाओं को अन्जाम देने वाले गैंग के अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**आगरा।** थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा भिन्न-भिन्न जगाहों पर वाहन चोरी की घटनाओं को अन्जाम देने वाले गैंग के अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। विगत दिनों में सिकंदरा थाना क्षेत्रान्तर्गत में जगह जगह मोटरसाईकिल चोरी की घटनाएं सामने आई थी। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 11 फरवरी 2025 को थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर वाहन चोरी की घटना को अन्जाम देने वाले गैंग के अभियुक्त धौलपुर, राजस्थान निवासी गीतम सिंह को रूनकता से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के पास से 1 बाइक को बरामद किया गया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने अधिकारियों और सिविल सोसाइटी ऑफ़ आगरा के प्रतिनिधियों के साथ रेहावली बांध पर विमर्श किया

*अवधनामा संवाददाता*

आगरा। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.मंजू भदौरिया ने कहा है कि उटंगन नदी पर रेहावली बांध योजना अगर क्रियान्वयन हो सकी तो जल संचय संबधी शासन की नीति के अनुरूप एक महत्वपूर्ण कार्य होगा। साथ ही जनपद के जनपद के प्रमुख तीर्थ बटेश्वर में होने वाले आयोजनो के अवसर पर यमुना नदी में श्रद्धालुओं के लिये भरपूर ताजा पानी उपलब्ध हो सकेगा। भदौरिया जो कि जिला पंचायत मुख्यालय पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों और सिविल सोसाइटी ऑफ़ आगरा के सदस्यों के साथ उटंगन नदी के रेहावली बांध पर चर्चा कर रही थीं ने कहा कि जनपद के अधिकांश विकास खंडों में जलस्तर लगातार गिर रहा है। जल संचय की कोई भी एसी प्रभावी योजना नहीं है जिससे भूजल की गुणवत्ता और उपलब्धता में सुधार । डा.भदौरिया ने कहा कि



वह इस योजना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में ला चुकी है, अगर जरूरत हुई तो उपयुक्त अवसर पर पुनः उनके समक्ष उठायेंगी।

सिविल सोसायटी आफ आगरा के द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष से अनुरोध किया कि आधारभूत अध्ययन हो चुका है,अत्योजना क्रियान्वयन के लिये जिला सिंचाई बंधु अध्यक्ष के रूप में तृतीय सिंचाई वृत्त कार्य,लोअर खंड व अन्य सहयोगी विभागों में कॉर्डिनेशन के लिये मार्गदर्शन करें। इसके बावजूद भी अगर अगर उपयुक्त समझें तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पुनः मुलाकात करें।

उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष यह मुद्दा उठाया जा चुका है। उनका मानना है कि अगर इस पर कार्य हुआ तो जनपद के लोकल कैचमेंट एरिया और मानसून कालीन यमुना की, उटंगन नदी में पहुंचने वाली विपुल जलराशि को अक्टूबर के महीने के बाद भी जलाशय के जल क्षेत्र के विस्तार नियंत्रण के साथ संरक्षित किया जा सकेगा।जनपद के कई विकास खंडों के गावों में हैंडपंप पुन~ सुचारू हो सकेंगे, सबमर्सिबल पंपों से कृषि कार्यों के लिये सालार उपयुक्त गुणवत्ता वाला पानी मिल सकेगा। बांध योजना के स्थलीय नरीक्षण और जानकारी संग्रह करने का कार्य अलीगढ़ से आयी स्टडी टीम में एसडीओ- डिज़ाइन रजत सिंह एवं निकुंज जे ई शामिल थे।

सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा के साथ हुई इस चर्चा के दौरान सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियन्ता , सहायक अभियन्ता प्रथम, ताज बैराज निर्माण खण्ड, आगरा व लघु सिंचाई विभाग आदि के अभियंता मौजूद थे।

## संत रविदास की शिक्षाओं का अनुसरण करने की आवश्यकताः चौ. प्रवीन बांदूखेडी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रूद्रसैन के प्रतिनिधि चौ.प्रवीन बान्दूखेडी ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज द्वारा समाज को दिए गए एकरूपता के संदेश को हमें अपने जीवन में अंगीकार करना चाहिए ताकि मानव समाज का उत्थान हो सकें।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रूद्रसैन के प्रतिनिधि चौ.प्रवीन बान्दूखेड़ी आज यहां ग्राम बान्दूखेड़ी में संत रविदास महाराज की जयंती के उपलक्ष में आयोजित समारोह एवं शोभा यात्रा कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व चौधरी प्रवीन बान्दूखेडी ने शोभायात्रा का पूजा अर्चना कर फीता काट कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास महाराज के संदेश सर्व समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने सभी जाति धर्म के लोगों को एक सूत्र में बांध कर सदैव समाज मे व्याप्त बुराइयों से दूर रह कर मानव सेवा करने की शिक्षा दी। साथ-साथ ऊँच नीच के भेदभाव को समाप्त करने का भी संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि संत रविदास महाराज की शिक्षाएं हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है। आज समाज में जिस प्रकार से धर्म और जाति के नाम पर नफ़रत का जहर घोला जा रहा है, उसको खत्म करने के लिए हमें संत रविदास महाराज की शिक्षाओं का जीवन मे अनुसरण करना चाहिए, जिससे कि समाज में छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त किया जा सकें और मानव को मन से जोड़ने का काम किया जाए। उन्होंने कहा कि समाज में आज तक जितने भी संत महात्मा हुए हैं। उन्होंने सभी को सत्मार्ग पर चलने को प्रेरित किया है।

## राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सैंया का किया निरीक्षण, अध्यक्ष को अपने बीच पाकर खिले छात्राओं के चेहरे



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** अध्यक्ष राज्य महिला आयोग डॉ0 बबीता सिंह चौहान ने बुधवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सैंया का निरीक्षण किया तथा विद्यालय में पाकशाला,भोजन गुणवत्ता, सुरक्षा व्यवस्था, साफसफाई, पठन पाठन की व्यवस्थाएं देखी तथा संबंधित को उचित दिशा निर्देश दिए। अध्यक्ष द्वारा सर्वप्रथम आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की जानकारी तलब की। जिसमें बताया गया कि विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक कक्षाएं संचालित हैं, कक्षा-6 में 42,कक्षा-7 में 26 तथा कक्षा-8 में 22 कुल 90 छात्राएं नामांकित हैं। अध्यक्ष द्वारा उपस्थित तथा अनुपस्थित छात्राओं की जानकारी करने पर बताया गया कि 63 छात्राएं उपस्थिति हैं। बता दें कि डॉ0 बबीता सिंह चौहान ने कल सर्किट हाउस जनसुनवाई में मिली शिकायत तथा पूर्व वार्डन पर छात्राओं द्वारा अच्छा व्यवहार न करने के वीडियो का संज्ञान लेकर विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं तथा उनके अभिभावकों के साथ व्यक्तिगत बातचीत कर जानकारी ली। अध्यक्ष द्वारा संपूर्ण प्रकरण की जानकारी लेने के पश्चात विद्यालय की वार्डन, पूर्व वार्डन तथा अध्यापिकाओं के पक्ष की सुनवाई कर जवाब तलब किया। आपसी गुटबाजी, अनुशासनहीनता पर सभी को कड़ी फटकार लगाई तथा अंतिम मौका देते हुए विद्यालय में भविष्य में ऐसे प्रकरण न हों सुनिश्चित करने पुनः शिकायत प्राप्त होने पर सभी का अन्य स्थान पर तबादला करने या संविदा समाप्त करने की कठोर कार्यवाही करने हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। वही अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों के अच्छे भविष्य तथा शिक्षा हेतु प्रयास कर रही है विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा भी उच्च गुणवत्तापूर्ण पठन पाठन पर ध्यान देना चाहिए। डॉ0 बबीता सिंह चौहान ने आवासीय विद्यालय की सभी छात्राओं से मुलाकात व बातचीत कर उन्हें मनोयोग से शिक्षा ग्रहण करने, आगे बढ़ने तथा अपने अभिभावकों के साथ अपने जनपद तथा प्रदेश का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया तथा विद्यालय में किसी भी समस्या हेतु उनसे व्यक्तिगत संपर्क करने की बात कही।

## भाई-भाभी, 4 बच्चों के हत्या में गंभीर सिंह रिहा, जेल से बाहर आते ही बोला- मैं निर्दोष था

आगरा। अछनेरा के गांव तुरकिया में दंपती और उनके चारों बच्चों की सामूहिक हत्या में साक्ष्य के अभाव सुप्रीम कोर्ट से बरी हुए गंभीर सिंह की बुधवार सुबह सेंट्रल जेल से रिहाई हो गई। गंभीर सिंह ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि वह नए सिरे से अपना जीवन शुरू करेगा। वह कहां जाएगा उसे खुद नहीं मालूम। गंभीर ने जेल से बाहर आने के बाद अपनी जान का खतरा बताते हुए सुरक्षा मांगी है।

गौरतलब है कि गांव तुरकिया में नौ मई 2012 को सत्य प्रकाश उनकी पत्नी पुष्पा और चार बच्चों की सामूहिक की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने हत्याकांड में सत्यप्रकाश के भाई गंभीर सिंह को जेल भेजा था। स्थानीय अदालत ने उसे मृत्यु की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने सजा को बरकरार रखा था। पुलिस द्वारा विवेचना में लापरवाही और ठोस साक्ष्य पेश नहीं कर पाने पर सर्वोच्च न्यायालय ने 27 जनवरी को उसे बरी कर दिया था।

कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष सिंह के अपराध को साबित करने में विफल रहा, क्योंकि मकसद, आखिरी बार देखे गए सबूत और बरामदगी जैसे प्रमुख कारक साबित नहीं हुए।

कोर्ट ने कहा कि हमें आगे लगता है कि ट्रायल का संचालन करने वाले सरकारी अभियोजक और ट्रायल कोर्ट के पीठासीन अधिकारी ने भी ट्रायल का संचालन करते समय पूरी तरह से लापरवाही बरती। रिहा होने पर गंभीर को जेल पर लेने कोई सगा संबंधी और रिश्तेदार नहीं आया था। गंभीर सिंह खंदौली में रहने वाले अपने जीजा को कॉल किया, लेकिन उन्होंने आने से मना कर दिया। गंभीर सिंह का कहना है कि पुलिस ने उसे निर्दोष फंसाया था। उसे ईश्वर पर भरोसा था कि उनके साथ अन्याय नहीं होने देगा।

सेंट्रल जेल के जेलर दीपांकर भारती ने बताया कि मंगलवार देर रात बंदी गंभीर की रिहाई का आदेश आया था। बुधवार सुबह उसे रिहा कर दिया गया।

## निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में संवैधानिक अधिकार यात्रा पहुँची आगरा

*अवधनामा संवाददाता*



**आगरा।** बुधवार को निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के तत्वावधान में निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार यात्रा आज 75वें दिन जनपद आगरा में पहुँचने पर भव्य स्वागत किया गया। निषाद पार्टी- राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) उ0प्र0 सरकार डॉ संजय कुमार निषाद के नेतृत्व में मछुआ समाज के एससी आरक्षण को लेकर संवैधानिक अधिकार यात्रा निकाली जा रही है। डॉ संजय कुमार निषाद ने यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि संवैधानिक अधिकार यात्रा आज 75वें दिन जनपद आगरा पहुँची हैं और मछुआ समाज के युवाओं का जोश देखकर पता चल रहा है मछुआ समाज आरक्षण के मुद्दे पर निषाद पार्टी और डॉ संजय निषाद के साथ खड़ा है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे तो लग रहा है कि प्रदेश के सभी जनपदों के युवाओं की आपस में होड़ लगी हुई कि हम एक दूसरे से ज़्यादा समर्थन देकर निषाद पार्टी और डॉ संजय को मछुआ एससी आरक्षण के मुद्दे पाए मज़बूत करेंगे। आज जनपद आगरा के युवाओं का जोश मछुआ आरक्षण के मुद्दे पर निषाद पार्टी को और बल देगा। उन्होंने कहा कि मछुआ समाज के विभीषण निषाद पार्टी की संवैधानिक अधिकार यात्रा का विरोध पूरे तन-मन-धन से कर रहे हैं, क्योंकि विभीषण ये पचा नहीं पा रहे हैं कि आख़िर कैसे मछुआ समाज आरक्षण के मुद्दे पर निषाद पार्टी के साथ लामबंद हो रहा है। मछुआ समाज के विभीषण अब नये नये तरीक़े से विरोध कर रहे हैं। कल सोशल मीडिया पर प्रिंट मीडिया द्वारा संवैधानिक अधिकार यात्रा को मिल रहे जनसमर्थन पर निकली खबरों का हवाला देकर लिख रहे थे कि ÷क्या जनपद में आरक्षण मिलेगा?÷ उन्होंने कहा कि विभीषणों के पेट में दर्द हो रहा है कैसे आज प्रदेश का मछुआ समाज निषाद पार्टी के बैनर तले लामबंद हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो कभी कुछ कर नहीं पाये वो मुफ़्त की सलाह देकर समाज का समय ख़राब करने की कोशिश कर रहे हैं। अगर ज़रूरत पड़ी तो जीवन की अंतिम सांस तक जनपद के दौरे कर करके निषाद समाज के आरक्षण के मुद्दे पर समाज को जागरूक करने का काम करेंगे।

# सीएम योगी आज देंगे 102.71 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात

अवधनामा संवाददाता



- शहर के पहले कल्याण मंडपम का मुख्यमंत्री करेंगे लोकार्पण
- 76.40 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास व 26.31 करोड़ रुपये के कार्यों का होगा लोकार्पण

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार (13 फरवरी) को गोरखपुर को 102.71 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। वह खोराबार में बने शहर के पहले कल्याण मंडपम का लोकार्पण करेंगे। नगर निगम की तरफ से खोराबार में प्रस्तावित मेडिसिटी प्रोजेक्ट स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री 76.40 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास व 26.31 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

लोकार्पण की परियोजनाओं में 4.71 करोड़ रुपये की लागत से बने कल्याण मंडपम के अलावा 4.55 करोड़ रुपये की लागत से बने गैस आधारित पशु शवदाह गृह, महादेवपुरम से रामगढ़ताल में फेज 2 (पम्पिंग स्टेशन) तक 2.46 करोड़ रुपये से नाला निर्माण कार्य, एकला बांध से पशु शवदाह गृह (कारकस प्लांट) तक 0.68 करोड़ रुपये से सड़क निर्माण, महेवा स्थित कान्हा गोशाला में 0.97 करोड़ रुपये से शेड निर्माण के कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर सीएम के हाथों 12.94 करोड़ रुपये की लागत से महानगर के विभिन्न वार्डों, चिल्लूपार, बांसगांव व सहजनवा नगर पंचायत में सड़क, नाली और नाला निर्माण के कार्यों का भी लोकार्पण होगा।

शिलान्यास के कार्यों में वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट, घंटाघर का सौंदर्यीकरण, पांच वार्डों में वार्ड ऑफिस, नगर निगम के 80 वार्डों और विभिन्न नगर पंचायतों में सड़क व नाली के निर्माण कार्य सम्मिलित हैं। आर्थिक रूप से कमजोर और मध्य आय वर्ग के लोगों की सुविधा के लिए कल्याण मंडपम का निर्माण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शिता की देन है। उन्होंने 23 जुलाई 2023 को गरीबों के मांगलिक कार्यक्रमों व अन्य आयोजनों के लिए कल्याण मंडपम बनाने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप नगर निगम कई स्थानों पर कल्याण मंडपम बना रहा है। इसी क्रम में पहला कल्याण मंडपम खोराबार में बनकर तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत नगर निगम के नवसृजित वार्ड खोराबार में 4.71 करोड़ रुपये की लागत से कल्याण मंडपम का निर्माण कराया गया है। लगभग 11500 वर्ग फीट भूमि पर बने कल्याण मंडपम, जिसमें आयोजनों हेतु बड़ा हॉल, किचेन, पार्किंग की सुविधा तथा एक एसी मीटिंग हॉल, एक नान एसी मीटिंग हॉल, 7 एसी सूट्स रूम, 3 नान एसी रूम के साथ-साथ स्नानागार, शौचालय इत्यादि की व्यवस्था की गई है। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने बताया कि उक्त कल्याण मंडपम के निर्माण से शहरी आबादी के मध्यम वर्ग एवं निम्न वर्ग के लोगों को किसी भी प्रकार के अनुष्ठानिक एवं मांगलिक कार्यक्रम कराये जाने हेतु सस्ता एवं किफायती दरों पर उच्च कोटी की सुविधा प्राप्त होगी तथा इसमें एक साथ दो अनुष्ठानिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नगर में 3 अन्य कल्याण मंडपम निर्माणाधीन है।

## डा. जेडए डेंटल कॉलेज में 13 फरवरी को निशुल्क मुख कैंसर जांच शिविर का आयोजन

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के डॉ. जियाउद्दीन अहमद डेंटल कॉलेज के ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग (मौखिक एवं चेहरे के विकार के पुनर्निर्माण से सम्बंधित विभाग) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन दिवस के उपलक्ष्य में 13 फरवरी, 2025 को निशुल्क ओरल कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर डेंटल कॉलेज के ओपीडी 5 में प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जायेगा। विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सज्जाद अब्दुर रहमान ने बताया है कि इस शिविर में सामान्य लोगों के अलावा विश्वविद्यालय के शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मी तथा छात्र भी अपना परीक्षण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि ओरल कैंसर केम्प स्क्रीनिंग में मुंह की जांच करके कैंसर के लक्षणों का पता लगाया जा सकता है। ताकि रोग को गंभीर अवस्था में पहुंचने से रोका जा सके। उन्होंने कहा है कि इस संबंध में अधिक जानकारी 8791706254 या 9791112934 से प्राप्त की जा सकती है। शिविर के समन्वयक डा ताबिश रहमान, स्थानीय समन्वयक डा मोहम्मद कलीम अंसारी, कनवीनर डा मोहम्मद दानिश और डा आफिया अम्बरीन हैं।

## सपा जिला कार्यालय पर रविदास जयंती मनाई गई




**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती मनाई गई जिसमें प्रमुख रूप से कार्यक्रम के प्रभारी बाबा साहेब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अशोक अंबेडकर, लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव बंटी यादव,लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष अनुराग यादव,विधानसभा अध्यक्ष सदर चंद्रेश राजपूत,रमेश चंद कठेरिया, विमल प्रताप चौहान, राजपाल यादव, अजय यादव, बलराम यादव,शिव शंकर शर्मा,मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष आशीष शर्मा, आकाश यादव,विनय यादव, नागेंद्र यादव, अंशुल यादव, अभय यादव, नंदकिशोर वंदे मातरम आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## शिक्षक नेता राजकिशोर शुक्ल के पुत्र ध्रुव शुक्ला आर्म रैसलिंग एसोसिएशन के जिला सचिव बने



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के जनरल सेक्रेट्री डॉ.वी.के.सिंह ने फर्रुखाबाद जनपद में ध्रुव शुक्ला को तीन वर्ष के लिए जिला सचिव पद पर नियुक्त करते हुए जिला कार्यसमिति का गठन करने का निर्देश दिया।मेला राम नगरिया में स्वदेशी खेल/भारतीय विधाओं का आयोजन 5 फरवरी को हुआ था जिसमें पब्लिक पंजा कुश्ती प्रतियोगिता के सफलता पूर्वक आयोजित कराने में ध्रुव शुक्ला ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ध्रुव शुक्ला की सक्रियता से प्रभावित होकर उत्तर प्रदेश नान ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव ए.के.सक्सेना की संस्तुति पर जनरल सेक्रेट्री वी.के.सिंह ने उन्हें फर्रुखाबाद का जिला सचिव नियुक्त किया। बताते चलें कि ध्रुव शुक्ला उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ फर्रुखाबाद के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल के पुत्र हैं और सीपीवीएन कायमगंज में इंटर के छात्र हैं।

# सात दिवसीय भागवत कथा के लिए निकाली गई कलश यात्रा

अवधनामा संवाददाता



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खंड कप्तानगंज के पकड़ी चौराहा पर आयोजित हो रहे सार्वजनिक सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा समूचा क्षेत्र गुजमान हो उठा।

पकड़ी चौराहे पर स्थित शुभ विवाह वाटिका मैरेज हाल से शिव मंदिर, सोहरौना, लखिमा, तवक्कलपुर होते होलिया गांव के श्रीराम जानकी मंदिर स्थित सरोवर पर पहुंची। जहां 501 कन्याओं द्वारा पुरोहितों के मंत्रोचार के बीच कलश में जल भरा गया। तत्पश्चात कलश यात्रा पुनः श्रीमद्भागवत कथा स्थल पकड़ी कथा स्थल पर पहुंची जहां कलश को कथा मण्डप में स्थापित किया गया। प्रधान प्रतिनिधि आनन्द सिंह ने बताया कि यह कथा 12 फरवरी से 19 फरवरी तक दिन में अयोध्या धाम से पधारे पंडित राधेश्याम शास्त्री के मुखारविंद द्वारा श्रोताओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जायेगा।उन्नीस फरवरी को कथा का समापन तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान कैलाश चन्द, ओम प्रकाश, सिंह, आशुतोष, सिंह, शिब्बन लाल, बृजेश सैनी, अमर, सिंह, रामनरेश, राजू मद्धेशिया, अक्षैबर गुप्ता, रमाशंकर एवं श्रद्धालुओं सहित सैंकड़ो माताएं बहनें कलश यात्रा में शामिल रही है।

## मारपीट के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अवधनामा संवाददाता




**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के उज्जिखोर निवासी कमलावती देवी पत्नी लालचंद को सोमवार को अपराह्न 4 बजे के करीब मनबढ़ो ने बिना वजह लड़के राहुल को गाली गलौज करने लगे थे। जिसका लड़के ने विरोध किया तो आरोपी उसे मारने पीटने लगे। जब पीड़िता और इसकी बेटी अनुराधा को विवाद की जानकारी हुई तो मौके पर पहुंची तो मनबढ़ एन लोगो को भी मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़िता के तहरीर पर पुलिस ने आरोपी उर्मिला देवी,रिंकी खुशबू, अभिषेक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## बिना फिटनेस संचालित 11 वाहन व ट्रैक्टर ट्राली सहित ओवरलोड ट्रक भी किया सीज



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी फर्रुखाबाद आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार एआरटीओ प्रवर्तन फर्रुखाबाद सुभाष राजपूत द्वारा नगर तथा कायमगंज रोड पर बिना फिटनेस संचालित वाहनों की सघन चेकिंग की गई। चैकिंग में 11 वाहन बिना फिटनेस संचालित पाए जाने पर इन्हें सीज कर दिया गया, इन वाहनों में 01 ऑटो रिक्शा, 9 हल्के भार वाहन तथा 01 जेसीबी शामिल है। कायमगंज मार्ग पर रेलवे स्टेशन की रेक से शमशाबाद 300 बोरी यूरिया ले जाते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा गया तथा उसका चालान कर रुपए 81000 का जुर्माना लगाया गया। ट्रैक्टर ट्रॉली पर राज्य कर विभाग का ई वे बिल भी पाया गया। कायमगंज मार्ग पर ही एक ओवरलोड ट्रक को पकड़कर सीज किया गया तथा उस पर 43000 का जुर्माना लगाया गया। एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा सभी वाहनों पर रुपए दो लाख 31 हजार का जुर्माना लगाया गया है। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## तहसील गेट के सामने खड़ी बाइक चोरी केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के महराबारी निवासी विकास यादव पुत्र जगदीश यादव सोमवार को एक परिचित से बाइक मांग कर सहजनवा तहसील पर किसी कार्य से आया था। और तहसील गेट के सामने गली में बाइक खड़ा कर कार्य कराने के लिए तहसील में चला गया। जब कार्य निपटाकर वापस लौटा तो बाइक गायब थी। खोजबीन के बाद पता नहीं चला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## अलीगढ़ नगर निगम में पीआरओ के नाम पर हो रहा सरकारी धन का दुरुपयोग

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** नगर निगम ने गैरजरूरी तरीके से अपने खर्चे बढ़ा लिये हैं। इनमें से एक मामला जनसम्पर्क अधिकारी (पीआरओ) को नियुक्त किये जाने का है। इस पद के लिये न तो कोई शासनादेश है, और न ही शासन ने यह पद सृजित किया है। फिर भी नगर निगम ने कुर्सी पर अहसान रब नाम के कर्मचारी को तैनात कर दिया है। इस कर्मचारी को तीस हजार रुपये प्रतिमाह का वेतन पिछले-7-8 साल से निगम के खाते से जारी किया जा रहा है। अहसान रब ने एक सवाल के जवाब में बताया कि वह 17 साल से निगम में कर्मचारी हैं। बाद में उन्हें पीआरओ बना दिया है। आउटसोर्स (निजी कम्पनी) के माध्यम से अहसान रब की नियुक्ति कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर की गयी थी। एक आरटीआई के जवाब में बताया गया है कि अहसान रब से पीआरओ की अस्थाई रूप से सेवायें ली रहीं हैं। जबकि वह सालों से इसी पद पर बना हुआ है। जनसम्पर्क अधिकारी (पीआरओ) का कार्य जनता और विभाग के की बीच पुल की भूमिका अदा करना होता है। जबकि अहसान रब से विभागीय करवाया जा रहा है। सेवाभवन के एक कमरे पर कार्यालय जनसंपर्क अधिकारी/मीडिया प्रभारी लिखा हुआ है । यह कमरा अहसान रब को आवंटित है। इस बिंदु पर झूठी जानकारी दी गयी है। जो प्रभारी अधिकारी मीडिया अशोक सिंह ने दी है। अशोक सिंह मुख्य कर निर्धारण आधिकारी थे जिनका स्थानान्तरण हो गया है। अब सवाल उठता है कि एक जैसे कार्य के लिये दो पदों पर दो व्यक्तियों को नियुक्त करके सरकार को धोखा दिया जा रहा है। इसी तरह से नगर निगम के कंट्रोल रूम में हाल ही में की गई भर्तीयों के कारण सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है।

# सैमसंग ने लॉन्च किया गैलेक्सी एफ-06 5जी

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज देश में अपना सबसे किफायती 5त्र स्मार्टफोन गैलेक्सी एफ-06 5जी लॉन्च करने की घोषणा की। यह स्मार्टफोनउच्च प्रदर्शन और शानदार स्टाइल के बेहतरीन संयोजन के साथ 5जी सेगमेंट में नई क्रांति लाने के लिए तैयार है। यह किफायती दाम में बेहतरीन 5जी अनुभव प्रदान करेगा, जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक 5जी तकनीक पहुंचेगी और पूरे देश में इसका विस्तार तेजी से होगा। गैलेक्सी एफ 06 5जी सभी टेलीकॉम ऑपरेटरों के 12 5जी बैंड को सपोर्ट करता है।

सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के जनरल मैनेजर अक्षय एस. राव ने कहा, हमें अपने सबसे किफायती 5जी स्मार्टफोन की घोषणा करते हुए बेहद गर्व हो रहा है। यह अगली पीढ़ी की कनेक्टिविटी को सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। गैलेक्सी एफ 06 5जी का लॉन्च हमारी इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि हम डिजिटल खाई को पाटने और लाखों उपभोक्ताओं को संपूर्ण 5जी अनुभव, दमदार परफॉर्मेंस और नए स्टाइलिश डिज़ाइन के साथ सशक्त बनाना चाहते हैं। यह स्मार्टफोन सिर्फ एक डिवाइस नहीं, बल्कि हर भारतीय के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलने जैसा है। इसकी शुरुआती कीमत 9499 रूपए रखी गई है। गैलेक्सी एफ-06 5जी को बेहतरीन कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। यह सभी टेलीकॉम ऑपरेटरों के 12 5जी बैंड को सपोर्ट करता है और कैरीयर एग्रीगेशन की मदद से तेज डाउनलोड और अपलोड स्पीड देता है। यह स्मार्टफोन बेहतरीन लाइव स्ट्रीमिंग और वीडियो कॉलिंग अनुभव भी सुनिश्चित करता है।

## भव्य कलश यात्रा में भक्तों का उमड़ा सैलाब

**उरई (जालौन)।** नगर में प्रतिवर्ष चुनरी व कलश यात्रा निकाली जाती है। सातवीं बार मां नव दुर्गा नगर सेवा समिति द्वारा निकली गई 151 मीटर लंबी चुनरी व 351 भव्य कलश यात्रा में भक्तों का सैलाब उमड़ा। जो नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए कामांक्षा देवी मंदिर पहाड़पुरा पहुंची। भंडारे के साथ यात्रा का समापन हुआ। साथ ही जगह जगह यात्रा का स्वागत किया गया। नगर से पिछले सात वर्षो से लगातार चुनरी व कलश यात्रा निकाली जा रही है। गुप्त नवरात्र के समापन पर नगर में 151 मीटर लंबी चुनरी व 351 कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन को लेकर लोगों में जमकर उत्साह दिखा। बड़ी माता मंदिर से शुरू हुई चुनरी व कलश यात्रा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में महिला पुरूष भक्त पहुंचे। डीजे पर बज रहे देवी गीतों की ध्वनि पर भक्त थिरकते हुए और जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। बड़ी माता, छोटी माता, काली माता मंदिर से देवनगर चौराहे होकर यात्रा कामांक्षा माता मंदिर पहाड़पुरा के लिए चली गई।

# माघ पूर्णिमा पर पंचनद धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** माघ पूर्णिमा के अवसर पर पंचनद धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगा महाकुंभ के अमृत स्नान की अनुभूति करके साधु संतों के दर्शन एवं देवालय में पूजा अर्चना की। जनपद जालौन, इटावा , औरैया के मुख्य तीर्थ पंचनद संगम में माघ पूर्णिमा के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। वर्तमान में प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर महाकुंभ में करोड़ों लोगों के एक साथ एकत्रित होने से पूरा कुंभ क्षेत्र मानव महासागर के रूप में देखा जा रहा है।

लोगों को 20 से 30 किलोमीटर तक पैदल चलकर संगम के अमृत स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हो पा रहा है। भीड़ अधिक होने के कारण संगम नोज तक पहुंच पाना मुश्किल हो रहा है परिणाम स्वरूप प्रयाग संगम तीर्थ क्षेत्र में गंगा जमुना जी के तटों पर बने सैकड़ो घाटों में स्नान करके लोग संतोष कर रहे हैं । जब गंगा जमुना में ही स्नान करना है तो अपने नगर, गांव के आसपास कल-कल कर बहती गंगा यमुना में स्नान करना लोग प्रयाग के संगम स्नान करने की तुलना में थोड़ा कम पुण्य मान अपने नजदीक पवित्र नदियों में स्नान कर रहे हैं। श्रद्धालुजन प्रयागराज जाने वाली कठिनाइयों से बचने का प्रयास कर रहे हैं । आज माघ पूर्णिमा के अवसर पर बुंदेलखंड के जालौन जिला सहित इटावा औरैया जनपद की सीमा में विद्यमान पंचनद संगम जहां यमुना ,चंबल, सिंध, कुंवारी ,पहूज पांच पवित्र नदियों का संगम स्थल है जिसका वर्णन अनेक पुराणों में भी आया है , इसी संगम पर जालौन, इटावा ,औरैया जिला की सीमा में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई । जनपद जालौन की सीमा में रामपुरा थाना अंतर्गत पंचनद संगम घाट पर सुबह से स्नान करने वालों की भीड़ जुटना प्रारंभ हुई।

# शबे ए बारात आज, रोशनी से जगमगाएंगे कब्रिस्तान व दरगाह

अवधनामा संवाददाता

- मुस्लिम समुदाय अपने पूर्वजों की कब्रों पर पढ़ेगा फातिहा

**गोरखपुर।** शबे ए बारात का पर्व आज 13 फरवरी को बड़े अदबो एतराम के साथ मनाया जाएगा। सभी मस्जिदों दरगाहों कब्रिस्तानों की साफ सफाई रोशनी का काम सभी कमेटी की जानिब से लगभग पूरा हो चुका है सभी दरगाहों कब्रिस्तानों पर बाद नमाज मगरिब से फातेहा पढ़ने का काम शुरू हो जाएगा जो सुबह फजर तक चलता रहेगा। उक्त जानकारी देते हुए इमामबाड़ा मुतवल्लियान कमेटी के जिला अध्यक्ष सैयद इरशाद अहमद व महासचिव हाजी सोहराब खान ने जारी संयुक्त प्रेस बयान में दिया उन्होंने कहा शबे ए बरात के मौके पर भारी तादाद में मुसलमान सभी जगह पर फातेहा पढ़ने अपने पूर्वजों के मजार पर जाते हैं। इस अवसर पर नगर निगम प्रशासन से यह मांग है कि सभी मस्जिदों दरगाहों कब्रिस्तानों के आसपास समुचित सफाई चूने का छिड़काव पथ प्रकाश की व्यवस्था किया जाए साथ ही साथ जिला प्रशासन से यह भी मांग किया है कि सभी भीड़-भाड़ वाले स्थान पर पुलिस की समुचित व्यवस्था सुरक्षा के मुद्दे नज़र किया जाए तथा विद्युत की 24 घंटा आपूर्ति किया जाए तथा शहर को विद्युत कटौती से मुक्त रखा जाए तथा पानी की आपूर्ति भी 24 घंटे किया जाए कमेटी जिला प्रशासन का सहयोग हमेशा करती है और आगे भी करती रहेगी। आवाम से भी अपील है कि शांतिपूर्वक शबे ए बारात मना कर जिला प्रशासन का सहयोग करें।

## मुख्य अभियंता ने बिजलीघर का औचक निरीक्षण किया

**उरई (जालौन)।** गर्मी के मौसम में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए बिजली विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मुख्य अभियंता झांसी महेंद्र सिंह ने बिजलीघर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी और संतोष व्यक्त किया। बिजली विभाग द्वारा अनुरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गर्मी से पूर्व बिजलीघर की व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त कराया जा रहा है। अभियान के तहत मुख्य अभियंता झांसी महेंद्र सिंह ने उरई मार्ग स्थिति 33/11 केवी बिजलीघर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिजलीघर की साफ सफाई को देखा। साफ सफाई के साथ ही ट्रांसफार्मर से निकली केबिल, ट्रांसफार्मरों का रखरखाव, उसके ऑयल का तापमान, तापमान बनाए रखने के लिए कूलर आदि की व्यवस्था को परखा। बिजलीघर में ट्रांसफार्मर के लगे फ्यूज को बारीकी से देखा। बिजलीघर निरीक्षण कर उपखंड अधिकारी कार्यालय में एसडीओ राम सुधार, जेई नवीन कंजोलिया, टीजीटू नरेंद्र सोलंकी, शशिभूषण भरद्वाज के साथ बैठक कर ओटीएस योजना की समीक्षा की।

# राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान द्वारा हिंदीतर क्षेत्रों में हिंदी प्रशिक्षण की चुनौतियां विषय पर विशेष व्याख्यान

अवधनामा संवाददाता



**विशाखापटनम/लखनऊ।** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उत्तर प्रदेश व नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), विशाखापट्टनम के संयुक्त तत्वावधान में हिंदीतर क्षेत्रों में हिंदी प्रशिक्षण की चुनौतियां विषय पर विशेष व्याख्यान व काव्य गोष्ठी का आयोजन, जीवन समृद्धि बिल्डिंग स्थित एच पी सी एल सभागार, विशाखापट्टनम में किया गया। पूरा आयोजन दो सत्रों में संपन्न किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ अनामिका श्रीवास्तव एवं विशेष अतिथि डॉ रश्मि शील के सम्मान के उपरांत हुआ।

तत्पश्चात विचार गोष्ठी के मुख्य वक्ता और चर्चा के विषय का प्रवर्तन डॉ एस कृष्ण बाबु द्वारा किया गया। डॉ बाबु ने सरस्वती वंदना ÷जय वाणी जय वीणा पाणी, दया करो हम पर कल्याणी÷ से किया गया। तत्पश्चात विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ कृष्ण बाबु ने कहा कि मनुष्य का स्थान सृष्टि में सर्वोपरि है क्योंकि अन्य प्राणियों के शरीर है, मन है, परंतु मनुष्य के पास शरीर और मन के अतिरिक्त एक और वस्तु बुद्धि भी है। अपनी तर्कशीलता के बल पर उसने भाषा का आविष्कार किया। धीरे धीरे अनेकानेक भाषाओं का विकास हुआ। बहुभाषाओं के कारण हमारे सामने अनेक चुनौतियां उपस्थित हुई हैं। उदाहरण के लिए विचार शब्द को तेलगु में दुख के रूप प्रयुक्त करते है, इसी प्रकार उपन्यास को तेलगु में लेक्चर कहते हैं। इस तरह हिंदीतर क्षेत्रों में हिंदी प्रशिक्षण की चुनौतियां हैं। डॉ पी के जयलक्ष्मी ने कहा कि भाषा सशक्त होनी चाहिए और हिंदी बहुत ही सशक्त भाषा है। हिंदीतर भाषियों के साथ विचार विमर्श कर हिंदी सिखाई जा सकती हैं। हिंदी के कठिन शब्दावली के स्थान पर अंग्रेजी के ऐसे शब्दों को प्रयुक्त कर सकते हैं, जिनका हिंदीकरण हो सकता है। डॉ ए भाग्यलक्ष्मी ने कहा कि यहां हिंदी का माहौल नहीं है, यह एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि घर पर मातृभाषा बोलते है और शिक्षण का माध्यम प्रायः अंग्रेजी है। एक चुनौती यह भी है कि बोलचाल की हिंदी और राजभाषा अलग है। हम सभी हिंदी की दिशा प्रयासरत हैं और राजभाषा नियम के अनुसार प्रत्येक तीन माह में कार्यशाला करते हैं। डॉ राजशेखर ने कहा कि यहां हिंदी सीखने के प्रति स्वस्थ दृष्टिकोण होता है परंतु वह माहौल नहीं होता है ये एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने यह भी कहा कि रामायण और महाभारत जैसे सीरियल के माध्यम से हिंदीतर क्षेत्रों में हिंदी सीखने का माहौल बना। उनके द्वारा राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हिंदी सीखने के लिए ऐसे कार्यक्रमो की बहुत जरूरत है आप बार बार ऐसे कार्यक्रम करिए। डॉ टी महादेव राव ने अपने वक्तव्य में मजरूह सुल्तान पुरी के शेर का उल्लेख करते हुए कहा कि मैं अकेला ही चला था जानिब ए मंजिल मगर लोग आते गए और कारवां बनता गया।

## नारी सशक्तिकरण पर संगोष्ठी

**उरई (जालौन)।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सेठ वीरेंद्र कुमार महाविद्यालय में नारी सशक्तिकरण पर संगोष्ठी का अयोजन किया गया। जिसमें नारी सशक्तिकरण पर बल दिया गया। सेठ वीरेन्द्र कुमार महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय शिविर में नारी सशक्तिकरण पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सचिन कुमार अवस्थी ने नारियों को सम्मान देने के साथ ही उन्हें प्रत्येक क्षेत्र में आगे आने का आहवान किया। कहा कि आज की महिलाएं सभी क्षेत्रों में अपना प्रतिनिधित्व कर रही हैं। अन्य महिलाओं को भी उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवनीश दीक्षित ने नारियों की दशा एवं दिशा में परिवर्तन करने पर बल दिया। कहा कि नारी को स्वयं की शक्ति को पहचानना होगा तभी बात बनेगी।


## सूचना

मुझ उजमा ने अपना नाम बदल कर उजमा सऊद रख लिया है भविष्य में मुझे उजमा सऊद के नाम से जाना पहचाना जाए।
सऊद हसन नि. 13/1673 ए मोहल्ला मूत्रिबान, सहारनपुर यूपी 247001

## न्यायालय सूचना

न्यायालय मा सिविल जज सी.डि.,सहारनपुर वाद सं. 1960 सन 2024 श्रीमति रेखा शर्मा पुत्री श्री प्रेमचन्द शर्मा पत्नी श्री अनिल कुमार शर्मा नि. मकान नं0 227 मदन एनक्लेव कालोनी मल्हीपुर रोड सहारनपुर... आवेदक....बनाम..ज्श्रीमति अनिता शर्मा उर्फ रीता आदि, नोटिस बनाम आम जनता हरगाह वादीया ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म है कि आप दि. 17 माह 2 सन् 2025 में 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजकारो के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमे की तजवीज हे तमाम दस्तावेज को जिन पर आप अपनी जवाबदेही के ताहिद इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाज़िर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा। दस्तखत और मुहर अदालत के आज 11 माह 2 सन् 2025 किया गया।

मुंसरिम सिविल जज (सी.डी.)

## न्यायालय सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स, बुन्टा भारत गैस, खसरा नं. 283 ग्राम बुन्टा प्र. थाना भवन तह. ऊन ज़िला शामली का रजिस्ट्रेशन सहायक निबन्धक फर्म सोसायटी एवं चिट्स सहारनपुर मण्डल सहारनपुर के द्वारा दि.3.6.2023 को हुआ था। फर्म में रजिस्ट्रेशन के समय 1.अजय बिन्दल पुत्र जी0सी0बिंदल निवासी वी0वी0इण्टर कालेज रोड, शामली ,जिला शामली 2. श्रीमती अंशु चौधरी पत्नी अनुज चौधरी निवासी माजरा रोड शामली, जिला शामली साझीदार थे दिश 11.10.2024 को फर्म में से श्रीमती अंशु चौधरी उपरोक्त ने अपनी साझेदारी समाप्त कर ली है अर्थात श्रीमती अंशु चौधरी ने फर्म उपरोक्त से अपना हिसाब किताब चुकता कर लिया है तथा अजय बिन्दल एक मात्र पार्टनर रह गया है और इस प्रकार दि. 11.10.2024 को फर्म डिजोल्ड हो गयी उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म सोसायटी एवं चिट्स सहारनपुर मण्डल सहारनपुर में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी जिसके लिए फर्म जिम्मेदार होगी।

अजय बिन्दल (पार्टनर)

## न्यायालय सूचना

न्यायालय श्रीमान सिविल जज सीनियर डिविजन, सहारनपुर।प्रकीर्ण वाद सं0 28 सन 2025 नवीन कुमार पुत्र प्रेमचन्द, निवासी ग्राम साढौली कदीम, बेहट, जिला सहारनपुर। आवेदक......बनाम.....1 शिव कुमार पुत्र श्री प्रेम चन्द, निश ग्राम साढौली कदीम, बेहट, जिला सहारनपुर। 2 आम जनता विपक्षीगण दरख्वास्त मुसम्मा नवीन कुमार वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल जर 7,85,100 रूपये किफायत द्वारा दरख्वास्त मुतवफ्फा श्रीमती श्यामो देवी अपने वसूजिव एक्ट 7 सन 1889 ई0 वकैद 7,85,100 रूपये हरगाह मुसम्मा नवीन कुमार ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है दि.14-2-2025 वास्ते सनाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को उक्त दर्खास्त की बाबत कोई उज्र हो असालतन या वकालतन बवक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज सी. डि., सहारनपुर दिनांक मुकर्रर हाजिर होकर उजर पेश करे इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्ज किसी का सुना न जायेगा। सादिर हुक्म मुनासिब निस्ब दरख्वास्त मजकूर से सादिर होगा लअमरकूम 11 माह 2 सन 2025

आज्ञा से, मुंसरिम न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) सहारनपुर।

# रामनगरी में एक बार फिर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रामनगरी में माघी पूर्णिमा पर एक बार फिर से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भोर से ही शुरू हुआ श्रद्धालुओं के दर्शन का सिलसिला शाम तक जारी रहा। लाखों श्रद्धालुओं ने घाटों पर स्नान के बाद दान कर पुण्य कमाया। इसके बाद मठ-मंदिरों का रुख किया। हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन के लिए देर रात श्रद्धालुओ का जमावड़ा लगा रहा। माघी पूर्णिमा को देखते हुए एक दिन पहले से ही श्रद्धालु जुटने शुरू हो गए थे। रोजाना चार लाख के करीब श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक 26 जनवरी से अब तक डेढ़ करोड़ श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं। करीब प्रतिदिन लगभग 10 से 15 लाख के बीच श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मकर संक्रांति से अयोध्या में श्रद्धालुओ के आने का क्रम जारी है। 26 जनवरी के बाद से अयोध्या खचाखच भरी हुई है। आलम यह है कि रामपथ, भक्तिपथ व धर्मपथ जैसे बड़े-बड़े मार्ग भी लाखों श्रद्धालुओं के सामने छोटे पड़ गए। भीड़ को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले ही अयोध्या के अधिकारियों को चेता दिया था। यही कारण रहा की प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यवस्था चौकस करने के लिए दिन-रात एक कर दिया। श्रद्धालु भी अयोध्या पहुंच कर व्यवस्थाओं का बखान कर रहे हैं और मंदिर निर्माण का श्रेय मोदी-योगी सरकार को दे रहे हैं। जगह-जगह चल रहे भंडारे अयोध्या के आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में हर कोई जुटा हुआ है। पुण्य कमाने की होड़ मची हुई है। कई स्वयं सेवी संस्थाओं ने भंडारे का आयोजन किया है। अयोध्या कैंट पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए भाजपा ने पार्टी कार्यालय के बाहर भंडारे का आयोजन किया है। सुबह पांच से ही शुरू हुआ रामलला का दर्शन हर एक श्रद्धालु को दर्शन मिल सके। इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने माघी पूर्णिमा पर सुबह पांच बजे रामलला के श्रृंगार के साथ ही दर्शन की प्रक्रिया शुरू कर दी। रात 10 बजे तक श्रद्धालुओ ने दर्शन पूजन किया। अगले दो दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान महाकुंभ में माघ पूर्णिमा के दिन कल्पवास का समापन हो जाता है। इसलिए माना जा रहा है अगले दो दिनों में कल्पवासी और अन्य श्रद्धालु भी दर्शन-पूजन के लिए अयोध्या पहुंचेंगे।

# भ्रष्टाचार की पाठशाला बन गया है रामनगरी का अवध

# शिक्षक संघ ने भी राष्ट्रपति को किया शिकायत

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रामनगरी स्थित अवध विश्वविद्यालय अब भ्रष्टाचार के अड्डे के रूप में पहचान बना चुका है। यहां की प्रशासनिक और शैक्षिक व्यवस्था पर गंभीर आरोप लग रहे हैं। खासकर मेडिकल परीक्षाओं में अवैध तरीके से पास-फेल के खेल में लाखों की वसूली की बात सामने आई है। आगरा के डॉक्टर अरुण कुमार दीक्षित ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में परीक्षाओं में गड़बड़ी कर करोड़ों रुपये की वसूली की जा रही है। इसके चलते उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव, गिरिजेश कुमार त्यागी ने जिलाधिकारी अयोध्या से जांच रिपोर्ट मांगी है। अवध विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार की शिकायतें अब इतनी गंभीर हो गई हैं कि शिक्षक संघ ने भी राष्ट्रपति से शिकायत की है, बावजूद इसके शिकायतें राजभवन में धूल खा रही हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि विश्वविद्यालय में लोकतांत्रिक व्यवस्था पूरी तरह से समाप्त हो चुकी है। कार्य परिषद का गठन अधूरा पड़ा हुआ है, और कोर्ट का चुनाव भी नहीं कराया जा रहा है, क्योंकि चुने हुए छात्र प्रतिनिधि अधिकारियों के गलत कार्यों को उजागर कर सकते हैं। अवध विश्वविद्यालय में परीक्षाएं आयोजित करने के तरीके पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। यहाँ तक कि प्राइमरी स्कूल के शिक्षक तक को परीक्षक बना दिया जाता है, जो सामान्यत विश्वविद्यालयों में नहीं होते। कुछ ऐसे परीक्षक भी बनाए गए हैं, जो किसी भी कॉलेज या विश्वविद्यालय में शिक्षक नहीं हैं। आरोप है कि यह कारनामे विश्वविद्यालय के कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक के करीबी अधिकारियों द्वारा किए जा रहे हैं, जिनकी कार्यप्रणाली पर कई बार उंगली उठाई गई है, लेकिन किसी ने इन पर कार्रवाई नहीं की। पूर्व कार्य परिषद सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि कुलपति और विश्वविद्यालय के अधिकारियों की मनमानी के कारण विश्वविद्यालय में पठन-पाठन की प्रक्रिया ठप्प पड़ी है। यहां तक कि परीक्षा केंद्रों का निर्धारण, सामूहिक नकल, प्रश्नपत्रों में अनियमितताएं, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन और परीक्षा परिणाम में गड़बड़ियां एक सामान्य बात बन चुकी हैं। नैक मूल्यांकन के नाम पर भी फर्जी डाक्यूमेंट्स तैयार किए जा रहे हैं, और कोडिंग-डिकोडिंग के काम में करोड़ों रुपये की हेराफेरी हो रही है।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य का जनपद भ्रमण कार्यक्रम आज

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ऋतु शाही का जनपद अयोध्या में भ्रमण कार्यक्रम 13 फरवरी 2025 को प्रस्तावित है। इस दौरान सदस्य प्रातः 11 बजे से सर्किट हाउस में जनसुनवाई करेंगी, जहां महिला उत्पीड़न और अन्य संबंधित मामलों की शिकायतें प्राप्त की जाएंगी। इसके बाद सदस्य महिला बंदीगृहों, बालिका/महिला गृहों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण भी करेंगी।इसके अतिरिक्त, अन्य कार्यक्रम सदस्य के निर्देशानुसार आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जनपद की समस्त महिलाओं और बालिकाओं से अपील की है कि वे महिला उत्पीड़न की रोकथाम और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए 13 फरवरी को सर्किट हाउस अयोध्या में आयोजित जनसुनवाई में अपनी शिकायतें प्रस्तुत करें।सर्किट हाउस में प्रस्तुत की जाने वाली शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए त्वरित समाधान किया जाएगा।

## समाजवादी पार्टी ने संत रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के महानगर कार्यालय लोहिया भवन पर आज संत रविदास जी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि संत रविदास जी एक महान विद्वान संत और समाज सुधारक थे, जिनका योगदान समाज को सशक्त बनाने में अहम था। उनका जन्म 12 फरवरी को माघ माह की पूर्णिमा तिथि को हुआ था, और इस दिन को हर वर्ष श्रद्धा भाव से मनाया जाता है।संत रविदास जी ने अपने समय में समाज में फैले भेदभाव और अन्य बुराइयों को समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# एसपी ने कोठीभार थाने का किया निरीक्षण



**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** जनपद के पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने भ्रमण के दौरान बुधवार को कोठीभार थाने का औचक निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों को बेहतर पुलिसिंग के लिए विशेष निर्देश दिए। श्रीमीना ने बैरक, महिला डेस्क , सीसीटीएनएस, भोजनालय, बंदी गृह व परिसर का निरीक्षण किया। वही आवास का भी जायजा लिया। पुलिसकर्मियों के कार्यप्रणाली के साथ आगंतुक रजिस्टर, कार्रवाई रजिस्टर, अपराधी रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर का भी निरीक्षण किया। जिले में अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस की सक्रियता बनाए रखने के लिए कस्बे व प्रमुख जगहों पर चेकिंग कराई जाएगी। कस्बा व ग्रामीण इलाकों में थाना प्रभारी व हल्का इंचार्ज भ्रमण करके शांति व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

# विदाई समारोह में भावुक हुए शिक्षक और छात्र

*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कस्बे के आदर्श बाल विद्या मंदिर हाई स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे छात्र छात्राओं के विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम से सभी ने भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिसवा के पूर्व विधायक अवनींद्र नाथ द्विवेदी व विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान ओम प्रकाश गुप्त रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत सरस्वती बंदना वीणा के बजइया सातों सुर के रचाइया से किया गया। आंशिक यादव के देश भक्ति गीत बड़ा निक लगला अपना देशवा के



माटी गीत पर सभी भावुक दिखाई दिया। अंशिका चौहान व सहेलियों द्वारा देश रंगीला निकला गीत पर लोगो नेखूब सराहा। कार्यक्रम के अंत में कक्षा 9वी की छात्रा माया पटेल द्वारा विदाई समारोह भाषण पर सबकी आंखे नम नजर दिखाई दी। इस मौके पर मुख्य अतिथी पूर्व विधायक अवनींद्र नाथ द्विवेदी ने कहा कि विदाई एक सतत प्रक्रिया है। जिससे आगे बढ़ने में प्रेरणा मिलती है। उन्होंने आगे बढ़ने के लिए बच्चों को उपयोगी टिप्स दिए साथ ही उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि यूपी पुलिस के रिटायर्ड एसआई अजीत कुमार गुप्त ने कहा कि यहां के बाद से आपको अपने कैरियर की शुरुआत होनी है।

## शराब पीने के लिए गिलास मांगा और मार दी गोली

**महाराजगंज।** जनपद के श्यामदेउरवां थाने के अंतर्गत महुअवा महुई गांव में बीती रात गोली चलाने की घटना का पुलिस ने 12 घंटा के बाद ही बुधवार को खुलासा कर दिया। मामले में पुलिस ने गोली चलाने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया हैं। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि बीते मंगलवार की रात 11=30 बजे की है, जब आरोपी अजीत सिंह परसिया इंदरपुर श्यामदेवउरवा निवासी नशे की हालत में महेन्द्र गौड़ के घर पहुंचा और शराब पीने के लिए गिलास व पानी मांगा। मना करने पर उसने गाली-गलौज की और देशी कट्टे से फायर कर दिया, जिससे महेन्द्र गौड़ के बाएं हाथ में गोली लग गई। इस वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाया हुनर



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से स्थानीय सेंट जोसेफ्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एनबी पाल व विशिष्ट अतिथि सीजे थॉमस ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रदर्शनी को विद्यालय में प्ले वे से इंटरमीडिएट तक के छात्र-छात्राओं ने प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर अपने वैज्ञानिक सोच को दर्शाया। जहां एक तरफ प्रदर्शनी में नन्हें वैज्ञानिकों ने मिसाइल, लड़ाकू विमान सहित ग्यारह सौ मॉडल प्रस्तुत किया तो वहीं सामाजिक और धार्मिक व्यवस्था का प्रदर्शन किया। जिसकी सराहना कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक एवं आगंतुकों ने की। इस दौरान के अंकित सिंह ग्रुप ने विक्रम लैंडर व प्रज्ञान रोवर का शानदार प्रदर्शन किया वहीं धृति यादव ने वैकयुम क्लीनर, पारितोष सिंह एंड ग्रुप ने हाइड्रो क्लीन वाटर प्रोजेक्ट, अमूल प्रताप सिंह एंड सोनी एंड ग्रुप ने जानवरो को भगाने के लिए कैनन, दीप्ति सिंह, आदित्य सिंह व कुँवर यादव एंड ग्रुप ने वायुसेना के राफेल विमान बनाया, कवि एंड ग्रुप ने कैल्शियम कार्बाइड कैनन, आयुष्यमान, अंशुमान व अक्षत ने हेलमेट सेंसर बाइक प्रोजैक्ट, सौम्या कुमारी, अंशिका, रक्षा जायसवाल ने वर्मी कम्पोस्ट, रजनीश शुक्ला एंड ग्रुप ने सोलर ट्रैक्टर,अनिकल्प मिश्र एंड ग्रुप ने कनर्जन पोजेक्ट सहित चिकित्सा प्रदर्शनी मे सिमरन ने संगीता रौनियार, सुमन जायसवाल सहित अन्य अभिभावकों के रक्त नमूने की जांच की।

# ऐतिहासिक होगा पासी स्वाभिमान एकता सम्मेलन: प्रमोद

## सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** आगामी 18 फरवरी को महराजगंज नगर स्थित पीजी कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित पासी स्वाभिमान एकता सम्मेलन ऐतिहासिक होगा, इसके लिए कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है। जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को कार्यक्रम में आने की अपील किया जा रहा है। यह बातें भाजपा देहात मंडल के महामंत्री प्रमोद कुमार पासवान ने बैठक में कही। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान होंगे। उन्होंने बताया कि बागापार, चेहरी, बरगदवा राजा, पिपरहवा, कांध, लक्ष्मीपुर देउरवा, सोहरौना तिवारी, बांसपार बैजौली, सवरेजी, भगवानपुर, सोनबरसा, जगदीशपुर, रतनपुर खुर्द, बघौना आदि गांवों में बैठक कर सरकार की उपलब्धियां गिनाई गई और सम्मेलन में अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। सम्मेलन में जिले के हजारों कार्यकर्ता जुटेंगे। इस दौरान पासी समाज के जिलाध्यक्ष भीमसेन पासी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतकृपाल पासी, राममिलन पासवान, विनोद पासवान, वीरेंद्र पासवान, राजमन पासवान, गोपाल पासवान आदि मौजूद रहे।

# पैदल घर जा रहे बुजुर्ग को स्कूटी ने मारी टक्कर मौत

*अवधनामा संवाददाता*

जैदपुर बाराबंकी। बैंक से पैसा निकाल कर साईकिल से वापस आते समय एक बुजुर्ग को तेज रफ्तार स्कूटी ने जोरदार टक्कर मारी जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बेटे की शिकायत पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार विनोद कुमार पुत्र गुरुप्रसाद ग्राम जैराम पुरवा मजरे बोजा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि मंगलवार को प्रार्थी के पिता गुरु प्रसाद उम्र लगभग 65 वर्ष पुत्र अयोध्या प्रसाद आर्यावर्त ग्रामीण बैंक बंगला बाजार से रुपया निकाल कर साईकिल से अपने घर वापस जा रहे थे समय करीब 11.15 बजे दिन में वो डेहवा मोड़ के पास पहुँचे तभी जैदपुर की तरफ से आरही एक तेज रफ्तार स्कूटी के चालक द्वारा लापरवाही से चलाते हुए प्रार्थी के पिता गुरुप्रसाद की साइकिल से टक्कर मार कर भाग गया प्रार्थी के पिता को काफी चोट लगी थी एम्बुलेन्स के द्वारा उन्हे जैदपुर अस्पताल लाया गया जैदपुर अस्पताल से जिला अस्पताल बाराबंकी रिफर कर दिया गया जिला अस्पताल में इलाज के दौरान समय करीब 3 बजे दिन में उनकी मृत्यु हो गयी। शिकायत कर्ता ने स्कूटी सतीश कुमार पुत्र निवासी ग्राम बरैया थाना जैदपुर के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

## भाजपा जिला संयोजक ने संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया

**बाराबंकी।** संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर आज नगर के अंबेडकर छात्रावास स्थिति मंदिर में भाजपा प्रवासी संपर्क प्रकोष्ठ के तत्वावधान में व जिला संयोजक मनोज कुमार श्रीवास्तव के संयोजन में संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पों के माध्यम से श्रद्धासुमन अर्पित किया गए। मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि परम श्रद्धेय संत रविदास जी ने लोगों को समाजिक समरसता का पाठ पढ़ाया तथा तोर मंन चंगा तो कठौती में गंगा वाक्य को प्रतिपादित कर यह प्रमाणित किया कि ईश्वर हर जगह तथा हर तत्व में विद्यमान हैं, बस ईश्वर को श्रद्धाभाव से महसूस करने की आवश्यकता है। इस मौके पर राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल, दिलीप गौतम, संतोष गौतम, शरद श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## विद्युत बिल बकाया होने पर कनेक्शन कटा

**मिठौरा (महराजगंज)।** विद्युत विभाग के उपकेंद्र के अंतर्गत बुधवार को ग्राम मठिया में कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बकायेदार को विद्युत बिल जमा करने की अपील की गई। विद्युत कर्मियों ने बताया कि कैंप के दौरान नौ ओटीएस के तहत बड़े 25 बकायादारों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उनका विद्युत विछेदन किया गया। बड़े बकायेदारों का विद्युत मीटर को विभाग के निर्देशानुसर उतारा गया। कार्यवाही के दौरान बकायेदारों? से चालीस हजार रुपए जामा कर?वा कर उनकी विद्युत आपूर्ति चालू करवा दिया गया। अवर अभियंता जुगनू अंसारी ने उपभोक्ताओं से अपील किया कि जिनका बकाया विद्युत विछेदन किया गया है। वे लोग बिना बाकाय पैसे को जमा किये बगैर अपनी लाइन किसी के द्वारा ना जुड़वाएं।

# दुराचार के मामले में वांछित युवक ने लगाई फाँसी, मौत



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी। थाना** क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव मे एक 30 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतक एक मुकदमे मे वांछित था तथा आर्थिक स्थिति से बहुत परेशान था। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव निवासी रामलखन रावत का 30 वर्षीय पुत्र बीती रात्रि खाना खाने के बाद अपने कमरे मे सोने चला गया था मृतक की पत्नी रूबी अपने 2 वर्षीय पुत्र प्रिंस के साथ अपने मायके ग्राम मसौली मे एक वैवाहिक कार्यक्रम मे गयी थी रात्रि मे सुशील उर्फ़ लल्लन ने छत के हुक से साडी से फंदा लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। बुधवार की सुबह करीब 9 बजे तक कमरे से न निकलने पर परिजनों ने देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है तथा आवाज देने पर भी न बोलने पर पुलिस को सूचना दी गयी मौक़े पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक यसकांत सिंह, उपनिरीक्षक राहुल शर्मा, शिवकुमार ने मौक़े पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा तो सुशील उर्फ़ लल्लन रावत फांसी के फंदे से लटक रहा था।

पुलिस ने फ़ारसेसिक टीम के साथ जांच करते हुए पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मुकदमे एव आर्थिक स्थिति के चलते तनाव मे रहता था मृतक। मृतक सामूहिक दुराचार के मामले में वांछित था तथा घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण बहुत तनाव मे रहता था जिससे काफी परेशान होने के कारण गुमशुम रहता था।

## महाशिवरात्रि मेले की तैयारियों को लेकर एएसपी ने लिया जायजा दिए निर्देश



**रामनगर बाराबंकी।** अपर पुलिस अधीक्षक डॉ अखिलेश नारायण सिंह ने आज बुधवार को लोधेश्वर महादेवा आकर फाल्गुनी महाशिवरात्रि मेले में की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर मौके पर मौजूद प्रभारी निरीक्षक रामनगर अजय कुमार त्रिपाठी तथा चौकी इंचार्ज महादेवा संतोष कुमार त्रिपाठी को बेहतर सुरक्षा के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ अखिलेश नारायण सिंह ने मंदिर परिसर रैन बसेरा सहित तमाम स्थानों का अवलोकन कर थाना प्रभारी निरीक्षक रामनगर अजय कुमार त्रिपाठी व चौकी इंचार्ज महादेवा संतोष त्रिपाठी से कहा कि कुंभ मेला के चलते इस बार अन्य जनपदों से सुरक्षाकर्मी नहीं मिल पाएंगे इसलिए बड़ी ही जिम्मेदारी व मेहनत के साथ टीम के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर अंजाम देना होगा। मंदिर परिसर तथा आसपास के भवनों की दीवारों में लगे मधुमक्खियों के छत्तों को शीघ्र हटवाने को कहा ग्राम प्रधान महादेवा राजन तिवारी से भी मेले की सुरक्षा के लिए पांच दर्जन वॉलिंटियर लगाए जाने की जिम्मेदारी सौंपी। अपर पुलिस अधीक्षक ने शिव मंदिर में भगवान शिव का पूजन अर्चन व जलाभिषेक कर मानव कल्याण की कामना भी की।

# चालान नही, जिंदगी बचाने के लिये जरुर पहने हेलमेट: विश्वजीत

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** दोपहिया वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं और मौतों की घटनाओं में कमी लाने के दिशा मे परिवहन विभाग ने नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान को गति देना शुरु कर दिया है। आज दिन बुधवार को सम्भागीय परिवहन अधिकारी अयोध्या विश्वजीत प्रताप सिंह एंव सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन श्रीमती अंकिता शुक्ला ने आलापुर स्थित श्रीवास्तव फ्यूल सेंटर, उर्मिला हाइवे सर्विसेज समेत अन्य पेट्रोल पम्पो पर जांच के दौरान ईधन भरवाने आये 15 दो पहिया वाहन के चालान किये। तो वही 55 वर्षीय बुजुर्ग चालक द्वारा हेलमेट लगाकर मिलने पर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे




आरटीओ अयोध्या श्री सिंह ने ईधन भरवाने आये वाहन चालको को हेलमेट-सीटबेल्ट लगाने के फायदे बताये। तथा बाइक चालको को पीछे बैठने वालों के हेलमेट लगाने के लिये भी जागरुक किया। तो वही पेट्रोल पम्प संचालको को हेलमेट लगाए बगैर पेट्रोल खरीदने के लिए आने वाले लोगों को तेल न देने हेतु निर्देशित किया।

## ग्राहक केंद्रित बने इंडियन बैंक : प्रबंध निदेशक



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में इंडियन बैंक की 1100 शाखाएं हैं। हमारी शाखा के अनुपात में ग्राहकों की संख्या में भी वृद्धि हो। हमारा प्रयास है कि इंडियन बैंक से अधिक से अधिक ग्राहकों को जोड़ें। लेकिन इसके लिए हमें ग्राहक को सर्वश्रेष्ठ सेवाएं, उत्पाद,और संतुष्टि प्रदान करने के लिए तैयार होना होगा। इंडियन बैंक के नए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिनोद कुमार ने यह बातें बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहीं। नए प्रबंध निदेशक ने कहा कि इंडियन बैंक ने व्यवसाय के टारगेट को सफलतापूर्वक हासिल किया है। यह बैंक के सभी कर्मचारी एवं अधिकारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। लेकिन हमें यही नहीं रुकना है और पहले से भी अधिक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। साथ ही ग्राहकों की किसी भी तरह की शिकायत के निस्तारण में कोई समझौता नहीं करना है, उसका तत्काल निराकरण करके उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करनी है, जिससे ग्राहक इंडियन बैंक से जुड़कर गौरवान्वित महसूस करे और हम सभी का यही निरंतर प्रयास होना चाहिए। इंडियन बैंक के नए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री बिनोद कुमार, जिन्होंने जनवरी 2025 में बैंक का कार्यभार संभाला है, ने अपने पहले लखनऊ आगमन पर 9 फरवरी को चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डा के टर्मिनल 3 में इंडियन बैंक की नवनिर्मित लखनऊ हवाई अड्डा शाखा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक लखनऊ श्री सुधीर कुमार गुप्ता, उप महाप्रबंधक श्री श्याम शंकर, लखनऊ अंचल प्रमुख श्री प्राणेश कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं की हेल्थ पुरुषों की अपेक्षा होती है ज्यादा कॉम्प्लिकेटेड : डॉ चारु बाला शर्मा

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** वैसे तो सेहत को दुरुस्त रखना सबके लिए प्राथमिकता होती है, लेकिन अक्सर देखा जाता है कि परिवार की देख-रेख करने के दौरान महिलाएं अपनी सेहत को लेकर कुछ लापरवाह हो जाती हैं।

महिलाओं की हेल्थ पुरुषों की अपेक्षा ज्यादा कॉम्प्लिकेटेड होती है और इसीलिए सेहतमंद रहने के लिए महिलाओं को अपनी बॉडी की ज्यादा केयर करने की जरूरत होती है। ऐसी कई बीमारियां हैं जिनकी चपेट में महिलाएं ज्यादा आती हैं। उक्त बातें स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ चारु बाला शर्मा ने एक भेंट वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि लगभग सभी महिलाओं को अपने जीवन में कभी न कभी स्त्री रोग संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। डॉ चारु बाला शर्मा ने बताया कि स्त्रीरोग संबंधी समस्याएं महिला की प्रजनन



प्रणाली को प्रभावित करती है, जिसमें स्तन और गर्भाशय, अंडाशय, फैलोपियन ट्यूब, योनि सहित अन्य पेट और श्रोणि अंग शामिल हैं। ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं को होने वाली गंभीर बीमारियों में से एक है। तीस वर्ष के बाद महिलाओं को वर्ष में कम से कम एक बार ब्रेस्ट कैंसर की जांच के लिए मैमोग्राफी टेस्ट करवाना चाहिए। एनीमिया हालांकि सामान्य बीमारी है, लेकिन ये बीमारी भी पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं को ज्यादा शिकार बनाती है। महिलाएं चूंकि परिवार और करियर

**स्त्रीरोग संबंधी समस्या हो तो वक्त पर इलाज करना जरुरी, डॉक्टर से जरूर लें सलाह**

की व्यस्तता के कारण अपनी खास देखभाल नहीं कर पाती और सही से डाइट भी नहीं लेती, इसलिए महिलाएं अक्सर एनीमिया का शिकार हो जाती हैं। इससे बचने के लिए जरूरी है कि हर साल कंपलीट ब्लड काउंट टेस्ट करवाया जाए ताकि शरीर में हीमोग्लोबिन की सही स्थिति का पता चल सके। महिलाएं अक्सर वैजिनाइटिस रोग से परेशान रहती हैं। इस बीमारी में वजाइना में इंफेक्शन हो जाता है और खुजली, जलन, असामान्य स्राव होना इसके तहत आता है। बेक्टीरियल इंफेक्शन और हाइजीन की कमी के साथ साथ यौन संचारित रोगों के चलते भी वैजिनाइटिस होने का रिस्क बढ़ जाता है। मासिक धर्म के दौरान पीठ के निचले हिस्से या पेट में दर्द होना बहुत आम है। डिसमेनोरिया तब विकसित हो सकता है, जब मजबूत संकुचन से गर्भाशय को ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित हो जाती है। महिलाओं में उनके प्रजनन वर्षों के दौरान ओवेरियन सिस्ट बहुत आम हैं। अधिकांश महिलाएं अपने जीवनकाल में कम से कम एक ओवेरियन सिस्ट विकसित करती हैं। अंडाशय महिला प्रजनन प्रणाली का सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं। पीसीओडी या पॉलीसिस्टिक डिम्बग्रंथि रोग एक ऐसी स्थिति है, जिसमें ओवेरियन फॉलिकल अंडे के बजाय सिस्ट पैदा करते हैं। नतीजतन, उत्पादित अंडों की संख्या कम हो जाती है, जिससे प्रजनन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इससे डिप्रेशन और मूड स्विंग हो सकता है। डॉ चारु बाला शर्मा ने कहा कि कोई भी स्त्रीरोग संबंधी समस्या हो तो वक्त पर इलाज करना जरुरी है। डॉक्टर से जरूर सलाह लेना चाहिए।

## उम्मे हबीबा निसवा कालेज सिकहरा में आयोजित हुआ सालाना जलसा में बच्चियों की कराई गई दस्तारबंदी



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सिकहरा स्थित जामिया अहले सुन्नत उम्मे हबीबा निस्वा कॉलेज में बुधवार को 26 वां सालाना जलसा एवं दस्तार बंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मदरसा से सफल हुए 41 बच्चियों की दस्तार बंदी कराई गई। बुधवार को आयोजित जलसा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुलाम अब्दुल कादिर जिलानी ने खिताब करते हुए कहा कि अभिभावक अपने बच्चों व बच्चियों को दीन की तालीम देने के साथ दुनिया तालीम हासिल करने पर जोर दे। इसके अलावा तकनीकी शिक्षा पर भी जोर देते हुए कहा की जमाने के हिसाब से साइंस और टेक्नोलॉजी भी बच्चियों को जानना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में मदरसा के प्रबंधक राही बस्तवी ने कुरान ए पाक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान गुलाम अब्दुल कादिर अल्वी, सैयद मोहम्मद इरफानुद्दीन, मोहम्मद गुलजारुद्दीन, गुलाम जिलानी, कलीमुल्लाह चौधरी, गुलाम मुस्तफा, सरफराज, इमामुद्दीन आदि मौजूद रहे।


# जलसे ए दस्तार बंदी में 45 बच्चों को दी गई डिग्री व गोल्ड मेडल

## दीनी व दुनियावी दोनों तालीम सभी के लिए है जरूरी : हाफिज अरबाब फारूकी

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत डुमरियागंज अंतर्गत बैदौला चौराहा स्थित दारुल उलूम अहले सुन्नत गरीब नवाज व टेक्निकल इंस्टिट्यूट में शनिवार की रात सालाना जलसे-ए- दस्तारबंदी व फातिहा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मदरसे से फारिग होने वाले 45 बच्चों को फजीलत, अलमियत, हिफ्ज़ कीरात की डिग्री दी गई। प्रोग्राम की शुरुआत नाते पाक से आरिफ रजा ने किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि संबोधन में जमदा शाही के मौलाना कमाल अहमद ने कहा कि शिक्षा आज सभी की जरूरत है शिक्षा हासिल करने के लिए हमें कहीं भी जाना पड़े तो इससे पीछे नहीं हटना चाहिए। आज दीनी व दुनियावी दोनों शिक्षा सभी के लिए जरूरी है। इस मौके पर मुफ्ती अजहर अहमद अजहरी ने कहा कि हम नबी





की सुन्नत से भटक गए हैं हमें नेकी का रास्ता अपनाना होगा। उन्होंने दीनी और दुनियावी मसलों पर आधारित लोगों के सवालों के जवाब तर्क के साथ दिया। मौजूद लोगों में से कुछ लोगों ने उनसे सीधे तौर पर सवाल किया जिसका जवाब उन्होंने उदाहरण के साथ दिया। इस मौके पर हजरत अफरोज अहमद नूरी ने कहा कि मदरसे में भी अब शिक्षा का बेहतर माहौल बन गया है। आज मदरसे से फारिग होकर बच्चे देश और व दुनिया में नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लड़के और लड़कियों में शिक्षा को लेकर फर्क ना करें और मां-बाप शिक्षा पर विशेष

**बैदौला चौराहा स्थित दारुल उलूम अहले सुन्नत गरीब नवाज टेक्निकल इंस्टिट्यूट में गरीब नवाज सेमिनार कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन**

ध्यान दें। जलसे को संबोधित करते हुए हाफिज अरबाब फारूकी ने कहा कि बच्चों को हर विषय में जानकारी होनी चाहिए। मदरसे का पढ़ा हुआ बच्चा एक अच्छे समाज का निर्माण कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रयागराज कुंभ में आए हुए श्रद्धालुओं की मदद वहां के मुसलमान ने करते हुए अपने घर, मकतब, मदरसों मस्जिदों को खोल दिया और लोगों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था व रुकने की व्यवस्था कराई जो बहुत ही सराहनीय है। इस्लाम मोहब्बत व भाई चारगी का पैगाम देता है। प्रोग्राम में कुल 45 बच्चों को फजीलत, अलमियत, हिफ्ज़ व किरात की डिग्री दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता दारुल उलूम अहले सुन्नत गरीब नवाज के मैनेजर मौलाना मकसूद अकरम ने की। जबकि संचालन मोइन अख्तर ने किया। इस मौके पर शायरो ने अपने-अपने कलाम पेश किया। प्रोग्राम में स्वर्गीय मौलाना हफीजुल्लाह के याद में उनके नाम पर एक किताब का विमोचन भी किया गया इसके अलावा मदरसे द्वारा चिकित्सीय कैंप का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौलाना निसार, मौलाना सफीक निजामी, मौलाना आरिफ, मौलाना नसीम, मोहम्मद आरिफ रजा, मौलाना अतिउल्लाह, मौलाना अरशद, मुफ्ती इजहार, कारी अबरार, अफजान फारूकी, डॉक्टर मोहम्मद हुसैन सिद्दीकी, हाशिम अशर्फी, सभासद मो नसीम, अहमद हुसैन फारूकी करम हुसैन फारूकी, अलाउद्दीन फारूकी, परवेज अहमद, डॉ लुकमान अहमद, मोहम्मद शोएब, मौलाना मजीद, हाफिज मोहसिन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## उप्र मा. शिक्षक संघ की जनपदीय इकाई की बैठक में सर्वसम्मति से पुरानी कार्यकारिणी पुनः निर्वाचित



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ सिद्धार्थनगर का जनपदीय निर्वाचन संगठन के मंडलीय मंत्री गिरीश चंद्र चौबे की देख रेख में बुधवार को श्री सिंहेश्वरी इण्टर कॉलेज तेतरी बाजार सिद्धार्थ नगर के प्रांगण में संपन्न हुआ। जिसमें सभी साथियों ने एकस्वर और सर्वसम्मति से पुरानी कार्यकारिणी को निर्वाचित किया। संगठन का अध्यक्ष राम विलास यादव, जिलामंत्री डॉ हृदय नारायण मिश्र, कोषाध्यक्ष राम निवास कुशवाहा, आय व्यय निरीक्षक योगेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरेंद्र बहादुर सिंह, बैजनाथ चौरसिया, अनिल कुमार पाण्डेय, स्वरूपम द्विवेदी, श्रीमती सरोज संयुक्त मंत्री में ओंकारनाथ पाण्डेय, शेषनारायण ओझा, शशिमौली त्रिपाठी, बृजेश द्विवेदी, शैलेन्द्र शर्मा, श्रीमती रश्मि गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्यों में राहिब रिजवी, मोहम्मद तारिक, शिव कुमार पाण्डेय, अरुण राय, रमेश त्रिपाठी, गिरिजेश कुमार सिंह, अब्दुल हई, अनिल यादव, अजय कुरील, राम कला वरुण, सच्चिदानंद शुक्ल, वीरेन्द्र यादव, जयराम यादव, मनोज शर्मा, राजेश चन्द शर्मा, वाजिद अली, फूल चन्द गौर, सजेंद्र सिरोही को निर्वाचित किया गया।

## नहर मे पानी न होने से सिंचाई हो रही प्रभावित

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सिचाई खण्ड टाण्डा से संचालित शारदा सहायक नहर मे पानी न होने से किसानों के गेहूं की दूसरी सिंचाई प्रभावित हो रही है। किसान अपने निजी साधनों से सिंचाई करने को विवश हैं। लेकिन जो किसान सिर्फ नहर की पानी के भरोसे पर हैं, उन्हें काफी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। तापमान बढ़ने के कारण गेहूं की फसल प्रभावित होने की संभावना बढ़ गई है क्योंकि समय पर सिंचाई नहीं हो पा रही है। संबंधित नहर से निकलने वाली माइनरें भी सूखी पड़ी हैं, जिससे कई दर्जन गांवों के किसान प्रभावित है।इस संबंध में सिचांई खण्ड टाण्डा के जेई सोनू शर्मा ने बताया कि बुधवार रात तक जिले में पानी आ जाएगा और शीघ्र ही सभी माइनरों मे पानी छोड़ते हुए किसानों को सिचांई के लिए उपलब्ध कराया जायेगा।



## हर्षोल्लास के वातावरण में मनी संत रविदास की जयंती



**हजपुरा, अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जलालपुर विधानसभा क्षेत्र के बरौली गांव में बुधवार को संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। जिसमें मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी जलालपुर के ब्लॉक अध्यक्ष संदीप वर्मा एवं शालू सिंह, रामबली, रमाकांत गौतम ,अनुराग गौतम ,राज देव गौतम, विकास गौतम, अंशुल चौधरी, शैलेंद्र गौतम, दिग्विजय बाबा, रंजीत गौतम, उत्तम गौतम आदि सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। समाजवादी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष संदीप वर्मा ने संत शिरोमणि रविदास जी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रचलित कर लोगों को संत रविदास जी के सरल स्वभाव व दलित और पिछडे समाज के लिए उनके संघर्षों और योगदान को याद किया।

# जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून ने फीता काटकर किया उद्घाटन

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में गोनहाताल बनी विजेता, बांसी को मिला दूसरा स्थान





अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज डुमरियागंज के मैदान पर बुधवार को जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अतीकुर्रहमान व विजय यादव ने फीता काटकर किया।

इस मौके पर अपने मुख्य अतिथि संबोधन में विधायक सैय्यदा खातून ने कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग खेलो के माध्यम से अपना भविष्य संवारने में लगे हैं। कई ऐसे पारंपरिक खेल है जिनके माध्यम से युवा अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। हमें खेलों को बढ़ावा देने के लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अतीकुरहमान ने भी अपने संबोधन में कहा कि खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है ग्रामीण क्षेत्रों में भी तमाम खेल प्रतिभाएं हैं जिन्हें आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में एएस सपोर्ट क्लब चेतिया बांसी, गोनहा बांसी, डुमरियागंज के आईसी सिकटा, कुड़ी डुमरियागंज टीमों ने प्रतिभाग किया। अंत में गोनहा ताल विजेता व बांसी उपविजेता बनी। विजयी टीम को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कबड्डी मैच में रेफरी की भूमिका अकमल फारूकी, अजीजुर रहमान, संतोष सिंघानिया, गुलाम हुसैन रिजवी, मनोज चौरसिया ने निभाई। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी भारतभारी विजय यादव, विनोद सिंह, फैजान अहमद, परवेज अहमद, डॉक्टर अहमद स्माइल, राजीव सिंह, विजय, दौलत राम, विनय कुमार शाह, कमर निजामी, अहमद फरीद अब्बासी प्रधानाचार्य, दिनेश श्रीवास्तव, सरताज फारूकी, नसीर अहमद, संतोष कुमार, राम शब्द, अमन, इरफान मिर्ज़ा, इकबाल अहमद, बच्चा राम बौद्ध, मतीबुल्लाह सहित तमाम लोग लोग मौजूद रहे।

# दहेज के लिये नवविवाहिता को जलाकर मार डाला

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** आलापुर थाना क्षेत्र के पीपरपुर नसीरपुर गांव में नवविवाहिता को दहेज के लिए ससुरालीजनों ने जलाकर मार डाला। मंगलवार की सुबह जिला अस्पताल में महिला की मौत के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर मृतका की मां की तहरीर पर आलापुर पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर मामले में छानबीन शुरू कर दी है। पीपरपुर गांव निवासी अरुण कुमार मिश्र की 35 वर्षीय पत्नी पिंकी मिश्रा सोमवार की देर शाम अचानक आग की लपटों से घिर गई। गुहार पर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक पिंकी गम्भीर रूप से झुलसकर बेहोश हो चुकी थी। परिजन पिंकी को लेकर सीएचसी बसखारी पहुंचे, जहां हालत की गम्भीरता को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान पिंकी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बीच जानकारी होते ही मायके पक्ष के लोग भी पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंच गए। देर शाम मृतका पिंकी की मां प्रमिला ने आलापुर थाने पहुंचकर दहेज के लिए पुत्री की हत्या किए जाने की शिकायत करते हुए केस दर्ज करने की तहरीर दी। मां प्रमिला ने कहा कि विवाह के बाद से ही उसकी पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। आए दिन उसके साथ मारपीट भी की जाती थी। इस बीच सोमवार देर शाम पति, ननद व एक अन्य व्यक्ति ने मिलकर उसकी पुत्री को जलाकर मार डाला। थानाध्यक्ष आलापुर राकेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर मामले में छानबीन की जा रही है।

## महान यूनानी और समाज सुधारक हकीम अजमल खान की जयंती को विश्व यूनानी दिवस के रूप में मनाया गया



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 11 फरवरी 2025 को आयुष डॉक्टर वेलफेयर एसोसिएशन लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वर्गीय हकीम अजमल खान साहब के जन्मदिन को वर्ल्ड यूनानी डे के रूप में मनाया गया। जिसमें ADWA द्वारा लखनऊ के तीन सिनियर एवं प्रतिष्ठित यूनानी चिकित्सको डॉ. अहमद बशीर अल्वी, डॉ. एम. ए. जेड. लारी एवं डॉ. यासमीन हाशमी को हकीम अजमल खान अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ADWA के जनरल सेक्रेटरी/संस्थापक डॉ.एम.एच. उसमानी ने बताया कि सभी सम्मानित चिकित्सको ने ADWA की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह ऐसी संस्था है जो समाज की सेवा कर रहे यूनानी चिकित्सको को सम्मानित करके उनका हौसला बढ़ाती है। हम सभी यूनानी चिकित्सक सदैव ADWA के साथ है एवं कभी हमारी सेवाओं की जरुरत पड़ेगी तो हम सब हमेशा इसके लिए तैयार है और इस मौके पर ADWA की सम्पूर्ण कार्यकारिणी एवं अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## किसानों के लिये परेशानी का सबब बने बेसहारा पशु

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** बेसहारा गोवंश किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। सड़क से लेकर खेतों तक बेसहारा जानवरों का कब्जा है। राह चलते लोगों पर कब हमला कर दें, कुछ कह नहीं सकते। इनके लिए न चारे की व्यवस्था है और न ही पानी की। ऐसे में कूड़े के ढेर से बेसहारा पशुओं को पेट भरते हुए देखा जा सकता है। क्षेत्र में इस समय भिंडी, तोरई, खीरा, गोभी, लौकी, कोहड़ा, बैगन, मक्का समेत सब्जियों की फसल हो रही है। किसानों का कहना है कि रखवाली के बाद भी आंख झपकते ही बेसहारा गोवंशी के झुंड खेतों में आ जाते है और पल भर में ही फसलों को बर्बाद कर देते है। इसके बावजूद इन्हें पकड़ा नहीं जा रहा है। ग्राम पंचायत सुलेमपुर, पलई रामनगर बरियावन समेत अधिकांश गांव में बेसहारा गोवंशी के झुंड से किसान परेशान है। खेतों से लेकर सड़क तक बेसहारा पशु फसल व यातायात व्यवस्था के लिए चुनौती बने हुए हैं। इनके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। पूर्व में रामपुर गांव में रिश्तेदारी में आए एक किसान की बेसहारा गोवंश के हमले में जान भी जा चुकी है, और बड़ेपुर गांव में खेत से लौट रहे किसान को बेसहारा गोवंशी ने मार डाला था। बेसहारा पशु के हमले में कई किसान घायल भी हो चुके हैं। पशुओं के संरक्षण के लिए गौशाला के निर्माण पर जोर तो अधिक है। लेकिन जमीनी हकीकत उलट है। किसान रमाशंकर सिंह, पवन सिंह, राम अजोर, बहाऊ, विनोद वर्मा, महेंद्र शर्मा, विकास सिंह, आदि का कहना है कि इन्हें पकड़कर गौशाला भेजवाया जाए।



# डीएम की अध्यक्षता में आयुष विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आयुष विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा आयुष विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान आयुष चिकित्सकों को निर्देशित करते हुए कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को जन-जन में लोकप्रिय एवं विश्वसनीय बनाने के लिए रूचि लेकर कार्य करें। इसमें नवाचार करने की भी जरूरत है।

आयुष चिकित्सक अपने ज्ञान और अनुभव से लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए प्राथमिकता से कार्य करें, साथ ही अपने दायित्वों का ईमानदारी, जिम्मेदारी एवं शिष्टाचार के साथ निर्वहन करें। जिससे आमजनों में निरोगी जीवन के लिए आयुर्वेद एक प्रमुख केन्द्र साबित हो।



उन्होंने चिकित्सकों की उपलब्धता, आयुष केंद्रों के संचालन की स्थिति एवं अन्य विभागीय गतिविधियों की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर विभिन्न विभागीय चिकित्सा पद्धति एवं अन्य गतिविधियों का नियमित संचालन करने के निर्देश दिये। सभी आयुष संस्थान नियमित रूप से संचालित हो सभी इसका विशेष ध्यान रखें। साथ ही संस्थानों की साफ-सफाई एवं केंद्रों में आयुष चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सभी चिकित्सक विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुँचाये। पंचकर्म जैसी प्रभावकारी महत्वपूर्ण चिकित्सा पद्धति का आमजनों में प्रचार-प्रसार कर उसकी उपयोगिता बढ़ने के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को लाभांवित करने और आयुष विभाग के सभी संस्थानों में हर्बल वाटिका विकसित करने के निर्देश दिए। जिससे जड़ी बूटी के माध्यम से सर्वोपयोगी औषधियो का निर्माण किया जा सके। साथ ही जनसामान्य को औषधियों के संरक्षण, उसके महत्व एवं उपयोगिता के विषय में जानकारी हो सके। बैठक के दौरान क्षेत्रीय आयुर्वेद में यूनानी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में तीन योग वैलनेस सेंटर तथा साथ आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं।

## सड़क दुर्घटना मे बाइक सवार युवक की मौत

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** घर से रिश्तेदार के यहां जाने के लिए निकले बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच पड़ताल में जुटी है। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के रोशनगढ़ पुल के पास बुधवार करीब ढाई बजे दिन में अज्ञात वाहन से एक बाइक सवार की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही अज्ञात वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

## सूचना

मैं अय्यूब हुसैन जैदी आयु 59 वर्ष पुत्र स्व. दबीर हुसैन जैदी निवासी 47/7 मोहिनी पुरवा निकट मोती मस्जिद हुसैनाबाद ठाकुरगंज लखनऊ का निवासी हूं। मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश अय्यूब हुसैन जैदी (Ayyub Husain Zaidi) लिख गया है जो कि गलत है। अतः मेरे आधारकार्ड /पैनकार्ड में मेरा नाम अय्यूब हुसैन जैदी (Ayyoob Husain Zaidi) है। जो सत्य है।

## अब यूपीएस की ओर

ये सवाल बेरोजगारों की कचहरी और समाज की दोपहरी में उठेंगे, तो मजमून के अर्थ बेहतर समझ आएंगे। प्रदेश की आर्थिक सांसों की हिफाजत में अब किश्तियां बादलों से घबराने लगीं, तो समुद्र के गहराई से खोजने होंगे विकल्प। ऐसे में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य का बयान शीर्षासन कर रहा है, यानी एनपीएस के धमाल से ओपीएस के कमाल तक जो सियासी धरातल खोजा गया, वहां अब आर्थिक मरुस्थल को लांघना आसान नहीं। अब केंद्र ने भी जब ओपीएस का सियासी सेंक महसूस किया, तो वहां भी एनपीएस की गाड़ी यूनिफाइड पेंशन स्कीम के नजदीक आकर खड़ी हो गई। केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को यूपीएस का विकल्प पेश करते हुए, इसे एनपीएस और ओपीएस की साझेदारी में खड़ा किया है। यूपीएस के अंतर्गत कर्मचारी अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के अलावा महंगाई भत्ता और अन्य सुविधाएं भी प्राप्त करेंगे। योजना 24 जनवरी से लागू मानी गई है। इक्कीस साल पुरानी एनपीएस को अलविदा करने और ओपीएस के जिन्न को खदेड़ने के लिए यूपीएस का अवतार डोरे डाल रहा है। इसके तहत कर्मचारी की मृत्यु पर भी पेंशन का साठ प्रतिशत परिवार पेंशन के रूप में अदा होगा और कम से कम दस साल की नौकरी पर भी न्यूनतम दस हजार पेंशन सुनिश्चित की गई है। हिमाचल जैसे राज्य के लिए ओपीएस का बोझ एक दैत्य स्वरूप में इसलिए भी डराने लगा है क्योंकि केंद्र ने एनपीएस के 9600 करोड़ दबा रखे हैं तथा ऋण की व्यवस्था में दामन पर छेद बढ़ाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा। यूपीएस की तरफ मुड़ कर फौरी तौर पर राज्य को 1600 करोड़ प्राप्त होंगे, जबकि एनपीएस के फंसे हुए पैसों को वापस लेने की वकालत को भी नए तर्क और सद्भावना का परिचय मिल सकता है। केंद्रीय प्रस्ताव को अनुमति देने का दबाव इसलिए भी है कि प्रदेश का वित्तीय बिल केवल ओपीएस की मांद में ही गुल हो जाएगा। यह समाधान ऐसे वक्त का तकाजा बन रहा है, जब हिमाचल की वर्तमान सरकार को केंद्र से अपने आर्थिक व वित्तीय अधिकार प्राप्त करने में दिक्कत आ रही है।

यह अलग बात है कि यूपीएस के प्रस्ताव पर सरकार को अपने पूर्व स्टैंड और गारंटियों का आकाश बदलना पड़ेगा, लेकिन प्रदेश की आर्थिक सेहत के लिए यह विकल्प नई सांसें लेकर खड़ा है। आर्थिक दबाव में सुक्खू सरकार को अभी कई फैसले तुरंत लेने की दरकार है। ये तमाम कटौतियां राजनीतिक परंपराओं के खिलाफ और पिछले वादों के प्रतिकूल भी हो सकती हैं। बिजली कर्मी अगर काले बिल्ले लगा रहे हैं, तो इस आक्रोश के सामने प्रदेश की हकीकत की चेतावनी खड़ी है। केवल कर्मचारी ही प्रदेश की मिलकीयत नहीं, बल्कि समाज के चूल्हों पर जो दाल चढ़ी है, उसके स्रोत केवल सरकारी नौकरी नहीं। सरकारी कर्मचारी व तमाम पेंशनधारकों को मिला दें, तो यह लाभकारी कुनबा केवल साढ़े चार लाख लोगों का है। इसके बरअक्स निजी धंधों, स्वरोजगार व निजी क्षेत्र में पैदा हो रहे रोजगार का मूल्यांकन करें, तो करीब पच्चीस लाख लोग अपनी मेहनत से दो जून की रोटी उगा रहे हैं। ऐसे में राज्य को सरकारी नौकरी के पोखर में फेंक दें या ऐसे निवेश और अधोसंरचना के निर्माण में धन लगाएं, जो निजी क्षेत्र में रोजगार के अधिकतम अवसर पैदा करे। बहरहाल, सरकार बिजली बोर्ड में सरप्लस कर्मचारियों का युक्तिकरण करके इसकी कार्यशैली को सुधारना चाहती है। छह से सात सौ के करीब पदों की समाप्ति का अर्थ केवल कर्मचारी साम्राज्य की कतरब्योंत है या घाटे में से इतने पदों की पगार व अन्य भत्तों को हटाकर बोर्ड की वित्तीय चुनौतियों का हल निकालना है। अनावश्यक खर्चों के जमावड़े में कई बोर्ड-निगमों के कर्मचारियों का युक्तिकरण, ऐसे नियुक्तिकरण को बल दे सकता है जिसकी कोई जवाबदेही भी हो। बिजली बोर्ड के साथ ही परिवहन निगम के घाटे को भी डिपो की अनावश्यक संख्या और अफसरों की गैर जरूरी ब्रिगेड को हटा कर पूरा किया जाए, तो तर्क सार्थक होंगे, लेकिन यहां सरकारी ढांचे के कुल खर्चों को घटाने की ईमानदारी भी जांची जाएगी। कतरब्योंत अगर मुकम्मल करनी है, तो सत्ता की नियुक्तियों का खाद-पानी भी रोकना होगा।

## धार्मिक उन्माद का धर्मनिरपेक्षता से संतुलन, नियंत्रण

**संजीव ठाकुर**

धर्मनिरपेक्षता लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण संवेदनशील एवं शाश्वत सिद्धांत है। धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व कहै। जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित है। धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव है। पर भारत में धर्मनिरपेक्षता संविधान की लकीरों तक सीमित होकर रह गया है। मणिपुर और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में धर्म विशेष के आपसी झगड़ों के कारण धर्मनिरपेक्षता की आत्मा को गहरी चोट लगी है और धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक अस्तित्व में प्रश्नचिन्ह लगने लगा है। धर्मनिरपेक्षता एक व्यापक अवधारणा है इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है।इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग है। भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना भी है। पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। य।पि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैं। धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता है।

भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है।इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है। प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई है। भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान है। भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्जा प्रदान किया गया है। सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करें। भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती है। धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता है। भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता है। हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने समय-समय पर भारतीय धर्मनिरपेक्षता को सत्ता प्राप्त करने हेतु कमजोर करने की कोशिश की है, यह हमारी जिम्मेदारी तो है ही साथ ही आम जनता, राजनीतिक दलों,मीडिया एवं सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की महती जिम्मेदारी है कि भारतीय संविधान के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता का राजनीतिक, सामाजिक जीवन में पालन करें, जिससे हमारे देश का लोकतंत्र और अधिक सुदृढ़ होकर विश्व के लिए एक आदर्श प्रतिमान प्रस्तुत करें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**अरविंद केजरीवाल अन्ना की टोपी पहनकर ईमानदारी की राजनीति करके सत्ता में आए थे। दिल्ली की जनता उनसे संपूर्ण ईमानदारी की उम्मीद कर रहा था। तभी शराब नीति से जुड़े घोटाले में नाम आने और जांच शुरू होने के साथ ही अगर वे इस्तीफा देते तो यह उनका बड़ा मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता था लेकिन कुर्सी से चिपके रहना उन्होनें पसंद किया। वह जेल में रहकर दिल्ली की सत्ता में बने रहना चाहते थे जिसने लोगों के मन में उनके प्रति धारणा बदली।**

# दिल्ली में आपदा की विदाई और भाजपा आई

दिल्ली की राजनीति में भाजपा की हालिया जीत और आम आदमी पार्टी की हार ने मौजूदा दौर में कई सवाल खड़े किए हैं। दिल्ली में जब चुनावी डुगडुगी बजी तो भाजपा और आप दोनों ही दलों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। पहले केजरीवाल दिल्ली के चुनावों में हमेशा नरेटिव बनाया करते थे और विपक्ष उसकी काट नहीं ढूंढ पाता था लेकिन इस बार भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी जीत के लिए एक सशक्त प्रचार रणनीति अपनाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैलियों में आप-दा ने दिल्ली का पैसा लूट लिया का बेहतर नरेटिव बनाकर भाजपा को प्रचार में आगे किया और केजरीवाल की रेवडी के नहले पर बड़ी रेवड़ी का दहला मारकर आप-दा पार्टी के कामकाज पर सवाल उठाए और दिल्ली की जनता से यह वादा किया कि भाजपा सरकार बनने पर विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। मोदी और अमित शाह का प्रचार अभियान बड़े पैमाने पर था, जो स्थानीय मुद्दों को लेकर जनता से जुड़ा हुआ था।



हर्षवर्धन पाण्डे

आप पार्टी के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह रही कि उसने पिछले कुछ वर्षों में जिन विकास कार्यों को सबसे बड़ी सफलता के रूप में प्रस्तुत किया था, वे अब जनता के लिए उतने प्रभावी नहीं रहे। शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली-पानी के मुद्दों पर भले ही आप ने दिल्ली के लोगों को आकर्षित किया हो लेकिन यह महसूस किया गया कि अब कुछ नया नहीं है। लोगों ने यह देखा कि आप की सरकार दिल्ली में कुछ बड़े मुद्दों को सुलझाने में विफल रही जैसे रोजगार, महिला सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण। इसके साथ ही यमुना की साफ़ सफाई नहीं हो सकी। आप पार्टी में आंतरिक कलह और नेतृत्व की कमी भी हार का एक बड़ा कारण बनकर सामने आई। पार्टी के भीतर लगातार आपसी विवाद और संगठन के भीतर असंतोष ने आम आदमी पार्टी की छवि को प्रभावित किया। रही सही कसर शराब घोटाले और उसकी टॉप लीडरशिप के जेल जाने ने पूरी कर दी।

अरविंद केजरीवाल का नेतृत्व इस बार उतना प्रभावी नहीं था, जितना पहले था।दिल्ली में भाजपा ने एक बड़ी रणनीति के तहत पूर्वांचल समुदाय के लोगों के वोट बैंक के साथ महिला वोट बैंक और कुछ झुग्गियों के वोट बैंक को अपने पाले में खींचने में सफलता हासिल की। भाजपा ने अपनी रैलियों में स्थानीय मुद्दों को बेहतर तरीके से उठाया और यह संदेश देने की कोशिश की कि केवल वे ही दिल्ली के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में यह रणनीति काम आई, क्योंकि भाजपा ने हर वर्ग को आकर्षित करने के लिए अपनी विचारधारा को मजबूती से प्रस्तुत किया इसमें कोई संदेह नहीं है कि केजरीवाल को मात देने हेतु भारतीय



जनता पार्टी और संघ ने पूरा दम लगाया। उसने धारणा के स्तर पर केजरीवाल की कट्टर ईमानदार की छवि भंग कर दी थी और माइक्रो मैनेजमेंट किया। अरविंद केजरीवाल अन्ना की टोपी पहनकर ईमानदारी की राजनीति करके सत्ता में आए थे। दिल्ली की जनता उनसे संपूर्ण ईमानदारी की उम्मीद कर रहा था। तभी शराब नीति से जुड़े घोटाले में नाम आने और जांच शुरू होने के साथ ही अगर वे इस्तीफा देते तो यह उनका बड़ा मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता था लेकिन कुर्सी से चिपके रहना उन्होनें पसंद किया। वह जेल में रहकर दिल्ली की सत्ता में बने रहना चाहते थे जिसने लोगों के मन में उनके प्रति धारणा बदली। जेल से छूट गए तो खुद को सीएम के रूप में मतदाताओं के बीच प्रोजेक्ट करने लगे इससे सीएम की बनने की उनकी महत्वाकांक्षाएं फिर से जगी।

जेल जाकर सीएम बने रहना उनको भारी पड़ गया और शराब घोटाले में उन पर गंभीर आरोप लगे जो प्रकरण अभी भी न्यायालय में विचाराधीन है और वह बेल पर हैं। केजरीवाल के जेल जाने से दिल्ली पूरी तरह से ठहर सी गई। अरविन्द ने पिछले वर्ष के बजट में महिलाओं को नकद पैसे देने की घोषणा की थी लेकिन इस साल फरवरी के चुनाव तक महिलाओं को कोई पैसा नहीं मिला। उल्टा ये देखा गया महिलाओं से जो फार्म भरवाए गए वो कूड़े के ढेर में पाए जाने के वीडियो खूब वायरल हो गए। मैंने दिल्ली के रामलीला मैदान में अन्ना आंदोलन के दौर को करीब से देखा था ।तब समाज के हर तबके ने अन्ना के आंदोलन में प्रतिभाग किया था और अरविन्द की पार्टी आप ने भी समाज के हर तबके को अपनी फ्री की रेवड़ियों के द्वारा आकर्षित किया था लेकिन शराब घोटाले के बाद दिल्ली में हर वर्ग में उनको लेकरअसंतोष बढ़ने लगहै। खासकर उन लोगों को निराशा हुई जो केजरीवाल एक माध्यम से व्यवस्था परिवर्तन की बड़ी उम्मीदें लगाए बैठे थे। दो साल पहले एमसीडी में बहुमत के बाद भी दिल्ली की बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी समस्याएं दुरुस्त नहीं हो पाई। जगह-जगह कूड़े के ढेर, सीवर की समस्याओं और बढ़ते प्रदूषण से लोग त्रस्त हो गए। उनके जेल में होने से पांच महीने तक सारे कामकाज ठप्प रहे। पार्टी ने जिस तरह से लोगों की बुनियादी को नजरअंदाज किया, उससे जनता में आप के खिलाफ बड़ी निराशा फैली।

आम आदमी पार्टी की दिल्ली में हार, एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम के रूप में उभरी है, जिसने न केवल दिल्ली की राजनीति को प्रभावित किया है, बल्कि देशभर में इसके असर को महसूस किया जा रहा है। यह हार उस समय हुई जब पार्टी की उम्मीदें और राजनीतिक ताकत अपने उच्चतम बिंदु पर थी और एक मजबूत चुनावी आधार पर खड़ी थी। दिल्ली में आप और कांग्रेस का गठबंधन नहीं होने से उनका कुछ वोट कांग्रेस के पास चला गया जिससे आप को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा। केजरीवाल ने अपने पुराने कई साथियों की टिकट काट दी और दूसरे दलों से आये उम्मीदवारों को पैसा लेकर जमकर टिकट बांटी जिसका उनको बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। जिन 27 नए लोगों को टिकट दी थी उनमें से 20 लोग चुनाव हार गए। शीशमहल विवाद ने केजरीवाल की छवि को चुनौती दी है। इस पर सवाल उठने लगे हैं कि क्या एक नेता जो भ्रष्टाचार के खिलाफ जन आंदोलन चला रहा था, वह इतनी भव्यता और विलासिता में रहना आखिर सत्ता में आने के बाद कैसे पसंद कर सकता है ?यह कदम एक प्रकार से केजरीवाल की उस छवि के विपरीत है जो उन्होंने खुद को एक फ्लोटर सैंडल पहने साधारण आदमी नेता के रूप में पेश की थी। इस विवाद ने जनता और उनके कार्यकर्ताओं को एक मौका दिया है कि वह उनके नेतृत्व पर सवाल उठाएं और यह आरोप लगाएं कि वे भी सत्ता में आने के बाद वही सब कुछ करने लगे हैं, जिसे वे पहले भ्रष्ट मानते थे। शीशमहल का विवाद न केवल आम लोगों में असंतोष का कारण बना है, बल्कि पार्टी के भीतर भी इस पर आवाजें चुनावों से पहले आने लगी थी। केजरीवाल ने अपने 10 साल की सफलता का पैमाना मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, महिलाओं को मुफ्त बस मान लिया।

# रेडियो आज भी मीडिया संचार का सबसे सस्ता, सुलभ माध्यम

**रेडियो वह संचार का माध्यम है जो विश्व स्तर पर श्रोताओं के बीच आज भी खबरों के कारगर साबित हो रहा है। वह इस तरह की कोई गाड़ी चलाते खबरे सुन रहा, कोई खेत खलियान में बैठे मौसम का हाल जान रहा तो कोई फील्ड में बैठे खेल से जुड़ी बुलेटिन और कमेंट्री सुन रहा, कोई कम्पनी में नाईट शिफ्ट में काम करते हुए भी देश दुनिया की खबरों से रूबरू हो रहा है और गीत संगीत का आनंद भी उठा रहा है। विद्यार्थी शिक्षा से जुड़ी ज्ञान की बातें एक्सपर्ट से सुन रहे हैं तो किसान कृषि वैज्ञानिक से फसल की देख-भाल की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।**

पूरे विश्व मे आज भी मीडिया संचार के टूल्स के रूप में रेडियो का दबदबा बरकार है। यह सबसे सस्ता और सुलभ के साथ-साथ बिना इंटरनेट व डाटा के साथ सुदूर इलाकों तक आसानी से पूरी दुनिया की सम सामयिक घटना चक्र से अवगत कराता है। भले ही आज के डिजिटल युग और नेट संचार के विभिन्न माध्यम जैसे टेलीविजन, सेलेटाईट चैनल, यूट्यूब और वेब संचार ने अपनी एक अलग जगह बनाई है। लेकिन देश-दुनिया की ताजा तरीन खबरों के लिए आज भी रेडियो का क्रेज बरकरार है। आज भी सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अपने रेडियो में मात्र दो बैट्री सेल लगा कर एक महीने भर तक खबरे ही नही सुनते हैं बल्कि खेती किसानी से जुड़ी महत्पूर्ण जानकारी के साथ मनोरंजन हेतु हॉलीवूड से लेकर बॉलीवुड तक के गाना और प्रादेशिक संगीत भी सुनते हैं। ऐसा नही है कि रेडियो केवल ग्रामीण क्षेत्र में ही सुना जा रहा है बल्कि अब तो शहरों में वही रेडियो जो अब एफ एम के नाम से लोग दिन भर सुन रहे हैं। यानी रेडियो वही है बस नाम बदल कर उसे कम्युनिटी रेडियो के नाम पर एफ एम रेडियो अर्थात फ्रिकुऐंसी मॉड्यूलेशन हो गया हैं। जो कि 88 से लेकर 108 मेघा हॉर्स बैंड पर चलता है। इसके लिए भी आप को किसी भी प्रकार की नेट की जरूरत नही है। लेकिन डिजिटल क्रांति ने इसमें अब ये सुविधा जरूर दे दी है कि उस रेडियो प्रोग्राम को जो की सीधा प्रसारित होता है किसी कारण से आप ने उसे उस समय नही सुन सके तो आप उसे उस रेडियो के द्वारा बनाए गए एप्प्स पर नेट के जरिये कभी भी और किसी समय भी अपनी सुविधा के अनुसार सुन सकते हैं। अब बात करते हैं कि आखिर आज 13 फरवरी को ही विश्व रेडियो दिवस क्यों मनाया जाता है तो यहाँ बताते चलें कि 13 फरवरी को ही 1946 ई.में संयुक्त राष्ट्र ने इसकी आधिकारिक दिवस के रूप में मनाने की अनुसंशा की थी। उसके बाद यूनेस्को के सदस्य देशों द्वारा 2011 में आधिकारिक तौर पर समर्थन और फिर संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 2012 में अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में स्वीकार कर लिया गया। तब से पूरे विश्व मे 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस अर्थात वर्ल्ड रेडियो डे मनाया जाता है। इस दिवस को पूरे विश्व स्तर पर मनाने का उद्देश्य रेडियो के प्रसारण के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना, विभिन्न नेटवर्क एवं लोकल रेडियो स्टेशनों तक सूचना व खबर को पहुँचाना है ताकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बढ़ावा मिल सके। साथ ही साथ आम जनता और मीडिया के बीच जागरूकता को बढ़ावा देना भी है। जिससे रेडियो के ब्रॉडकास्टर और नेटवर्किंग के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत किया जा सके। रेडियो संचार का बहुत ही कम लागत वाला साधन है। यानी यह गरीब व मध्यम वर्ग के लिए तो बहुत ही आसान मीडिया संचार का माध्यम है। रेडियो वह संचार का माध्यम



एनाएतुल्लाह नन्हे




है जो विश्व स्तर पर श्रोताओं के बीच आज भी खबरों के कारगर साबित हो रहा है। वह इस तरह की कोई गाड़ी चलाते खबरे सुन रहा, कोई खेत खलियान में बैठे मौसम का हाल जान रहा तो कोई फील्ड में बैठे खेल से जुड़ी बुलेटिन और कमेंट्री सुन रहा, कोई कम्पनी में नाईट शिफ्ट में काम करते हुए भी देश दुनिया की खबरों से रूबरू हो रहा है और गीत संगीत का आनंद भी उठा रहा है। विद्यार्थी शिक्षा से जुड़ी ज्ञान की बातें एक्सपर्ट से सुन रहे हैं तो किसान कृषि वैज्ञानिक से फसल की देख-भाल की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। इस सब के लिए रेडियो पर लाभ लेने के लिए बिजली की भी जरूरत नही है। बल्कि मामूली खर्च है यानी सेल वाली बैट्री से रेडियो का प्रसारण अनवरत जारी रहता है। भले ही आज डिजिटल युग मे लोग इंटरनेट सर्फिंग में लगे हैं और यूट्यूब व वेब प्लेटफार्म पर मनोरंजन का साधन ढूंढ कर लाभ ले रहे हैं लेकिन उसके बाद भी कहीं से भी रेडियो की हैसियत कम नही हुई है। आज भी ग्रामीण व सुदूर क्षेत्रों में ग्राम सभा व चौपाल में लोग रेडियो सुनते हैं। यहाँ बताते चलें कि किसी देश मे आपात काल या तख्ता पलट के समय सबसे पहले रेडियो का ही सहारा लिया जाता है चाहे वह पॉजिटिव कार्य के लिए हो या निगेटिव कार्य के लिए। रेडियो अंग्रेजी शब्द है जिसे ट्रांजिस्टर और रिसीवर भी वैज्ञानिक भाषा मे कहते हैं। जिसका आविष्कार इटली के रहने वाले वैज्ञानिक मार्कोनी ने किया था। जिन्होंने आज से 130 साल पहले यानी सन 1895 ई. में पहला रेडियो सिग्नल भेजने में कामयाबी हासिल की। जिसके बाद उन्होंने एक वर्ष बाद यानी सन 1896 ई. को इंग्लैंड जाकर रेडियो को अपने नाम से पेटेंट कराया। रेडियो आविष्कार के पाँच साल बाद भारत में जगदीश चन्द्र बसु और इटली में मार्कोनी ने सन 1900 ई. में इंग्लैंड और अमरीका में बेतार संदेश (वायरलेस मैसेज) भेजकर व्यक्तिगत रूप से रेडियो संदेश भेजना प्रारम्भ किया। उसके बाद ही विधिवत रूप से ब्रॉडकास्टिंग की शुरुआत सन 1906 ई. में हुई। किन्तु उस समय रेडियो का इस्तेमाल केवल नौसेना अर्थात नेवी के लोगों तक ही सीमित था। जबकि सन 1917 ई. में हुई प्रथम विश्व युद्ध के बाद किसी भी गैर फौज़ी के लिये रेडियो का इस्तेमाल करने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लग गया था। विश्व का पहला रेडियो स्टेशन सन 1918 ई. में अमेरिका के न्यू यॉर्क में शुरू हुआ लेकिन पुलिस ने कुछ कारणों से उसे बंद करा दिया। उसके एक साल बाद यानी सन 1919 ई. में सैन फ्रैंसिस्को में एक और रेडियो स्टेशन शुरु हुआ। लेकिन कानूनी तौर पर मान्यता सन 1920 ई. को मिली और यहीं से हुई शुरुआत के बाद मात्र कुछ ही वर्षों मे पूरे विश्व मे सैकड़ों रेडियो स्टेशनों खुल गएं। जिनमे ब्रिटेन (लंदन) से बीबीसी, अमेरिका (यूएसए) से सीबीएस और एनबीसी जैसे सरकारी रेडियो की शुरआत हुई। उसके बाद जर्मनी से डच रेडियो शुरू हुआ। जो आज के परिवेश में भी बीबीसी का क्रेज अभी भी जस का तस बरकरार है। रेडियो शुरू होने के दो दशक बाद इसे कमर्शियल किया गया और सन 1923 ई से रेडियो पर विज्ञापन की शुरुआत हुई। जब रेडियो की कहानी शुरू हो ही गई तो सबसे दिलचस्प यादगार को भूलना नही चाहिए। वह दिन हमेशा याद रहेगा जब सन 1941 ई. के नवंबर महीने में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने रेडियो जर्मनी से भारतवासियों को संबोधित किया था। भारत मे रेडियो की शुरुआत या प्रसारण सन 1927 ई. में हुई लेकिन तब तक रेडियो का कोई नाम नही दिया गया था फिर सन 1937 ई. में इसे ऑल इंडिया रेडियो (एआईआर) नाम दिया गया। फिर देश की आज़ादी के एक दशक बाद सन 1957 ई. में इसका नाम बदल कर आकाशवाणी कर दिया गया। आकाशवाणी नाम संस्कृत भाषा से लिया गया है। इस शब्द का अर्थ आकाश से आने वाली वाणी यानी आकाशीय आवाज है। वर्तमान में भारत के लगभग हर जिला में कम्युनिटी रेडियो स्टेशन के नाम पर एफ एम रेडियो का केंद्र खुल चुका है।

# महाकुंभ : भारत की सांप्रदायिक सद्भाव व सांस्कृतिक विरासत

**मोहम्मद सलीम**

**कुंभ मेला, जिसे अक्सर पृथ्वी पर सबसे बड़ी मानव सभा के रूप में वर्णित किया जाता है, हिंदुओं के लिए एक पवित्र घटना है, जो लाखों लोगों को पवित्र संगम-गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम की ओर आकर्षित करता है। हालाँकि, इस वर्ष की घटना मौनी अमावस्या (29 जनवरी, 2025) पर एक दुखद भगदड़ से प्रभावित हुई, जिसमें कुछ लोगों की जान चली गई और कुछ घायल भी हुए। इस त्रासदी के सामने, प्रयागराज के लोग, विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय, मानवता और एकता की सच्ची भावना को मूर्त रूप देते हुए इस अवसर पर आगे बढ़े।**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित होने वाला महाकुंभ मेला 2025 केवल एक धार्मिक सभा नहीं है, बल्कि विविधता में भारत की एकता का एक गहरा उत्सव है। लाखों भक्तों के बीच, यह कार्यक्रम सांप्रदायिक सद्भाव के दिल को छू लेने वाले कार्यों के लिए एक मंच बन गया, जो भारत की साझा सांस्कृतिक विरासत की स्थायी भावना को प्रदर्शित करता है। विभाजन पैदा करने के लिए मुट्ठी भर नफरत फैलाने वालों के प्रयासों के बावजूद, भारत के लोगों ने प्रदर्शित किया कि शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और आपसी सम्मान राष्ट्र की पहचान की आधारशिला है।

कुंभ मेला, जिसे अक्सर पृथ्वी पर सबसे बड़ी मानव सभा के रूप में वर्णित किया जाता है, हिंदुओं के लिए एक पवित्र घटना है, जो लाखों लोगों को पवित्र संगम-गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम की ओर आकर्षित करता है। हालाँकि, इस वर्ष की घटना मौनी अमावस्या (29 जनवरी, 2025) पर एक दुखद भगदड़ से प्रभावित हुई, जिसमें कुछ लोगों की जान चली गई और कुछ घायल भी हुए। इस त्रासदी के सामने, प्रयागराज के लोग, विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय, मानवता और एकता की सच्ची भावना को मूर्त रूप देते हुए इस अवसर पर आगे बढ़े। संकट में फंसे हजारों भक्तों के लिए, स्थानीय मुस्लिम समुदाय ने आश्रय, भोजन और चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए अपने घर, मस्जिद और दिल खोल दिए। 25, 000 से अधिक तीर्थयात्रियों को जनसेन गंज रोड, नखास कोहना और खुलदाबाद जैसे पड़ोस की मस्जिदों, दरगाहों और इमामबाड़ों में रखा गया था। समुदाय ने भंडारा (सामुदायिक भोज) का आयोजन किया जिसमें हलवा पुरी जैसा भोजन परोसा जाता था और थके हुए तीर्थयात्रियों को चाय और पानी चढ़ाया जाता था। आतिथ्य का यह असाधारण प्रदर्शन केवल दयालुता का कार्य नहीं था, बल्कि भारत की गंगा-जमुनी संस्कृति का एक शक्तिशाली कथन था-आपसी सम्मान और सह-अस्तित्व की परंपरा जिसने सदियों से इस क्षेत्र को परिभाषित किया है। प्रयागराज में मुस्लिम समुदाय के कार्य इस बात की याद दिलाते हैं कि मानवता धार्मिक सीमाओं से परे है। बहादुर गंज के निवासी इरशाद ने इस भावना को तब व्यक्त किया जब उन्होंने कहा, वे हमारे अतिथि हैं, हमने उनकी पूरी देखभाल की। इसी तरह अपना चौक के एक शिक्षक मसूद अहमद ने जोर देकर कहा, ÷मुसलमान हिंदुओं को अपने धार्मिक दायित्वों को पूरा करने में मदद करके अपना धार्मिक कर्तव्य निभा रहे थे। हमारा उद्देश्य था कि जो लोग यहां आए हैं, उन्हें जीवन जीने में कोई समस्या न हो। ये शब्द भारत के बहुलवादी लोकाचार के सार को दर्शाते हैं, जहां विविध समुदाय आवश्यकता के समय सह-अस्तित्व और सहयोग करते हैं।



एकता की भावना का उदाहरण एक स्वयंसेवक फरहान आलम ने दिया, जिन्होंने दिल का दौरा पड़ने के बाद सीपीआर करके 35 वर्षीय भक्त राम शंकर की जान बचाई। एक वायरल वीडियो में कैद फरहान का तेज और निस्वार्थ अभिनय साहस और करुणा का प्रतीक बन गया, जो सभी को याद दिलाता है कि संकट के क्षणों में मानवता सबसे पहले आती है। महाकुंभ मेला 2025 में सांप्रदायिक सद्भाव के अन्य प्रेरक कार्य भी हुए। बुलंदशहर में, मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने कुंभ भक्तों की सुरक्षा और कल्याण के लिए चादर (कपड़ा) रखते हुए बने शरीफ की दरगाह में प्रार्थना की। एकजुटता के इस भाव ने भारत की साझा सांस्कृतिक विरासत को उजागर किया, जहां आस्थाएं और समुदाय एक-दूसरे के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं। प्रयागराज में, मुस्लिम उपासकों ने मौनी अमावस्या स्नान के लिए आने वाले भक्तों का फूलों और हिंदू तीर्थयात्रियों द्वारा पहने जाने वाले पारंपरिक कपड़े रामनामी अंगवस्त्र के साथ स्वागत किया। सम्मान और आतिथ्य का यह कार्य गंगा-जमुनी संस्कृति का एक मार्मिक अनुस्मारक था, जो आपसी प्रशंसा और भाईचारे पर पनपती है। अराजकता के बीच भी वसीउल्लाह मस्जिद के इमाम और स्थानीय समुदाय ने रोशन बाग पार्क में भक्तों के लिए भोजन और पानी के वितरण का आयोजन किया। इस तरह के सहयोगी प्रयासों ने सद्भाव और सेवा के लिए शहर की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया, यह साबित करते हुए कि आस्था और करुणा धार्मिक विभाजन से परे लोगों को एकजुट कर सकती है।

राजनीतिक लाभ प्राप्त करने की कोशिश कर रहे मुट्ठी भर लोगों द्वारा विभाजनकारी बयानबाजी के बीच, कुछ उदाहरण एक सामंजस्यपूर्ण भविष्य के लिए आशा और संभावना जगाने वाले पथप्रदर्शक के रूप में सामने आते हैं। महाकुंभ मेला 2025 में, प्रो. वी.के. त्रिपाठी ने कई अन्य लोगों को पीछे छोड़ दिया। घृणा और अन्य व्यवहार को समाप्त करने के संदेश को फैलाने वाले फ्लायरों के उनके वितरण ने एक चर्चा को जन्म दिया जो दर्शाता है कि सह-अस्तित्व और सांप्रदायिक प्रेम को खोजना मुश्किल नहीं है। उनके दृढ़ समर्पण की इस समाज को आवश्यकता है। शांति और सद्भाव के संदेश ने तीर्थयात्रियों के साथ एक प्रमुख संबंध स्थापित किया, इस विचार को रेखांकित करते हुए कि भारत के आम लोग नफरत से प्रेरित नहीं हैं, बल्कि भूमि और उसके साझा मूल्यों के साथ एक गहरे संबंध से प्रेरित हैं। यह भी इंगित करता है कि इस तरह के कार्य सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता, भाईचारे और करुणा को बढ़ावा देने वाले व्यापक आंदोलन को आकार देते हैं। त्रिपाठी की तरह हजारों गुमनाम नायक एकता, शांति और सद्भाव के संदेश के साथ पूरे भारत में घूम रहे हैं। एक साथ वे विभाजन की राजनीति के लिए एक शक्तिशाली विरोधाभास प्रदान करते हैं जो राष्ट्र को तोड़ने का प्रयास करती है। महाकुंभ मेला 2025 के कार्यक्रम इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि, ब्याज संचालित राजनीति के माध्यम से विभाजन बोने वालों के प्रयासों के बावजूद, भारत के लोग अपने आख्यानों को कम करना जारी रखते हैं। मुस्लिम समुदाय की उदारता, फरहान आलम की बहादुरी और शांति के लिए प्रो. त्रिपाठी की वकालत, ये सभी भारत की विशेषता वाले रोजमर्रा के सद्भाव की याद दिलाते हैं। दया और एकता के ये कार्य अलग-अलग क्षण नहीं हैं, बल्कि भारत की बहुलवादी संस्कृति के व्यापक ताने-बाने का हिस्सा हैं।

# सरकार द्वारा हर योजना में सन्त रविदास जी की भावनाओं को समाहित करते हुये दिया जा रहा है मूर्तरूप

- संत रविदास जी का पूरा जीवन ही एक संदेश है
- संत रविदास के का जीवन दर्शन आज भी पूरी तरह से प्रासंगिक
- हम सबको उनके जीवन से आदर्शों से लेनी चाहिए प्रेरणा: केशव मार्य



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने विचारों से सम्पूर्ण जगत में सामाजिक एकता व समरसता का सन्देश देने वाले, सामाजिक परिवर्तन के महानायक, परमज्ञानी संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की जयंती पर देश और प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। दी हैं। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर सन्त रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए भावपूर्ण व आत्मिक श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हर योजना में सन्त रविदास जी की भावनाओं को समाहित करते हुये मूर्तरूप दिया जा रहा है। संत रविदास जी का पूरा जीवन ही एक संदेश है। संत रविदास के का जीवन दर्शन आज भी पूरी तरह से प्रासंगिक है। हम सबको उनके जीवन से आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। वह सामाजिक समरसता व समानता के पोषक थे। इस अवसर पर उन्होंने रविदास की समाजोत्थान के प्रति समर्पित पंक्तियां दोहरायी। कहा कि सन्त रविदास ने कहा था प्रभु जी, तुम दीपक हम बाती, जाकी जोति बरै दिन राती।

प्रभु जी, तुम मोती, हम धागा जैसे सोनहिं मिलत सोहागा।। कहा कि गुरु रविदास जी का जन्म माघ महीने में पूर्णिमा (माघ पूर्णिमा) के दिन पर मनाया जाता है। रविदास जी जाति प्रथा के उन्मूलन में प्रयास करने के लिए जाने जाते हैं। गुरु रविदास जी ने आध्यात्मिकता के साथ ही समानता का संदेश दिया।रविदास पहले लोगों में से एक थे जिन्होंने तर्क दिया कि सभी के पास बुनियादी मानवाधिकार होना चाहिए। उनके द्वारा गाए गए दोहों और पदों से आम जनता का उद्धार हुआ। सन्त रविदास के दोहे ऐसा चाहूँ राज मैं जहाँ मिलै सबन को अन्न।छोट बड़ो सब सम बसै, रैदास रहै प्रसन्न÷ ।। को उद्धत करते हुए श्री मौर्य ने कहा कि इसका अर्थ है कि समाज के सभी वर्ग के लोगों के लिए चाहें वह छोटा हो या बड़ा ,एक ऐसे राज्य की कामना करते हैं ,जहाँ सभी सुखी हों, जहाँ सभी को अन्न मिले, जिसमें कोई भूखा-प्यासा न रहे, जहाँ कोई छोटा-बड़ा न होकर एक समान हो।

डबल इंजन की सरकार ने केंद्र एवं प्रदेश की प्रत्येक योजनाओं का लाभ, गरीब, मजदूर, महिला, किसान एवं नौजवानों को देने का काम किया है। गांव-गरीब के विकास के लिए पिछले कई सालों में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, जिसमें हर गरीब को पक्का मकान, शौचालय, सड़क, बिजली, पानी, तथा मुफ्त राशन इत्यादि अनेक गरीब कल्याण की योजनाएं संचालित हैं।

## प्रो. जय शंकर बने एमएसजेई के स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य

**लखनऊ।** प्रोफेसर जय शंकर प्रसाद पाण्डेय, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग (परास्नातक एवं शोध), बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पी.जी. कॉलेज (केकेवी), को भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की स्क्रीनिंग कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। खास बात यह है कि उत्तर प्रदेश से वे एकमात्र व्यक्ति हैं, जिन्हें इस समिति में सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। समाज सेवा के प्रति प्रो. पाण्डेय की असीम निष्ठा और समर्पण भाव सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अपने बहुमूल्य समय से समाज को संगठित करने और संगठन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस प्रतिष्ठित समिति के अलावा प्रो0 पांडे कई समितियों के सदस्य के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं।



# लखनऊ के लोगों को इस बरसात जलभराव से मिलेगा निजात

**अवधनामा संवाददाता**

- 2500 करोड़ की लागत से इन इलाकों के नालों का होगा जीर्णोद्धार



**लखनऊ।** बारिश के साथ ही जलभराव का दर्द सामने दिखने लगता है और कई इलाकों में तो पानी घरों तक में घुस जाता है। कारण जलनिकासी का पर्याप्त इंतजाम का अभाव है। पुराने नाले ही शहर का पानी नदी में ले जा रहे हैं, जबकि समय के साथ आबादी में कई गुना तक वृद्धि हो चुकी है।

ऐसे में शहर में ड्रेनेज प्लान की जरुरत महसूस की जाने लगी है। संपूर्ण प्लान बनाने पर करीब ढ़ाई से तीन हजार करोड़ का खर्च आंका गया है, जिसमें से एक हजार करोड़ की योजना बनाकर शासन को भी भेजी गई है, जिसमें से साढ़े चार करोड़ की मंजूरी भी मिल चुकी है।

अभी हैदर कैनाल, सरकटा नाल पाटा नाला, नगरिया, गौसनगर, किला मोहम्मदी जैसे नाले ही शहर की जलनिकासी कर रहे हैं। इसमें अधिकांश नालों का पानी गोमती नदी में ही जाता है, जबकि कुकरैल नदी में गिरने वाले ट्रांस गोमती के 55 नालों का पानी भी गोमती में ही जाता है। जलनिकासी का बुरा हाल यह है कि गोमतीनगर को बसाने वाले एलडीए की योजना का ही हाल है कि हाई कोर्ट परिसर तक में पानी भर जाता है और कोर्ट को कई बार नाराजगी भी जतानी पड़ी थी। जिसके बाद आइआइटी रुड़की के विशेषज्ञों की मदद से हाईकोर्ट के पास जलनिकासी का प्लान बनाकर वहां व्यवस्थाएं बेहतर करने का काम चालू हो पाया था। इसी तरह कई वीआईपी इलाके तक जलभराव से अछूते नहीं रह पाते हैं और पिछली बारिश में तो विधान भवन परिसर तक में पानी भर गया तो राजभवन तक में जलभराव का संकट गहराने लगा था।

बारिश में अवैध कॉलोनियों का बुरा हाल होता है, जिसे जलनिकासी का व्यवस्था का इंतजाम किए बिना ही बसा दिया गया था। इनकी संख्या में करीब सात सौ के आसपास है। फैजुल्लागंज, सरोजनीनगर, ठाकुरगंज, इस्माइलगंज समेत शहर की सीमाओं पर बनी अनियोजित कालोनियों में तो बारिश के बाद कई कई दिनों तक पानी भरा रहता है। ऐशबाग की रामनगर कालोनी को एलडीए ने बसाया था, लेकिन 40 साल बाद भी यहां के निवासियों को जलभराव से कोई राहत नहीं मिल पाई है।

# कंपनियों को विद्युत नियामक आयोग ने जारी किया ट्रांसमिशन लाइसेंस

**अवधनामा संवाददाता**

- पावर कारपोरेशन में मचा हड़कंप

**लखनऊ।** जेवर ट्रांसमिशन लिमिटेड तिर्वा ट्रांसमिशन लिमिटेड सहित मेरठ शामली पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड कि याचिका पर 15 जनवरी को आम जनता की सुनवाई के बाद अंततः विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह की तरफ से तीनों निजी कंपनियों को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 14 व 15 के तहत ट्रांसमिशन लाइसेंस निर्गत करने का आदेश जारी कर दिया गया है। यह लाइसेंस 25 वर्ष वह अगले 10 वर्ष के विस्तार के साथ 35 वर्षों के लिए होगा ट्रांसमिशन लाइसेंस का आदेश जारी होने के बाद दक्षिणांचल व पूर्वांचल के 42 जनपदों के निजीकरण के मामले में नया पेच फसता दिख रहा है ।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आम जनता की सुनवाई में यह मुद्दा उठाया था इन तीनों निजी कंपनियों द्वारा जो ट्रांसमिशन सब स्टेशन ट्रांसमिशन लाइन व अन्य कार्य किया जा रहे हैं उस पर जो खर्च हुआ है उसमें जेवर ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा 713 करोड मेरठ शामली द्वारा लगभग 164 करोड और तिर्वा ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा लगभग 136 करोड खर्च किया जा रहा है जिसकी भरपाई अगले 35 वर्षों तक पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन सहित प्रदेश की बिजली कंपनियां बहन करेगी जिसमें दक्षिणांचल व पूर्वांचल भी शामिल है इन दोनों कंपनियों का निजीकरण हो रहा है तो आने वाले समय में इन तीनों निजी कंपनियों द्वारा जो पूर्वांचल व दक्षिणांचल के साथ ट्रांसमिशन सर्विस एग्रीमेंट (टीएसए) 35 वर्षों के लिए किया गया है उसका क्या होगा।

## नौ अपराधियों के खिलाफ थानाध्यक्ष ने दर्ज कराया गैंगस्टर का मुकदमा

**भरूआ सुमेरपुर।** तेरह माह बाद थानाध्यक्ष ने बैंक मित्र से लूट करने वाले नौ आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है। गैंग लीडर के खिलाफ हत्या लूट जैसे जघन्य मामलों के कई मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2023 में 26 दिसंबर को बैंक मित्र सुशील सिंह इंडियन बैंक से रुपए निकाल कर देवगांव जा रहा था। सुमेरपुर एवं देवगांव के मध्य असलहाधारी बदमाशों ने बैंक मित्र को रोककर असलहों की दम पर डेढ़ लाख रुपए नकद, लैपटॉप, मोबाइल, बाइक,चाबी आदि लूट ली थी। पुलिस ने 28 दिसंबर को गैंग लीडर शाहरुख खान को मुड़भेड में गिरफ्तार किया था। घटना के तेरह माह गुजर जाने के बाद थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने गैंग लीडर सहित गिरोह के नौ सदस्यों को नामजद करके गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है।

# 'तेली' जाति ओबीसी की केंद्रीय सूची में शामिल, एआइपीएमएम ने व्यक्त की खुशी

**अवधनामा संवाददाता**

- राजस्थान हाई कोर्ट का ऐतिहासिक निर्णय: जाति 'तेली' को ओबीसी आरक्षण का लाभ सभी धर्मों के लिए लागू

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज राजस्थान हाई कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले का हृदय से स्वागत करता है, जिसमें न्यायालय ने यह स्पष्ट किया है कि 'तेली' जाति, जो ओबीसी की केंद्रीय सूची में शामिल है, का लाभ सभी धर्मों के लोगों को समान रूप से मिलेगा। यह निर्णय न केवल 'तेली' जाति बल्कि पूरे समाज के लिए एक मिसाल साबित होगा।

न्यायालय ने कहा कि 'तेली' जाति का गठन उनके पारंपरिक व्यवसाय के आधार पर हुआ है, न कि धर्म के आधार पर। संविधान के अनुच्छेद 15 और 16 के तहत किसी भी व्यक्ति के साथ धर्म, जाति, या अन्य किसी भी आधार पर भेदभाव करना असंवैधानिक है। यह निर्णय राजस्थान के सभी सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, और संस्थानों को निर्देश देता है कि वे 'तेली' जाति के अंतर्गत आने वाले किसी भी व्यक्ति को, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ प्रदान करें।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज इस फैसले को सामाजिक समानता और न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम मानता है। यह निर्णय यह सुनिश्चित करता है कि समाज के पिछड़े वर्ग, जिनका वर्गीकरण उनके पारंपरिक व्यवसाय के आधार पर किया गया है, उन्हें धार्मिक भेदभाव के बिना आरक्षण का लाभ दिया जाए। महाज का मानना है कि यह फैसला संविधान के अनुच्छेद 340, 341, और 342 के तहत जातिगत वर्गीकरण और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को और अधिक मजबूत करता है।

आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज इस फैसले को आधार बनाकर अन्य राज्यों में भी इसी तरह के मामलों को उठाने और जातिगत भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में कार्य करेगा। संगठन ने सरकार से यह मांग की है कि जिन जातियों का वर्गीकरण उनके व्यवसाय के आधार पर हुआ है, उन्हें बिना किसी धार्मिक भेदभाव के आरक्षण का लाभ दिया जाए। महाज ने सभी विभाग से संविधान के धर्मनिरपेक्ष और न्यायप्रिय सिद्धांतों का पालन करने की गुजारिश की है। यह निर्णय न केवल 'तेली' जाति बल्कि सभी पिछड़े वर्गों के लिए प्रेरणा और समानता का संदेश है। यह भारतीय समाज को एक धर्मनिरपेक्ष, न्यायपूर्ण, और समतामूलक समाज की दिशा में अग्रसर करेगा।

# गोमती बचाव अभियान के प्रारंभ का लिया गया संकल्प

**अवधनामा संवाददाता**

- सनातन महासभा की 135वी गोमती महाआरती व सनातन समागम का आयोजन

**लखनऊ।** सनातन महासभा की ओर से झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित माघी पूर्णिमा पर आयोजित सनातन महासमागम एवं 135वी आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन बुधवार को किया गया। संत रविदास जयंती पर उनके द्वारा सभी को अन्न एवं 15वी शताब्दी में फैले अंधविश्वास व पाखंड को दूर करने के लिए याद भी किया गया।

मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ 07 भव्य मंचो से पूज्य स्वामी आनंद नारायण जी, बाबा योग ज्योति व देवेंद्र शुक्ल के सानिध्य में हुई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख की ध्वनि से पूरा प्रांगण गुंजायमान रहा। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के पूर्व कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन व पूजन से हुआ और प्रद्युम्न व वेदांत बच्चों द्वारा शिवतांडव प्रस्तुत किया। इसके बाद महाकुंभ पर्व पर नवांशिका फाउंडेशन द्वारा निर्देशित गंगावतरणनृत्य नृत्य नाटिका का विशेष प्रस्तुति ने श्रद्धालुओ का मन मोह लिया। मद्य निषेध विभाग से जादू शो प्रस्तुत हुआ और सायं 4 बजे से आमजन के लिए निशुल्क दिव्यांग उपकरण रजिस्ट्रेशन, विधिक परामर्श शिविर एवं स्वैच्छिक विवाह रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन संस्था द्वारा किया गया। वरिष्ठ समाजसेवियो में डॉ0 राजेन्द्र पांडेय, डॉ0 धर्मेंद्र सिंह, डॉ0 शशि मिश्रा को सनातन शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान से पूर्व 15 विशिष्ट समाजसेवियों का मंच पर भारतीय संस्कृति के अनुसार जन्म दिन व विवाह वर्षगांठ भी धूमधाम से मनाई गई।

# शबे बराआत पर जलसा आज तैयारिया पूरी

**अवधनामा संवाददाता**



**अमरोहा।** मुस्लिम कमेटी अमरोहा के तत्वाधान में शब ए बरआत (14 शाबान उल मौअज्जम 1446 हिजरी) को अनार की ज्यारत बाज़ार शफात पोता रोड पर वार्षिक जलसा सीरते पाक सल्ल. (महफिले शबे नूर) रात्रि 8.30 बजे से निर्धारित स्थान पर अकीदत व एहतराम के साथ आयोजित होगा।

जलसे की तैयारी हेतु चेयरमैन मंसूर अहमद सिद्दीक़ी एडवोकेट के मौहल्ला कोट स्थित आवास पर एक आवश्यक मीटिंग अध्यक्ष हाजी खुरशीद अनवर की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसका संचालन मुस्लिम कमेटी (नि.क) के उपाध्यक्ष मौहम्मद हुसैन एडवोकेट ने किया। जानकारी देते हुए महासचिव सरपरस्त सरताज आलम मंसूरी ने बताया कि जलसे की तैयारी पूरी करली गई है। क़ारी मौहम्मद आसिम साहब की तिलावते कुरआन से जलसे का आगाज़ और मुरादाबाद से मुफ्ती दानिश क़ादरी, दारुल उलूम जामा मस्जिद से हजरत मुफ्ती रिफाकत हुसैन, हज़रत मुफ्ती जकवान साहब तथा डॉक्टर सैयद कौसर मुज्तबा साहब आदि बसीरत अफ़रोज़ तकरीर फरमाएंगे तथा मशहूर शोरा ए किराम देहली से तशरीफ ला रहे सूफ़ी इण्टर नेशनल मिशन के चेयरमैन डॉक्टर माजिद देवबंदी,मौलाना साद अमरोही, ज़ुबैर इब्ने सैफी, हाफिज शमीम अमरीहवी, सैयद रिजवान अब्बास आदि बारगाहे रिसालत में नातिया कलाम पेश करेंगे। जलसे की निज़ामत के फराइज़ हाजी खुरशीद अनवर (अध्यक्ष मुस्लिम कमेटी रजि0 अमरोहा) अंजाम देंगे।

जलसे की व्यवस्था को लेकर आज मुस्लिम कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक, परगना मजिस्ट्रेट सी ओ सदर, शहर कोतवाल आदि के साथ जलसास्थल का मुआयना किया और उनको जलसे में आमंत्रित किया। इस अवसर पर सरताज आलम मंसूरी, हाजी खुरशीद अनवर, मंसूर अहमद एडवोकेट, हाजी अब्दुल कय्यूम राईनी, क़मर नक़वी, अली इमाम रिज़वी, मरगूब सिद्दीकी, फ़हीम शाहनवाज, यासिर अंसारी, इकराम हुसैन ज़ैदी, फैज़ आलम राईनी, सरकार आलम, अदनान मसरूर, फारुक मंसूरी, अफसार बख्श आदि मौजूद रहे।

# टीएमयू में फिजिक्स की कॉन्फ्रेंस में जुटेंगे एक्सपर्ट्स

**अवधनामा संवाददाता**

- दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस के चार सत्रों में प्रजेंट होंगे 150 शोधपत्र

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में देश के जाने-माने फिजिक्स एक्सपर्ट्स जुटेंगे। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग- एफओई में आयोजित दो दिनी 05वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस में आईआईटी- हैदराबाद, एनपीएल- दिल्ली, एनआईटी समेत ये विशेषज्ञ न केवल अपने शोधपत्र पढ़ेंगे, बल्कि अपने अनुभव भी साझा करेंगे। 14 फरवरी से आयोजित इस कॉन्फ्रेंस के चार सत्रों में 150 से अधिक शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इनके अलावा नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन मैटेरियल्स एंड डिवाइसेज़- एनसीएमडी में 10 आमंत्रित विशेषज्ञ भी अपने रिसर्च पेपर प्रस्तुत करेंगे। इससे पूर्व सीएसआईआर के निदेशक प्रो. वेणुगोपाल अचंता एवम् टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन एलटी-06 में कॉन्फ्रेंस का संयुक्त रुप से विधिवत शुभारम्भ करेंगे। इस मौके पर जाधवपुर यूनिवर्सिटी के प्रो. केके चटोपाध्याय, बीएचयू की प्रो. नीलम श्रीवास्तव, हैदराबाद यूनिवर्सिटी के डॉ. एके चौधरी, एनआईटी- जालंधर के डॉ. प्रवीन मलिक, एएमयू- अलीगढ़ के डॉ. जयप्रकाश, आईआईटी- हैदराबाद के डॉ. योगेश श्रीवास्तव आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रहेगी। कॉन्फ्रेंस जनरल चेयर एवम् फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने बताया, यह कॉन्फ्रेंस फिजिक्स के रिसर्चर्स और स्टुडेंट्स के लिए मील का पत्थर साबित होगी। एनसीएमडी-2025 में सेमीकंडक्टर, सिरेमिक, कम्पोजिट पॉलीमर, बायोमैटेरियल्स, सेंसर्स, नैनोमैटेरियल्स आदि पर गहन मंथन होगा। उल्लेखनीय है, एफओई की ओर से यह कॉन्फ्रेंस 2020 से लगातार आयोजित हो रही है।

# जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के तहत जिले में चलाया जा रहा है अभियान

**अवधनामा संवाददाता**




- बाल विवाह के खिलाफ हयातनगर थाना प्रभारी ने पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई

**संभल।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा जिले के सभी थानों को जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी द्वारा चलाए जा रहे बाल अपराधों के खिलाफ अभियान में सहयोग करने के निर्देश दिये थे जिसके अनुपालन में बुधवार को थाना हयातनगर प्रभारी चमन सिंह ने थाने में कार्यरत सभी पुलिस कर्मीयों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। और सभी पुलिसकर्मियों को अपने अपने क्षेत्र में बाल अपराधों पर नियंत्रण करने में प्रयत्न संस्था का पूर्ण सहयोग करने के निर्देश दिये। जनपद सम्भल में बाल अपराधों के खिलाफ गौरीशंकर चौधरी लगातार अभियान चला रहे है और अब तक बहुत बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करा चुके है और बाल विवाह के साथ ही बाल तस्करी जैसे अपराधों को भी उजागर कर चुके है थानाध्यक्ष चमन सिंह ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है, जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा है। उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। इसलिए समाज में किसी भी बालिका का बाल विवाह न हो। बच्चे हमारे देश के भविष्य है और उनके अधिकारों की रक्षा करना पुलिस का कर्तव्य है अतः हम किसी भी हालत में बाल अपराध नहीं होने देंगे आम जनमानस भी अगर कहीं बाल अपराध होते देखते हैं तो पुलिस को 112 नंबर या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर अथवा जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की टीम को सूचना दे सकते है।

# हिंडाल्को ने राष्ट्रीय उपलब्धियों के लिए क्वालिटी सर्कल टीमों को किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/ रेणुकूट।** हिंडाल्को रेनूसागर ऑडिटोरियम में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रेणुकूट और रेनूसागर की क्वालिटी सर्कल (QC) टीमों की राष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धियों का जश्न मनाया गया। यह कार्यक्रम नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्टस (NCQC-2024) में हिंडाल्को टीमों की उत्कृष्ट सफलता के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था, जो 27 से 30 दिसंबर 2024 के दौरान ग्वालियर में हुआ था। टीटीएमडीसी रेनूसागर और एचएसई रेनुकूट टीम द्वारा संयुक्त रूप से रेणुसागर ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में हिण्डाल्को की विभिन्न क्वालिटी सर्कल टीमों को सम्मानित किया गया। इनमें QC जागरण (एलुमिना प्लांट), QC नवज्योति (रिडक्शन प्लांट), QC वैभव (फैब्रिकेशन प्लांट) और त्त्ष्ट साधना (सर्विस-वर्कशॉप) शामिल थीं। इन टीमों ने केस स्टडी प्रेजेंटेशन में पार एक्सीलेंस और एक्सीलेंस अवॉर्ड्स जीते। इसके अलावा, उन्होंने लाइव क्विज, बेस्ट मॉडल और बेस्ट स्किट प्रतियोगिताओं में भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार हासिल किए। हिंडाल्को-रेनूसागर की तीन क्वालिटी सर्कल टीमों ने भी NCQC-2024 में पार एक्सीलेंस अवॉर्ड्स जीतकर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इस विशेष अवसर पर, वरिष्ठ नेताओं ने क्वालिटी सर्कल टीमों को सम्मानित किया और उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में क्लस्टर एचआर हेड- जसबीर सिंह, यूनिट हेड, रेनूसागर पॉवर प्लांट राजेंद्र सिंह, एचआर हेड, रेनूसागर शैलेश सिंह तथा ईआर हेड- रेणुकूट अजय सिन्हा समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने टीमों के प्रयासों की सराहना करते हुए आगे भी इसी प्रकार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान क्वालिटी सर्कल सदस्यों ने NCQC-2024 में अपने अनुभव साझा किए और यह बताया कि उन्होंने QC टूल्स और तकनीकों का प्रभावी उपयोग कैसे किया। यह आयोजन टीटीएमडीसी रेनूसागर और एचएसई रेनुकूट टीम की देख-रेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। गौरतलब है कि, हिंडाल्को की क्वालिटी सर्कल टीमें निरंतर नवाचार और उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं, जिससे कंपनी की राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा और सुदृढ़ हुई है।

## दिशिता महिला मंडल रेनुसागर ने प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र किया वितरण

**सोनभद्र/अनपरा।** दिशिता महिला मंडल रेनूसागर की अध्यक्षा इन्दू सिंह के दिशा निर्देशन में सामाजिक उत्तररदायित्वों के प्रति महिला मंडल सतत् प्रयत्नशील रहा है। इसी श्रृंखला में सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं व बालिकाओं को सम्मानित कर बीते सोमवार को सिलाई प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की अध्यक्षा ने कहा कि अधिकांश महिलायें व बालिकाऐं निकटवर्ती क्षेत्र से है जीवन में परिवारिक दायित्वों के साथ कुछ न कुछ करना चाहती है ऐसे में दिशिता महिला मंडल रेनूसागर द्वारा सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से अपने हुनर को निखारने का अवसर प्रदान करता है। इस कार्यक्रम के तहत छः माह प्रशिक्षण देने के उपरान्त सिलाई प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरित किया गया। जिसमें गरबन्धा ,अनपरा व परासी के 19 लाभार्थियों ने प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

# विद्यार्थियों को तीर्थ स्थलों के नामों की भी दें जानकारी

**अवधनामा संवाददाता**



- डीएम ने शिक्षा विभाग की समीक्षा एवं शिक्षा विमर्श निपुण पीएम श्री विद्यालय की बैठक का आयोजन

**सम्भल (बहजोई)।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा एवं शिक्षा विमर्श निपुण सम्भल, पीएम श्री विद्यालय आदि की बैठक का आयोजन किया गया।

बालिका शिक्षा के अन्तर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की समीक्षा की गयी। शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए किए जाने वाले प्रयास को लेकर चर्चा की,ज्ञानम सीरीज को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बालिकाओं एवं स्टाफ को अपने-अपने क्षेत्र के पीएम श्री विद्यालयों का भ्रमण करवाएं। मेरी त्रुटियां मेरी सीख को लेकर भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बालिकाओं को जनपद के प्रमुख 87 तीर्थ स्थलों के नामों की जानकारी भी करायी जाए तथा सम्भल का पौराणिक मानचित्र भी प्रत्येक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में लगाया जाए। समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कपड़े सुखाने के लिए जाल भी लगाया जाए ताकि बंदरों से सुरक्षा भी हो सके।

जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं पीएम श्री विद्यालयों में वाद्य यंत्र की व्यवस्था की जाए। इसके उपरांत ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में 19 अवस्थापना सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई दिव्यांग सुलभ शौचालय, रैंप ,रसोईघर आदि को लेकर जानकारी प्राप्त की गयी तथा समस्त विकासखंड के अंतर्गत ऑपरेशन कायाकल्प के बिंदुओं पर संतृप्तिकरण न होने पर जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी ,अपर जिला पंचायत राज अधिकारी समस्त संबंधित खंड विकास अधिकारी एवं भूमि संरक्षण अधिकारी प्रभारी खंड विकास अधिकारी पवांसा तथा समस्त संबंधित एडीओ पंचायत, ग्राम पंचायत सचिव तथा डीसी सिविल सचिन के वेतन पर तत्काल रोक लगाने तथा समस्त संबंधित ग्राम प्रधान के मानदेय को रोकने के लिए निर्देशित किया।

एमडीएम को लेकर भी चर्चा की तथा डीटीएफ टास्क फोर्स के विद्यालय निरीक्षण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विद्यालयों में सबसे कम उपस्थिति है वहां खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षा चौपाल लगायी जाए तथा पांच अभिभावकों के घर भी जाएं। तिथि भोजन को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इसके उपरांत पीएम श्री विद्यालयों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। गवां नवीन, पाठकपुर, मुल्हैटा, अतरासी, धुरैटा, बबराला खेरिया रुद्र, आदि विद्यालयों को लेकर सीसीटीवी कैमरे, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, बाला पेंटिंग, चहारदीवारी, को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# बरसाना की लड्डू व लठामार होली फुहड़ व कान फोड़ संगीत बजाना रहेगा प्रतिबंध

- भजन के अलावा किसी प्रकार का संगीत बजेगा तो होगी कार्यवाई: एसडीएम
- उल्लंघन करने पर भेजा जाएगा जेल
- लोगों ने कहा कि गलियों पर नहीं लगाएं बेरियर

**अवधनामा संवाददाता**

**बरसाना (मथुरा)।** बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लड्डू होली व लठामार होली में लगने वाले भंडारे व संगीत कार्यक्रमों में बजने वाले डीजे पर अश्लील, फूहड़, कान फोडू संगीत नहीं बजेगा। अगर किसी ने बजाय तो उसको जेल भेजा जाएगा। यह जानकारी एसडीएम नीलम श्रीवास्तव ने कस्बावासियों के साथ थाना प्रांगण में हुई बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि यह होली विश्व प्रसिद्ध हैं यहां दुनियां भर के श्रद्धालु आते हैं उनसे सदव्यवहार किया जाए। ताकि यहां की अच्छी छवि लेकर जाएं। बैठक में कस्बा वासियों ने कस्बे की गलियों के बाहर बैरियर लगाने से उनको परेशानी होती है। इस बार गलियों पर बैरियर नहीं लगाए जाएं। एडीएम ने कहा कि इस बार किसी भी कस्बा वासी को परेशानी नहीं होगी। उनको अपने पास या आधार कार्ड रखना होगा। वहीं मंदिर जाने वाले रास्तों को वन वे रहेंगे। सभी श्रद्धालु राधा रानी मंदिर में सीढ़ियों के रास्ते मंदिर जाएंगे। दर्शन करने के बाद श्रद्धालुओं को जयपुर मंदिर के रास्ते, जाटव मोहल्ले होकर नीचे गोवर्धन रोड पर निकाला जाएगा। नंदगांव से आने वाले हुरियारों को नई सीढ़ियों के रास्ते रसोई घर में होकर मंदिर में अंदर प्रवेश मिलेगा। हुरियारों को मंदिर में होली खेलने के बाद सिंह पौर के रास्ते रंगीली गली होकर निकाला जाएगा। होली के दौरान कस्बे में घटिया किस्म का गुलाल पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान व्यापारियों व मिठाई विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी घटिया किस्म का गुलाल व मिलावटी मिठाई नहीं बेचें। एसडीएम गोवर्धन व चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी ने कस्बा वासियों से अपील की है कि दो दिन किसान भाई अपने पशुओं व बुग्गियों को घर से बहार न निकाले। सभी कस्बा वासियों ने होली का प्रसारण एलईडी लगाकर करने व होली का दायरा बढ़ाने की मांग की। जिसपर एसडीएम ने कहा सभी ग्रामीणों से कहा कि मेला आपका है आप सभी निर्णय ले उसके बाद हम आपकी मदद को तैयार हैं। मीटिंग में थाना प्रभारी अरविंद निर्वाल, एसडीओ संजय सिंह, संजय गोस्वमी, गोकलेश कटारा, लछ्मन प्रसाद शर्मा, हरिओम , दिनेश खंडेलवाल, नरेश चंद, प्रिया हलवाई, बबलु गोस्वामी, चन्दर गोस्वामी, कलुआ बघेल आदि मौजूद थे।

## एसएसबी के पांच दिन पुस्तक का हुआ विमोचन

**मथुरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मथुरा के सभागार में सुरक्षा एवं संरक्षा प्रशिक्षण के दौरान संस्थान के प्राचार्य एवं उपशिक्षा निदेशक राजेन्द्र बाबू ने प्रवक्ता गणों के साथ पुस्तक का विमोचन किया। लेखक को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी लगनशील रहने के लिए प्रेरित किया। पुस्तक के लेखक एवं पूर्व जेसीओ डॉ. रमेश चन्द ने बताया कि यह उनकी दसवीं पुस्तक है। इस पुस्तक का उद्देश्य उन गरीब परिवार के मेधावियों को लाभान्वित करना है जो भारतीय सेनाओं में अधिकारी बनने के लिए एनडीए या सीडीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर लेते हैं। लेकिन धन अभाव के कारण एसएसबी की कोचिंग नहीं ले पाते हैं। ऐसे गरीब मेधावियों के लिए यह पुस्तक रामबाण का कार्य करेगी। यह पुस्तक पुस्तकालयों में एवं गूगल पर निःशुल्क उपलब्ध रहेगी।

इस अवसर पर डॉ गौरी पांडे प्रवक्ता, कुसुमलता प्रवक्ता, मंटोस अग्रवाल संदर्भदाता, प्रवक्ता गण एवं प्रशिक्षु शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में डी जे के साथ निकाली गयी झाकियां

- आकर्षक झांकियो व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई संत शिरोमणि रविदास

**अवधनामा संवाददाता**



**सम्भल।** थाना नखासा क्षेत्र अंतर्गत संत शिरोमणि रविदास जयंती पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में हर्षोल्लास के साथ निकाली गई आकर्षक झांकियां। बुधवार को थाना नखासा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत लखौरी जलालपुर में हर वर्ष की भांति इस बार भी संत शिरोमणि रविदास की जयंती पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिससे राधा कृष्ण,शिवशंकर गोरा पार्वती,संत रविदास की झांकियां आदि डीजे के साथ निकाली गई। जिससे ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ हिस्सा लिया।और काफी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रहे।आपको बता दें की किशनलाल पुत्र हरिश चंद द्वारा पिछले आठ वर्षों से संत शिरोमणि रविदास जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों बढ़-चढ़ हिस्सा लेते हैं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा।उप निरीक्षक प्रवीन त्यागी पीएसी जवानों के साथ तैनात रहे ओर बहुत ही सुझबुझ के साथ कार्यक्रम को सम्पन्न कराया संत शिरोमणि रविदास जयंती कार्यक्रम के आयोजक विजय सिंह के नेतृत्व में अम्बेडकर धर्म शाला से प्रारंभ होकर झांकियां शुरू हुई और डाक खाना चौराहा,होली चौक होते हुए अम्बेडकर धर्म शाला पर कार्यक्रम का समान किया गया। पूजा आराधना की गई। कार्यक्रम में किशनलाल, रामचरन, मनोहर सिंह, कल्लू, जन्म सिंह, गोल्डी, मुकेश फौजी, बृजपाल सिंह, मुकेश कुमार सागर, नीटू, मदनलाल पोस्ट मैन, बिजेंद्र सिंह, गोपाल सिंह, मनोज कुमार, ओमप्रकाश गुरमित, हरविंदर, शालू सोरभ सोनू, चुनमुन, शिवम्, बिशाल, नन्हे, आदि उपस्थित रहे।

## माघ पूर्णिमा पर द्वारकाधीश मंदिर में गढा होली का डांढ

**मथुरा।** वसंत पंचमी के बाद से ब्रज के मंदिरों में होली का गुलाल लगा है। द्वारिकाधीश मंदिर में बुधवार की सुबह मंगल दर्शन से पहले होली महोत्सव का डाढ़ा परम्परागत रीति के साथ होली के पद गाते हुए गाढ़ दिया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं पर गुलाल उडाया गया। माघ पूर्णिमा पर होली का डाढ़ा गढ़ते ही मंदिर में होली का आनंद चरम पर पहुंच गया। द्वारिकाधीश मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि बुधवार से सुबह राजभोग के दर्शन के बाद ठाकुर द्वारिकाधीश को रसिया गायन द्वारकेश रसिया मंडल के कलाकारों द्वारा ढप की थाप पर ब्रज के प्रमुख रसियों को सुनाया। इस दौरान 'ऐसी होरी में लग जाए आग री कैसो चटक रंग डारो और आज बिरज में होरी रे रसिया, बरजोरी रे रसिया' आदि रसिया गायन सुनकर भक्त भव विभोर हो गए। इन रसियों का गायन मंदिर प्रांगण में एक माह तक सुनने को मिलेंगा। इस दौरान विभिन्न मनोरथ भी आयोजित किए जाएंगे। प्रमुख रूप से रंगभरनी एकादशी 11 मार्च को 84 स्तंभ का बगीचा और ठाकुर जी का डोल महोत्सव प्रारंभ हो जाएंगे।

# समय से कटौतियां जमा ना करने पर लग सकता है अर्थदंड : बरुन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** आयकर अधिनियमों के तहत स्त्रोत पर कटौती के संबंध में जानकारी के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से आयकर विभाग (टीडीएस), आगरा द्वारा एक कार्यशाला (वाह्य सम्पर्क कार्यक्रम) का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इसमें विभाग के सभी आहरण एवं वितरण अधिकारिओं ने भाग लिया। आऊटरीच प्रोगाम में आयकर आयुक्त (टीडीएस) कानपुर श्रीमती सुमाना सेन तथा अपर आयकर आयुक्त कानपुर तरुण कुशवाह के निर्देशानुसार संयुक्त रूप से आयकर अधिकारी बाला प्रसाद एवं बरुन कुमार सरकार द्वारा आयोजन किया गया। इसमें आयकर अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देते हुए टीडीएस व टीसीएस के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। स्त्रोत पर आयकर की कटौती तथा स्त्रोत पर कर संग्रह के प्रावधानों का विशेष रुप से उल्लेख किया गया। आयकर अधिकारी बाला प्रसाद ने जिले के सभी आहरण एवं वितरण अधिकारियों को निर्धारित दरों पर टीडीएस व टीसीएस की कटौती किये जाने जानकारी देते हुए कहा कि इस कटौती को समय से सरकारी कोष में जमा अवश्य करा दें। उन्होंने आयकर विवरणियों (त्रमासिक आयकर विवरणी) को भी समय से दाखिल किये जाने पर भी बल दिया। आयकर अधिकारी बरुन कुमार सरकार ने टीडीएस व टीसीएस की कटौती नियमानुसार न किए जाने की दशा में लगाई जाने वालेअर्थदंड तथा अभियोजन के संबंध में जानकारी दी। अधिकारियों ने टीडीएस व टीसीएस की जानकारी देते हुए कर संग्रह में पूर्ण सहयोग देकर राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने की अपील की। इस मौके पर आयकर अधिकारियों ने जिले के आहरण एवं वितरण अधिकारियों से आयकर के नियमों तथा टीडीएस व टीसीएस के प्रावधानों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित करने की अपेक्षा की। आयकर निरीक्षक दिलीप गुप्ता, राम आयकर निरीक्षक दिलीप गुप्ता, राम नारायण मीना, एवं मनोज दिवाकर ने इस आऊटरीच प्रोगाम को सुचारु रुप से आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# मथुरा में विभिन्न संगठनों के लोगों ने बनाई संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 648 वीं जयंती

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 648 वीं जयंती के उपलक्ष में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी डॉ,अंबेडकर सामाजिक अधिकार मंच के तत्वावधान में आयोजित पुष्पांजलि एवं शोभायात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूरन प्रकाश विधायक बलदेव एवं अशोक कुमार भूकेश,सेवानिवृत्ति अपर पुलिस अधीक्षक रहे पुष्पांजलि कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं समाज के गणमान्य लोगों के द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की अतिथियों द्वारा शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया शोभायात्रा संत रविदास आश्रम से प्रारंभ होकर डीग गेट भरतपुर गेट थाना कोतवाली होली गेट छता बाजार चौक बाजार मंडी रामदास, अर्जुनपुरा, होते हुए संत रविदास आश्रम पर संपन्न हुई शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर एवं आरती उतार कर स्वागत सम्मान किया गया। अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा द्वारा मानवीय मूल्यों के संरक्षक एवं सामाजिक क्रांति के अग्रदूत संत शिरोमणि रविदास जी के 648 वे जन्मदिवस पर कैंप कार्यालय कृष्णा नगर बिजली घर मथुरा पर संरक्षक दिनेश आनंद पापे एवं धनीराम प्रधान की संयुक्त अध्यक्षता में भव्य पुष्पांजलि एवं रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन कार्यक्रम डॉ भानु प्रताप एडवोकेट के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसका संचालन चित्रसेन मौर्य ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम संत रविदास जी के चित्र पर प्रतीकात्मक पुष्पांजलि अर्पित की तत्पश्चात रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया गया, विशेष रूप से इस मौके पर एक बुजुर्ग दिव्यांग को ट्राई साइकिल संगठन के संरक्षक विशम्बर दयाल कर्दम द्वारा सप्रेम भेंट की गई इस मौके पर मुख्य रूप से पधारे रमेश सैनी महानगर अध्यक्ष बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी मथुरा एवं पवन चतुर्वेदी भारतीय किसान यूनियन सुनील राष्ट्रीय प्रवक्ता, राजवीर सिंह अध्यक्ष भारतीय सुहेलदेवसमाज पार्टी मथुरा ने संयुक्त रूप से संत रविदास जी के विचारों को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताकर कृतज्ञता व्यक्त की,साथ ही उनके द्वारा सामाजिक क्रांति के क्षेत्र में दिए गए योगदान को परिलक्षित करते हुए कहा की आडंबर,अंधविश्वास,अशिक्षा जैसी बुराइयों से बचने के लिए रविदास के बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह एवं पट्टिका पहनाकर स्वागत किया गया, साथ ही मानव मानव एक समान के संकल्प को लेकर बल दिया। इस मौके पर लुकेश कुमार राही ने कहा सामाजिक सौहार्द की देश में आवश्यकता है साथ ही सांप्रदायिक ताकतों से बचकर आपसी भाईचारा अपना कर संत रविदास को सच्ची पुष्पांजलि भेंट कर कृतज्ञता व्यक्त की जा सकती हैकार्यक्रम में रमेश सैनी,डॉ भानु प्रताप सिंह,अनिल कुमार, संजय सैनी लक्ष्मण आनंद, अजय सनवाल,विमल कुमार, राजेश टूंडला, मुकेश सैनी,ओमपाल सैनी, बृजलाल कामरेड,अमरचंद,चित्रसेन मौर्य, एस एन भारती, मुजाहिद कुरैशी, अशोक रावल, जितेंद्र सिंह, विवेक कुमार, आर के सिंह, राजेश कुमार, अंकित सागर, थानसिंह, राजू सर, नरेश सर, असलम कुरैशी, फैजान कुरैशी, डॉ अरुण कुमार, गंगा राम सोनी,विशम्बर दयाल, आकाश बाबू आदि।

# भागवत कथा: सातवें दिन भगवान को लगाया गया 56 भोग प्रसाद

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** बजरंगबली मंदिर छोटी तलैया रिवई में चल रही भागवत पुराण कथा व श्री लक्ष्मी महायज्ञ के सातवें दिन भगवान को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया, साथ ही 11 हजार दीपक श्रद्धालुओं द्वारा जलाए गए। वहीं कथा वाचक द्वारा गोवर्धन पूजा की कथा का रसपान कराया गया, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या पुरुषों के अलावा महिलाएं भी मौजूद रही। 13 फरवर को आयोजनकों द्वारा सम्मेलन का आयोजन कर नौ कन्याओं का सामूहिक विवाह भी कराया जाएगा।

तहसील चरखारी अंतर्गत आने वाले ग्राम रिवई के बजरंगबली मंदिर में चल रही भागवत पुराण कथा व श्रीलक्ष्मी महायज्ञ के सातवें दिन बुधवार को आयोजनकों द्वारा छप्पन भोग का प्रसाद भगवान को लगाया गया और इसके बाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया साथ ही श्रद्धालुओं ने 11 हजार दीपक जलाकर मंदिर परिसर में रोशनी से सराबोर कर दिया। कथा दौरान लता किशोरी महाराज द्वारा भक्तों को गोवर्धन पूजा की कथा का रसपान कराते हुए बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने द्वापर युग में इंद्र देव के प्रकोप से ब्रजवासियों और जानवरों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाया था, इसी वजह से हर साल इस दिन गोवर्धन पर्वत की पूजा की जाती है। कथा वाचक ने मां और पिता की सेवा सबसे बड़ी पूजा बताया। आयोजनकर्ता अलबेला सरकार ने बताया 13 फरवरी को विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नौ कन्याओं का विवाह कराया जाएगा। बताया कि बेटियों को दहेज में बाइक बेड बक्शा सोफा फ्रिज सहित अन्य समान उपहार स्वरुप भेंट किया जाएगा।

## दिव्यांगजन कृत्रिम अंग व उपकरण हेतु करें आवेदन

**मथुरा।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विशाल कुमार ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण एवं बनावटी अंग की आवश्यकता है। ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, वैशाखी, ब्लाइण्ड छड़ी, वॉकिंग स्टीक, श्रवण यन्त्र, ब्रेलकिट, एम.आर.किट, स्मार्ट केन, बनावटी अंग कटे हाथ-पैर जैसे बनावटी हाथ पैर लगवाना, कैलीपर्स, जूता आदि उपकरणों प्राप्त करना चाहते है।वे अपना आवेदन ऑनलाइन विभाग की साइड पर जाकर करें। आवेदन के साथ दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, दो रंगीन फोटों आदि अवश्य संलग्न करें। उन्होंने बताया कि इसके लिए व्यक्ति की आय ग्रामीण क्षेत्र हेतु 46080 रुपये एवं शहरी क्षेत्र हेतु 56460 रुपये से अधिक न हो। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन अपने आवेदन कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मथुरा राजीव भवन, रूम नम्बर 35 जी में जमा करें। जिससे कि दिव्यांगजनों को उपकरण उपलब्ध कराने हेतु कार्यवाही की जा सके।

# राज्य मंत्री राकेश कुमार राठौर ने किया गोशाला का निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** राज्य मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग राकेश कुमार राठौर ने जिलाधिकारी मृदुल चौधरी के साथ टीवी अस्पताल, ट्रामा सेंटर , पुलिस भवन निर्माण, गौशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री नें सर्वप्रथम टीवी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायज लिया। इस अवसर पर उन्होंने पोषण पोटली योजना के अंतर्गत टीवी मरीजों को पोषण पोटली किट दी गई और टीवी मरीजों से अस्पताल में मिलने वाली सुविधा के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित डॉक्टर को टीवी मरीजों को समय पर इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए।इसी क्रम में ट्रामा सेंटर में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया और कार्यदायी संस्था को निर्धारित तिथि पर काम पूरा करने तथा गुणवत्तापूर्ण सामग्री प्रयोग करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत पुलिस लाइन में बन रहे पुलिस भवन निर्माण का जायजा लिया तथा कार्य दायी संस्था को निर्देश देते हुए कहा कि छोटी-छोटी कमियों को जल्द पूरा करके 31 मार्च तक बिल्डिंग को पुलिस विभाग को हैंडओवर किया जाए।इसके पश्चात् मंत्री नें विकासखंड कबरई की ग्राम पंचायत पचपहरा गौशाला का औचक निरीक्षण करते हुए निराश्रित गोवंशों के लिए हरा चारा, पानी, भूसा तथा पशुओं की जिओ टैगिंग, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने खंड विकास अधिकारी कबरई और पशु चिकित्सा अधिकारी से कहा कि गोवंशों की नियमित जांच की जाए तथा समय पर इलाज मुहैया कराया जाए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह, डीडीओ पंकज यादव सहित समस्त अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## टूरिस्ट बस पर हुआ पथराव, माँ बेटा हुए घायल

**जौनपुर (जफराबाद)** जलालपुर क्षेत्र के बाकराबाद बीआरसी के पास बुधवार की दोपहर को कुछ बदमाश बच्चों ने टूरिस्ट बस पर पथराव कर दिया।बस में सवार एक 38 वर्षीय महिला तथा उसका सात वर्ष का पुत्र घायल हो गया।घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

अमरोहा जनपद के 23 तीर्थ यात्रियों की बस कुम्भ स्नान करने के बाद काशीविश्वनाथ दर्शन करके अयोध्या धाम श्री रामलला के दर्शन पूजन के लिए जा रही थी।बस जब ऊक्त स्कूल के सामने पहुंची तभी वहां मौजूद चार पांच की संख्या मे बच्चों ने बस पर पथराव कर दिया।सभी बच्चों की उम्र 10 वर्ष के आसपास बतायी जा रही है।

पत्थर लगने से बस के खिड़की का शीशा टूट गया। खिड़की के पास बैठी कुसुम देवी पत्नी राजू के कान पर पत्थर लगा गया।उनके कान से खून निकलने लगा।तथा उनका पुत्र कृष्णा के कंधे में पत्थर लग गया। वह भी घायल होकर चीखने लगा।

# शब-ए-बरात की पूरी रात की जाती है इबादत और तिलाबतः हाजी सुब्हान

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** इबादत व मगफिरत की रात का शब-ए-बारात त्योहार इस्लामी कैलेंडर के शाबान महीना के 15 तारीख को मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा मनाया जाता है और इस बार यह त्योहार 13 फरवरी को मनाया जाएगा। जिले में शब-ए-बरात त्योहार पर मस्जिदों में इबादत के लिए आने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए माकूल इंतजाम किए जा रहे है, इसके लिए मस्जिदों की पहले से साफ सफाई कर बिजली की आकर्षक सजावट भी की जा रही हैं और शाम ढलते ही मस्जिदों में इबादत करने वाले लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो जाएगी है। पूरी रात इबादत में गुजरने के बाद ज्यादातर लोग सहरी करने के बाद रोजा रखते हैं। शब-ए-बारात त्योहार पर मुस्लिम समुदाय के लोग अपने अपने मरहूमों की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़कर उनके लिए दुआएं भी करते है। हाजी सुब्हान साहब ने शब-ए-बरात त्योहार का मतलब बताते हुए कहा कि शब का मतलब होता है रात और बरात का अर्थ होता है बरी होना। इस्लामिक कैलेंडर के माह शाबान की 14 तारीख को सूरज ढलते के बाद आने वाली 15 तरीख की रात को शब-ए-बारात का त्योहार मनाया जाता है। मुस्लिम समुदाय के लोग इबादत और तिलाबत करके पूरी रात गुजारते हैं और अपने गुनहों की तौबा कर अल्लाह से माफी मांगते हैं। बताया कि इस रात को लोग अपने उन रिश्तेदारों के लिए मगफिरत की दुआएं करते हैं जो इस दुनिया को छोड़कर चले गए हैं और मरहूमों की कब्र पर जाकर भी लोग दुआएं करते हैं। बताया कि इस रात को हर इंसान के अच्छे बुरे सभी कार्यो का हिसाब लिखा जाता है। सुब्हान साहब ने बताया कि शब-ए-बारात के त्योहार पर किसी भी प्रकार की आतिशबाजी, शोर शराबा नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह रात इबादत की रात होती है। इस मुबारक रात में गुस्ल करना, अच्छे और पाक कपड़े पहनना, आंखों में सुरमा लगाना, मिसवाक करना, इत्र लगाना, कब्रों की जियारत करना, फातिहा, खैरात करना, नफिल के साथ साथ तहज्जुद की नमाज अदा करना के अलावा नेक काम करना चाहिए। कहा कि शब-ए-बारात की पूरी रात इबादत करने के बाद रोजा रखने का फायदा यह है कि बंदा अपने आपको रमजान का रोजा रखने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करता है।

# बैंडबाजों के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**रविदास ज्यंती**

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** बुधवार को शहर के रविदास मंदिर से गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा दौरान ट्रैक्टर विभिन्न झांकियों से सुसज्जित होकर चल रही थी। जिसमें महिलाएं, पुरुष, बच्चे व समाज के रविदासी पंथ के अनुयायी शामिल रहे। जयंती पर रविदास समाज के लोगों ने भंडारे का आयोजन कियाए जहां पर सुबह से ही लोगों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया साथ ही रात में भजन कीर्तन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, इस मौके लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। संत शिरोमणि रविदास जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को मुहल्ला नैकानापुर स्थिति रविदास मंदिर परिसर से दो बजे संत रविदास के जीवन पर आधारित झांकियों के साथ शोभायात्रा प्रारम्भ की गई। शोभायात्रा शहर के तहसील चौराहाए मैन बाजारए ऊदल चौकए राठ चुंगीए खोवा मंडी होते हुए पुनः रविदास मंदिर में आकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में महिलाए बच्चे बैंडबाजों और डीजो की धुनों के साथ झूमते चल रहे थे। बच्चें ट्रैक्टरों पर महापुरुषों का रुप धारण कर लोगों को प्रभावित करते नजर आए। शोभा यात्रा का कई स्थानों पर स्वागत भी किया गयाए जहां पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

रविदास जयंती के मौके पर रविदास मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। भक्तों ने मंदिर में माथा टेका और चल रहे भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण का स्वाद भी चखाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। रविदास जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा दौरान लोगो में खासा उत्साह नजर आया। जयंती के मौके पर रात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों और कीर्तन मंडली ने गुरु रविदास के जीवन पर आधारित कीर्तन व गीतों के माध्यम से प्रकाश डाला। इसी तहर शहर के भटीपुरा, नयापुरा नैकाना में भी रविदास के मानने वालों ने भंडारे और रात्रि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। देर रात्रि तक चले कार्यक्रमों में लोगों की भीड़ जुटी रही।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य का आगमन 13 फरवरी को

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ0 प्रियंका मौर्या दिनांक 13 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे पुलिस लाइन आजमगढ़ के सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महिलाओं की समस्याओं को सुनेंगी।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की समस्याओं के निराकरण के लिए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की तरफ से प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय गेस्ट हाउसों में सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी की ओर से नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अथवा उनकी ओर से नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं सम्बन्धित थाने के क्षेत्राधिकारी के साथ महिला आयोग की सदस्यों द्वारा जन सुनवाई की जायेगी। किसी भी महिला को किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा या अन्य प्रकार की कोई भी समस्या है और उसकी सुनवाई कहीं भी नही हो रही है, तो वह दिनांक 13 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से पुलिस लाइन आजमगढ़ के सभागार में प्रारम्भ होने वाली जन सुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी समस्या बता सकती हैं, जिससे उसका उचित निराकरण किया जायेगा। उक्त जन सुनवाई कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए वन स्टाप सेन्टर आजमगढ़ की केन्द्र व्यवस्थापक श्रीमती सरिता पाल के मोबाईल नम्बर 6393397509 पर सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

इसके साथ ही मा0 राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा पुलिस लाइन आजमगढ़ के सभागार में अपरान्ह 2:00 बजे प्रेस वार्ता की जाएगी। तत्पश्चात महिला बंदी गृह, बालिका/महिला गृहों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा।

## ट्रैक्टर की ट्राली चुराने वाला आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना तहबरपुर पूर्व की घटना/इतिहास 23 जनवरी को वादी मुकदमा फूलबदन यादव पुत्र मन्जू यादव ग्राम सोफीपुर जनपद आजमगढ़ ने लिखित तहरीर दिया कि दिनांक 22.01.2025 को समय करीब 10 बजे रात्रि मे वादी के ट्रैक्टर की ट्राली को अज्ञात चोरो द्वारा चुरा लिया गया जिसके संबंन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 13/25 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। थानाध्यक्ष मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान दिलशाद अहमद पुत्र मिस्टर उर्फ मैनुद्दीन निवासी ग्राम घुरीपुर थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ 24 वर्ष रानीपुर बाजार से हिरासत पुलिस मे लिया गया। गिरफ्तारी अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

# रणवीर इलाहाबादिया के बाद चुम पर किए कमेंट को लेकर विवादों में एल्विश यादव



**मुंबई।** एल्विश यादव ने चुम दरांग के नाम को लेकर एक पॉडकास्ट में कमेंट किया। उन्होंने बताया कि चुम का नाम अश्लील है। इस कमेंट को लेकर अब विवाद शुरू हो गया है।

रणवीर इलाहाबादिया को लेकर चल रहे विवाद के बीच यूट्यूबर एल्विश यादव भी अपनी आपत्तिजनक टिप्पणी के कारण कुछ मुश्किल में आ गए हैं। चुम दरांग को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर अरुणाचल प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष ने राष्ट्रिय महिला आयोग को पत्र लिख यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दरअसल, एक पॉडकास्ट में एल्विश यादव ने चुम दरांग पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि चुम का नाम अश्लील है। इस बात का जवाब चुम ने सोशल मीडिया अकाउंट से दिया। उन्होंने कहा, किसी की पहचान और नाम का अनादर करना मजेदार नहीं होता। किसी की उपलब्धियों का मजाक उड़ाना अच्छी बात नहीं है। अब समय है कि हम हंसी मजाक और अपमान में अंतर समझ सकें। चुम ने कहा, इससे भी ज्यादा निराशाजनक बात यह है कि यह सिर्फ मेरी जातीयता के बारे में नहीं था। मेरी कड़ी मेहनत और संजय लीला भंसाली की फिल्म का भी अनादर किया डुगया। एल्विश यादव के इस कमेंट के बाद विवाद और भी बढ़ गया। एल्विश यादव ने करण वीर मेहरा को लेकर भी कुछ बातें कही हैं। उन्होंने कहा, करणवीर को निश्चित रूप से कोविड हुआ था, क्योंकि चुम को कौन पसंद करता है, भाई? किसका स्वाद इतना खराब है? चुम का नाम बहुत अश्लील लगता है... और उसने गंगूबाई काठियावाड़ी में काम किया है।

एल्विश यादव ने इस मामले पर अपना पक्ष भी रखा है। उन्होंने कहा कि इस बात को लेकर विवाद बढ़ रहा है क्योंकि मैंने कोरोना का जिक्र किया है। उन्होंने कहा, ÷कुछ लोग इसे समझ ही नहीं पाते, वे कह रहे हैं कि क्योंकि मैंने कोविड का जिक्र किया है और मैं चुम को चीनी होने से जोड़ रहा हूं। लोग बहुत मूर्ख हैं। मेरा मतलब था कि करण वीर मेहरा को कोविड हो सकता है और उसने स्वाद और गंध की अपनी भावना खो दी है और इसलिए वह चुम को पसंद करता है। बता दें कि एल्विश ने अपने पॉडकास्ट से इसके कुछ हिस्से हटवा भी दिए हैं।

## महेश बाबू के लिए बोलीं शिल्पा शिरोडकर

**मुंबई।** बिग बॉस 18 फेम शिल्पा शिरोडकर ने महेश बाबू को लेकर कुछ टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि महेश बहुत ज्यादा मेहनत करते हैं और वे घर का सादा खाना ही पसंद करते हैं।

भारतीय तेलुगु फिल्म अभिनेता महेश बाबू को उनकी शानदार फिल्मों और एक्शन सीन को लेकर चर्चा होती रहती है। महेश बाबू का शिल्पा शिरोडकर से भी रिश्ता है। शिल्पा की बहन नम्रता शिरोडकर महेश बाबू की पत्नी हैं। शिल्पा ने अब महेश बाबू को लेकर कुछ बातें कही हैं। शिल्पा शिरोडकर ने भारती सिंह के पॉडकास्ट में कहा, वाकई उसकी उम्र कम हो रही है। इतना ही नहीं, सच में महेश सबसे अच्छे एक्टर हैं। वह बहुत ज्यादा हार्ड वर्क करते हैं। सभी अभिनेता हार्ड वर्क करते हैं, लेकिन मैं महेश का काम देखती हूं इसलिए कह सकती हूं। शिल्पा ने कहा, महेश को वे बहुत करीब से जानती हैं इसलिए कह सकती हैं कि वह दिन में दो बार वर्क आउट करते हैं। वे घर का साधारण सा खाना ही पसंद करते हैं।

# खजूर के दुकानदार और एक मजदूर ने मिलकर बना दी मालेगांव की शोले



**मुंबई।** दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं। एक नान-निहारी का इंतजाम करते हैं और जिंदगी को जितने संसाधन हैं, उसमें जीते हैं। दूसरे, अभावों में बड़े-बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा भी कर डालते हैं। फिल्म 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' दूसरे किस्म के लोगों की कहानी है। आज इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। यह भावुक भी करता है और हंसाता भी है। रीमा कागती के निर्देशन में बनी इस फिल्म में आदर्श गौरव, शशांक अरोड़ा, विनीत कुमार सिंह, अनुज सिंह दुहान, साकिब अयूब, पल्लव सिंह और मंजरी जैसे कलाकार हैं। ट्रेलर की शुरुआत में एक हवाई जहाज दिखाई देता है। मालेगांव के दो दोस्त स्कूटर पर सवार होकर जाते हुए हवाई जहाज को बड़ी हसरत से देखते हैं। हवाई यात्रा के सपने देखते हैं। चर्चा करते-करते प्लान बनाते हैं एक फिल्म बनाने का। फिल्म बनाने का सपना देखने और हकीकत में बदलने के बीच सबसे बड़ी चुनौती है पैसे की कमी। लेकिन, जहां चाह, वहां राह भी निकल जाती है। फिल्म बनती है मालेगांव की शोले। सीमित संसाधनों में यह सपना पूरा होता है।

यह फिल्म 28 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के कलाकारों की एक्टिंग को फिल्म फेस्टिवल्स में भी खूब सराहा जा चुका है। अब देखना दिलचस्प होगा कि दर्शकों की क्या प्रतिक्रिया मिलती है। फिल्म 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' की कहानी मालेगांव के आम लोगों की है, उन्हें एक हिंदी फिल्म देखकर ख्याल आता है कि भी वह भी एक फिल्म बनाए। फिल्म में एक शौकिया फिल्ममेकर नासिर शेख (आदर्श गौरव) और उसके दोस्तों की जिंदगी को दिखाया जाता है। इस फिल्म को रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर, जोया अख्तर और रीमा कागती ने प्रोड्यूस किया है। फरहान अख्तर ने भी एक्स अकाउंट (पूर्व में ट्विटर) से ट्रेलर साझा किया है। साथ ही लिखा है, क्योंकि सिनेमा का नाता सपनों से होता है। फिल्म का ट्रेलर आ चुका है। ट्रेलर पर यूजर्स के सकारात्मक कमेंट आ रहे हैं।

## अपूर्वा मखीजा के बयान दर्ज, रणवीर इलाहाबादिया के मैनेजर से भी हुई पूछताछ



**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने आज बुधवार को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्वा मखीजा के बयान दर्ज कुए हैं। अपूर्वा आज खार पुलिस स्टेशन में पहुंचीं। अपूर्वा के अलावा रणवीर इलाहाबादिया और चार अन्य लोगों के भी बयान दर्ज किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, मुंबई पुलिस ने अब इंडियाज गॉट लेटेंट मामले में सिद्धांत चतुर्वेदी, उर्फी जावेद, तन्मय भट्ट, राखी सावंत और दीपक कलाल जैसे मशहूर हस्तियों को पूछताछ के लिए तलब किया है। मुंबई पुलिस ने पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की और उसे तलब किया। सरकार के आदेश के बाद वीडियो को यूट्यूब से हटा दिया गया। सिने वर्कर्स बॉडी ने रणवीर इलाहाबादिया द्वारा इस्तेमाल की गई अभद्र भाषा÷ की निंदा की। गायक बी प्राक ने रणवीर इलाहाबादिया के साथ अपना पॉडकास्ट रद्द कर दिया और उनकी टिप्पणियों की आलोचना की। संसदीय पैनल इस मामले को अपने हाथ में ले सकता है और पॉडकास्टर को तलब कर सकता है। एनसीडब्ल्यू ने 17 फरवरी को रणवीर इलाहाबादिया और अन्य को मामले में तलब किया।

# नागा चैतन्य ने कार्यक्रम में शोभिता को घर के नाम से पुकारा, शरमा गईं अभिनेत्री



**मुंबई।** तेलुगु अभिनेता नागा चैतन्य अपनी हालिया फिल्म तंडेल की सफलता का जश्न मना रहे हैं। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने अब तक अच्छी कमाई की है। अपनी पत्नी और अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला के साथ हाल ही में वह फिल्म की सक्सेस पार्टी में पहुंचे। इस खास मौके पर दोनों के बीच की एक प्यारी सी बातचीत ने सभी का ध्यान खींच लिया। नागा चैतन्य ने शोभिता के लिए फिल्म का एक मशहूर संवाद ÷बुज्जी थल्ली÷ (जो फिल्म में एक भावपूर्ण शब्द है) कहा। यह क्षण एक वीडियो में कैद हो गया, जो सोशल मीडिया पर अब तेजी से वायरल हो रहा है। यह घटना उस समय कैमरे में कैद हुई जब नागा चैतन्य से तंडेल फिल्म का एक संवाद बोलने के लिए कहा गया। इस दौरान उनकी पत्नी शोभिता उनके बगल में बैठी थीं। नागा चैतन्य ने जैसे ही ÷बुज्जी थल्ली, थोड़ा मुस्करा दो÷ कहा वैसे ही लाल साड़ी में बैठीं शोभिता मुस्कुराते हुए थोड़ा शरमा गईं। नागा चैतन्य के पिता अभिनेता नागार्जुन अक्किनेनी भी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। फिल्म तंडेल के प्रमोशनल इवेंट के दौरान नागा चैतन्य ने खुलासा किया था कि वह शोभिता को घर पर हमेशा बुज्जी थल्ली कहकर पुकारते हैं। इस प्यार भरे नाम को फिल्म में एक गीत में भी शामिल किया गया है। इस पर नागा चैतन्य ने कहा था, मैं यह बुज्जी गाना शोभिता को समर्पित करूंगा क्योंकि मैं घर पर उन्हें यही नाम पुकारता हूं। फिल्म बनाने से पहले मैंने चंदू से कहा था कि मैं इसे फिल्म में शामिल करना चाहता हूं। जब गाना रिलीज हुआ तो शोभिता को थोड़ा बुरा लगा, क्योंकि वह इसे सिर्फ अपने लिए महसूस करती थीं। तंडेल की बात करें तो फिल्म में साई पल्लवी भी मुख्य भूमिका में हैं। इसका निर्देशन चंदू मोंडेती ने किया है। फिल्म को संगीत से देवी श्री प्रसाद ने सजाया है। यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें श्रीकाकुलम के मछुआरों की कहानी को दिखाया गया है, जो अनजाने में पाकिस्तान के जल सीमा में प्रवेश कर जाते हैं।

## रश्मिका मंदाना ने की विक्की कौशल की तारीफ



**मुंबई।**रश्मिका मंदाना जल्द ही अपनी फिल्म छावा में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान अभिनेत्री ने अपने सहकलाकार रणबीर कपूर, अल्लू अर्जुन और विक्की कौशल को लेकर बात की है। रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म छावा के प्रमोशन में बिजी हैं। फिल्म में उनके साथ विक्की कौशल भी नजर आने वाले हैं। फिल्म प्रमोशन के दौरान ही रश्मिका के पैर में फ्रैक्चर हो गया, इसके बाद भी वे फिल्म प्रमोशन में दिखाई दे रही हैं। रश्मिका ने रणबीर कपूर, अल्लू अर्जुन और विक्की कौशल को लेकर अपनी राय दी है। गल्फ इंडिया से बातचीत के दौरान रश्मिका ने कहा, उन्होंने कई सारे शानदार सितारों के साथ काम किया है। तीनों ही अभिनेता बेहद शानदार अभिनय करते हैं, साथ ही बहुत अच्छे इंसान भी हैं। रश्मिका ने अल्लू अर्जुन को लेकर कहा कि उनके साथ वाइब भी मैच होती है। वे बहुत एनर्जी के साथ काम करते हैं। रश्मिका ने कहा, रणबीर के साथ काम अच्छा होता है। हम दोनों को ही नॉनसेंस चीजें नहीं पसंद हैं। हम अपने कैरेक्टर पर ध्यान देते हैं। हम इसके अलावा किसी और चीज पर बात नहीं करते हैं। विक्की कौशल के लिए रश्मिका ने कहा कि वे बहुत अच्छे हैं। सेट पर हर दिन मजेदार होता है। मुझे नहीं लगता कि उनके जैसा इंसान कहीं और मिलेगा। वे बहुत शानदार हैं और मैं उनके साथ काम करके बहुत ही खुश हूं। रश्मिका मंदाना ने फिल्म एनिमल और छावा के अंतर पर बात की है। उन्होंने कहा कि दोनों फिल्मों की कहानी बहुत अलग है। रश्मिका ने कहा कि वे दोनों ही फिल्मों का हिस्सा बनकर बेहद खुश हैं। छावा बॉक्स ऑफिस पर 14 फरवरी को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में विक्की कौशल, अक्षय खन्ना, डायना पेंटी, दिव्या दत्ता जैसे कई सितारे नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उटेकर ने किया है।

## मीका और उदित के किंसिंग मामले पर कोई नहीं बोलता.....

**मुंबई।** समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में रणवीर इलाहाबादिया के आपत्तिजनक टिप्पणी वाले विवाद पर राखी सावंत ने समर्थन किया था। अब वह हाल ही में हुए उदित नारायण के किसिंग मामले पर सवाल उठाते हुए कहती हैं कि इस मामले पर कोई कुछ क्यों नहीं बोलता.. राखी सावंत ने उदित नारायण के लाइव शो के दौरान महिला फैंस को किस करने वाले विवाद के बारे में बात करते हुए सवाल किया। उन्होंने मीडिया से सवाल पूछते हुए कहा कि इन लोगों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती। वह कहती हैं कि आए दिन हमारे समाज में महिलाओं से साथ बलात्कार, छेड़छाड जैसे मामले होते रहते हैं, फिर भी उसपर कोई सवाल नहीं उठाता। महिलाएं हमारे समाज में सुरक्षित नहीं हैं, लेकिन इसके बावजूद उनपर कोई कड़ा एक्शन नहीं लेता। उदित नारायण वाले मामले पर बात करते हुए वो कहती हैं कि जब गायक मीका सिंह ने उन्हें सार्वजनिक किस किया था, तो वह उन्हें पुलिस थाने तक लेकर गई थी और कई सालों तक उन्हें थानों का चक्कर लगवाया था।

# स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के पिता का निधन, दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत



**नई दिल्ली।** मंगलवार को ही इंदरपुरी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी प्रार्थना सभा गुरुवार को रखी गई है।

राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के पिता गिरीश बत्रा का दिल का दौरा पड़ने से मंगलवार को निधन हो गया। मंगलवार को ही इंदरपुरी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी प्रार्थना सभा गुरुवार को रखी गई है। मनिका भारत की शीर्ष महिला एकल खिलाड़ियों में से हैं। उन्होंने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में महिला एकल और महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने महिला युगल में रजत और मिश्रित युगल में कांस्य भी जीता था। भारत की शीर्ष महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने पिछले साल सऊदी स्मैश में शानदार प्रदर्शन किया था और करियर की सर्वश्रेष्ठ एकल रैंकिंग 24 पर पहुंच गईं थीं। वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं थीं। तब उन्होंने 15 स्थान की लंबी छलांग लगाई थी। हालांकि, वह मौजूदा समय में महिला एकल में 25वें रैंक पर हैं। हालांकि, पेरिस ओलंपिक में मनिका का एकल में प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। वहीं, महिला टीम के साथ मिलकर उन्होने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया था।

मनिका बत्रा ने पेरिस 2024 ओलंपिक में भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। मनिका बत्रा ने 2018 के राष्ट्रमंडल खेलों में महिला एकल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। यह जीत हासिल करने वाली मनिका बत्रा पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी थीं। इतना ही नहीं, तब उन्होंने महिला टीम के साथ मिलकर भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में ही वह महिला युगल में रजत पदक और मिक्स्ड डबल्स में कांस्य पदक जीतने में कामयाब रही थीं। मनिका बत्रा ने अर्चना कामथ के साथ महिला युगल रैंकिंग में विश्व नंबर चार पर पहुंचा था। यह किसी भी भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी द्वारा सर्वश्रेष्ठ रैंक है।

वह अपनी खूबसूरती के लिए भी चर्चा में रहती हैं, लेकिन वह अपने प्रदर्शन के दम पर ही स्टार बनी हैं। 2020 में उन्हें मेजर ध्यान चंद खेल रत्न से सम्मानित किया गया था। 2022 एशिया कप में उन्होंने कांस्य पदक अपने नाम किया था। 2018 जकार्ता एशियन गेम्स में वह मिक्स्ड डबल्स में कांस्य पदक जीतने में कामयाब रही थीं। 2024 एशियन चैंपियनशिप में वह महिला टीम के साथ कांस्य पदक जीत सकी थीं। मनिका 2016 में गुवाहाटी साउथ एशियन गेम्स में महिला टीम, महिला युगल और मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।

## भारत ने मकाऊ पर दर्ज की बड़ी जीत



**नई दिल्ली।** भारत ने दुबई में खेले गए इस टूर्नामेंट के पिछले सत्र में कांस्य पदक जीता था। अब उसका ग्रुप चरण के अंतिम मैच में गुरुवार को सामना कोरिया से होगा। भारतीय बैडमिंटन टीम ने एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने ग्रुप डी के अपने शुरुआती मैच में मकाऊ को 5-0 से हराया और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने में सफल रही। भारत ने दुबई में खेले गए इस टूर्नामेंट के पिछले सत्र में कांस्य पदक जीता था। अब उसका ग्रुप चरण के अंतिम मैच में गुरुवार को सामना कोरिया से होगा। मिश्रित युगल टीम सतीश कुमार करुणाकरण और राष्ट्रीय खेल स्वर्ण पदक विजेता आद्या वरियाथ ने लोक चोंग लियोंग और वेंग चि एंग के खिलाफ पहला मैच 21-10, 21-9 से जीता। पुरुष एकल में 2021 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने पांग फोंग पुइ को 21-16, 21-12 से हराया। मालविका बंसोड ने महिला एकल में हाओ वाइ वान के खिलाफ 21-15, 21-9 से जीत दर्ज की। चिराग शेट्टी और एम आर अर्जुन ने पुरुष युगल मुकाबले में चिन पोन पुइ और कोक वेन वोंग को 21-15, 21-19 से हराया। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने एंग वेंग चि और पुइ चि वा को 21-10, 21-5 से मात दी।

## महिलाओं के खेल इवेंट में ट्रांसजेंडर एथलीट्स पर पाबंदी की तैयारी, विश्व एथलेटिक्स ने कसी कमर




**वाशिंगटन।** महिला वर्ग में पारदर्शिता लाने के लिए विश्व एथलेटिक्स 1990 में बंद कर दिए गए उस क्रोमोसोम टेस्ट को भी लाने की तैयारी कर रहा है, जिससे महिला में वाई क्रोमोसोम (पुरुष क्रोमोसोम) के होने का पता लग जाएगा। विश्व एथलेटिक्स ने एथलेटिक्स की महिला इवेंट में ट्रांसजेंडर और पुरुषत्व के लक्षण वाले एथलीटों की भागीदारी पर पूरी तरह पाबंदी लगाने की तैयारी कर ली है। विश्व एथलेटिक्स ऐसे नियम लाने जा रहा है, जिससे महिला वर्ग में ट्रांसजेंडर एथलीट, लिंग विकास में अंतर (डीएसडी) वाली महिला एथलीट और पुरुष से महिला में परिवर्तित हुए एथलीटों के महिला वर्ग में खेलने पर पूरी तरह पाबंदी लग जाएगी।

महिला वर्ग में पारदर्शिता लाने के लिए विश्व एथलेटिक्स 1990 में बंद कर दिए गए उस क्रोमोसोम टेस्ट को भी लाने की तैयारी कर रहा है, जिससे महिला में वाई क्रोमोसोम (पुरुष क्रोमोसोम) के होने का पता लग जाएगा। इस टेस्ट में महिला एथलीट के गाल के स्वैब का सैंपल लिया जाएगा या फिर उसके सूखे हुए खून का परीक्षण होगा। टेस्ट में महिला में वाई क्रोमोसोम यानि कि पुरुषत्व के लक्षण पाए जाने पर उसके महिला वर्ग में खेलने पर पाबंदी लग जाएगी। यानि की ओलंपिक पदक विजेता दक्षिण अफ्रीका की डीएसडी एथलीट कास्टर सेमेन्या जैसी एथलीट आगे से महिला वर्ग में नहीं खेल पाएंगी।

विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष पूर्व ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता ब्रिटिश एथलीट सेबेस्टियन को ने नियमों को 2023 में कड़ा करते हुए पुरुष से महिला बने एथलीटों के महिला वर्ग में खेलने पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी थी, लेकिन अब इन्हें पूरी तरह से प्रतिबंधित करने की तैयारी कर ली गई है। को ने तब कहा था कि महिला वर्ग में इस तरह के एथलीटों के खेलने पर पाबंदी लगने से दुनिया के लगभग 13 नामी एथलीट प्रभावित होंगे।

## फ्रीस्टाइल शतरंज में गुकेश ने नाकामुरा से ड्रॉ खेला



**हैम्बर्ग।** ड्रॉ नहीं खेलने के लिए मशहूर हो चुके गुकेश ने इस टूर्नामेंट में आठवीं बाजी ड्रॉ खेली। सात बाजियां उन्होंने प्रारंभिक दौर में ड्रॉ खेलीं।

विश्व चैंपियन डी गुकेश को फ्रीस्टाइल शतरंज के पांचवें से आठवें स्थान के मुकाबले में अमेरिकी हिकारु नाकामुरा ने ड्रॉ पर रोक दिया। वहीं, सेमीफाइनल मुकाबलों में मैग्नस कार्लसन को पहले मैच में विन्सेंट कीमर से हार मिली, जबकि कारुआना और उज्बेकिस्तान को जावोखिर सिंदारोव के बीच बाजी ड्रॉ रही। ड्रॉ नहीं खेलने के लिए मशहूर हो चुके गुकेश ने इस टूर्नामेंट में आठवीं बाजी ड्रॉ खेली। सात बाजियां उन्होंने प्रारंभिक दौर में ड्रॉ खेलीं। दिन का सबसे बड़ा परिणाम जर्मनी के कीमर की विश्व नंबर एक और इस प्रारूप के सूत्रधार मैग्नस कार्लसन पर जीत रही। अमेरिका के फाबियानो करुआना के खिलाफ क्वार्टर फाइनल 0-2 से हारने के बाद गुकेश ने नाकामूरा के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन किया। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के साथ अंक बांटे। फ्रीस्टाइल शतरंज में प्यादे अपनी जगह पर बरकरार रहते हैं, जबकि बाकी मोहरों की स्थिति को 960 तरीके से बदला जा सकता है। महान खिलाड़ी बॉबी फिशर फ्रीस्टाइल शतरंज की वकालत करने वाले पहले व्यक्ति थे और नए प्रारूप को मिले समर्थन को देखते हुए यह खेल का भविष्य हो सकता है।

# ज्योति याराजी और अनिमेष कुजूर को स्वर्ण, पदक तालिका में सेना शीर्ष पर बरकरार




**देहरादून।** सौ मीटर बाधा दौड़ की स्वर्ण पदक विजेता आंध्र प्रदेश की 25 वर्षीय याराजी ने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में 23.35 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दिल्ली की मध्यम दूरी की धाविका केएम चंदा ने महिलाओं की 800 मीटर में अपने ही राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड में सुधार किया।

बाधा दौड़ की स्टार खिलाड़ी ज्योति याराजी और फर्राटा धावक अनिमेष कुजूर ने मंगलवार को राष्ट्रीय खेलों में अपना क्रमशः दूसरा और तीसरा स्वर्ण पदक जीता जबकि पैदल चाल के 15 खिलाड़ियों ने खेलों के पिछले रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन किया। सेना इस बीच पदक तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। इससे पहले 100 मीटर और चार गुणा 100 मीटर का खिताब जीतने वाले ओडिशा के 21 वर्षीय कुजूर ने 20.58 सेकेंड के समय के साथ पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में भी स्वर्ण पदक जीता। उनका यह समय गुजरात में 2022 में असम के अमलान बोरगोहेन के 20.55 सेकेंड के राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड से थोड़ा अधिक था।

सौ मीटर बाधा दौड़ की स्वर्ण पदक विजेता आंध्र प्रदेश की 25 वर्षीय याराजी ने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में 23.35 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दिल्ली की मध्यम दूरी की धाविका केएम चंदा ने महिलाओं की 800 मीटर में अपने ही राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने दो मिनट 0.82 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता और 2022 प्रतियोगिता के दो मिनट 1.58 सेकेंड के राष्ट्रीय खेलों के अपने पिछले रिकॉर्ड को बेहतर किया। उन्होंने इससे पहले 1500 मीटर में भी स्वर्ण जीता था।

मंगलवार को सेना ने नौ स्वर्ण सहित 17 पदक जीते और 54 स्वर्ण, 22 रजत, 21 कांस्य सहित कुल 97 पदक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है जबकि खेलों में अब केवल दो दिन बचे हैं।

# राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के अध्यक्ष को हटाने का सुप्रीम आदेश



**नई दिल्ली।** आदेश डॉ. अमरागौड़ा एल. पाटिल द्वारा डॉ. खुराना की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर आया है। पद के लिए आवेदक पाटिल ने इस आधार पर नियुक्तियों को चुनौती दी थी कि खुराना के पास राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग अधिनियम, 2020 की धारा 4(2) और 19 के तहत अपेक्षित अनुभव नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग (एनसीएच) के अध्यक्ष को उनके पद से इस्तीफा देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि नियुक्ति कानून के अनुसार नहीं है। कर्नाटक हाईकोर्ट के एक आदेश को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने डॉ. अनिल खुराना को एक सप्ताह के भीतर पद छोड़ने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, प्रतिवादी को तत्काल अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना चाहिए। तत्काल से हमारा तात्पर्य आज से एक सप्ताह के भीतर है, ताकि वह अपना काम पूरा कर सकें। हालांकि, इसमें वित्त से जुड़ा कोई भी नीतिगत निर्णय शामिल नहीं है। अध्यक्ष के पद की नियुक्ति के लिए नयी प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए। यह आदेश डॉ. अमरागौड़ा एल. पाटिल द्वारा डॉ. खुराना की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर आया है। पद के लिए आवेदक पाटिल ने इस आधार पर नियुक्तियों को चुनौती दी थी कि खुराना के पास राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग अधिनियम, 2020 की धारा 4(2) और 19 के तहत अपेक्षित अनुभव नहीं है।

# स्वदेशी हल खोजें घरेलू उद्योग, अवसर शानदार, समुद्री हवाई क्षेत्र में संभावनाओं पर नौसेना प्रमुख

**उत्पादन**

**नौसेना प्रमुख ने कहा कि भारत का रक्षा उत्पादन 1.25 लाख करोड़ रुपये को पार कर चुका है।**



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा है कि वर्तमान परिदृश्य में देश के घरेलू उद्योगों के लिए समुद्री हवाई क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में लगे घरेलू उद्योग के लोगों को स्वदेशी समाधान तलाशने पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि अभी उनके लिए सुनहरे मौके हैं। रक्षा क्षेत्र में घरेलू उद्योगों के लिए कैसे अवसर हैं? इस सवाल पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी का कहना है कि समुद्री हवाई क्षेत्र में क्षमता उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि घरेलू उद्योग को नौसेना के साथ मिलकर स्वदेशी समाधान विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए। नौसेना प्रमुख ने आश्वस्त किया कि घरेलू उद्योग को समर्थन और औद्योगिक क्षमता के विकसित करने के लिए जरूरी माहौल बनाने के लिए नेवी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि समुद्री हवाई क्षेत्र का दायरा बढ़ा है। यही कारण है कि रक्षा उद्योग में अरबों अवसरों की बाढ़ आ रही है। नौसेना प्रमुख एडमिरल त्रिपाठी ने बंगलूरू में आयोजित एयरो इंडिया 2025 के दौरान कहा कि व्यापक अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए घरेलू उद्योग से जुड़ी कंपनियों को नौसेना के साथ मिलकर आविष्कार, नवाचार, स्वदेशीकरण और समाधान तलाशने की पहल करनी चाहिए। वे समाधानों को एकीकृत करने के लिए आमंत्रित भी कर रहे हैं। नौसेना प्रमुख ने कहा कि नेवी के लिए उद्योग केवल उत्पादों के बारे में नहीं है। उन्होंने साझेदारी को भी अहम बताया।

एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि उद्योग जगत के साथ नौसेना का जुड़ाव केवल क्षमता अधिग्रहण तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान माहौल में रक्षा क्षेत्र की आत्मनिर्भरता रणनीतिक जरूरत है। निर्णायक युद्ध लड़ने में स्वदेशी होने का लाभ मिलता है। ऐसे में हमारा लक्ष्य स्वदेशी समाधान तलाशना है। उन्होंने हालिया वैश्विक संघर्षों का हवाला देते हुए कहा कि मजबूत घरेलू रक्षा उद्योग समय की मांग है। सरकार की स्पष्ट नीतियों और रक्षा मंत्रालय की तरफ से मिले स्पष्ट रोडमैप के कारण आज अवसरों की भरमार है।सरकार का लक्ष्य तीन लाख करोड़ रुपये का स्वदेशी रक्षा उत्पादन, उद्योग जगत के लिए सुनहरा मौका

नौसेना प्रमुख ने कहा कि भारत का रक्षा उत्पादन 1.25 लाख करोड़ रुपये को पार कर चुका है। इसमें 20 फीसदी से अधिक भागीदारी निजी क्षेत्र की है। रक्षा निर्यात 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। इसमें भी 60 फीसदी से अधिक निजी क्षेत्र का योगदान है। अगले चार साल यानी 2029 तक सरकार का लक्ष्य तीन लाख करोड़ रुपये का स्वदेशी रक्षा उत्पादन और 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक निर्यात करना है। यही कारण है कि घरेलू रक्षा उद्योग के सामने सुनहरा अवसर है।

# शीना बोरा हत्याकांड में इंद्राणी मुखर्जी को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**नई दिल्ली।** अप्रैल 2012 में मुंबई में इंद्राणी मुखर्जी, उनके एक ड्राइवर श्यामवर राय और पूर्व पति संजीव खन्ना ने कथित तौर पर शीना बोरा (24) की कार में गला घोंटकर हत्या कर दी थी और उसके शव को पड़ोसी जिले रायगढ़ के एक जंगल में जला दिया गया था।

शीना बोरा हत्याकांड में इंद्राणी मुखर्जी को सुप्रीम कोर्ट से करारा झटका लगा है। कोर्ट ने इंद्राणी की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने विदेश यात्रा की इजाजत मांगी थी। दरअसल, अपनी बेटी शीना बोरा की हत्या की आरोपी पूर्व मीडिया एक्जीक्यूटिव इंद्राणी मुखर्जी ने विदेश यात्रा की अनुमति मांगी थी। याचिका को खारिज करते हुए कोर्ट ने निचली अदालत को हत्याकांड में सुनवाई तेजी से पूरी करने का निर्देश दिया।

इंद्राणी ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय ने भी उसे विदेश यात्रा की अनुमति नहीं दी थी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने निचली अदालत को निर्देश दिया कि वह मामले की कार्यवाही एक साल के अंदर पूरी करे। याचिका का विरोध करते हुए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के वकील ने कहा था कि यह एक संवेदनशील मामला है और सुनवाई करीब आधी पूरी हो चुकी है तथा 96 गवाहों से पूछताछ हो चुकी है। इंद्राणी की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि उन्हें शीर्ष अदालत ने जमानत दे दी है और मामले में अब भी 92 गवाहों से पूछताछ होनी बाकी है। उन्होंने कहा कि पिछले चार महीनों से निचली अदालत में सुनवाई नहीं हुई और कार्यवाही पूरी होने में लंबा समय लग सकता है।

यात्रा प्रतिबंध का मामला सुप्रीम कोर्ट में तब आया, जब 19 जुलाई को एक विशेष अदालत ने इंद्राणी मुखर्जी की अगले तीन महीनों में स्पेन और ब्रिटेन की 10 दिन की यात्रा के अनुरोध वाली याचिका को स्वीकार कर लिया। सीबीआई ने विशेष अदालत द्वारा पारित आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का रुख किया था। हाईकोर्ट ने 27 सितंबर को विशेष अदालत के आदेश को रद्द कर दिया। इंद्राणी ने उच्च न्यायालय के इस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था। शीना बोरा की हत्या के मामले में अगस्त 2015 में इंद्राणी मुखर्जी को गिरफ्तार किया गया था। कई सालों तक जेल में रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मई 2022 में उन्हें जमानत दी थी।

# पश्चिमी इंफाल में बड़ी सफलता, 3 उग्रवादी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर भारत में प्रशासनिक अधिकारियों और सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। मणिपुर में तैनात सुरक्षाबलों ने तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा कांगपोकपी में छह एकड़ अफीम की खेती नष्ट की गई है। मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में सुरक्षा बलों ने तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग अभियानों में कथित तौर पर जबरन वसूली में शामिल उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि प्रतिबंधित पीपुल्स रिवोल्यूशनरी फ्रंट ऑफ कांगलीपाक (पीआरईपीएके पीआरओ) संगठन से जुड़े दो उग्रवादियों को मंगलवार को नामदुलोंग खुमान लम्पक मेन स्टेडियम रोड पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों की पहचान अशेम दिनेश मीतेई (41) और हुइड्रोम तोम्बा सिंह (36) के रूप में हुई है। दोनों पर नामदुलोंग क्षेत्र में जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। उनके पास से पीआरईपीएके (पीआरओ) का एक पर्चा और अन्य सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस ने इससे पहले मंगलवार को लांगोल गेम विलेज जोन 2 से प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) संगठन से जुड़े एक उग्रवादी को भी गिरफ्तार किया। इस उग्रवादी की पहचान थोंग्राम बिद्याशागर सिंह (22) के रूप में की गई। उसके पास से तीन हैंडहेल्ड रेडियो सेट, चार चार्जर, विभिन्न सैन्य वर्दी, बैग और अन्य सामान जब्त किए गए। सुरक्षा बलों ने लैंगोल गेम विलेज जोन 1 से 58 खाली गोले वाले दो प्लास्टिक टियर स्मोक बॉक्स भी जब्त किए।

# आठ साल में भारत के कई राज्यों में पहुंचा जीका वायरस

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूएचओ के अनुसार, भारत में आठ साल में जीका वायरस का प्रसार कई राज्यों तक पहुंच गया है। 2024 में 151 लोग इसकी चपेट में आए। इनमें अकेले महाराष्ट्र में 140 मामले दर्ज हुए। कर्नाटक व गुजरात में क्रमशः 10 और एक मरीज मिले हैं। इससे पूर्व 2021 में भारत में सर्वाधिक 234 मरीज मिले थे। भारत में जीका वायरस के बढ़ते प्रकोप पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने चिंता जताई है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, भारत में आठ साल में जीका वायरस का प्रसार कई राज्यों तक पहुंच गया है। 2024 में 151 लोग इसकी चपेट में आए। इनमें अकेले महाराष्ट्र में 140 मामले दर्ज हुए। कर्नाटक व गुजरात में क्रमशः 10 और एक मरीज मिले हैं। इससे पूर्व 2021 में भारत में सर्वाधिक 234 मरीज मिले थे।

# परिजन गुस्सा होते इसलिए नहीं बताई थी बैंकॉक जाने की बात



**पुणे।** पुणे वापस आए पूर्व मंत्री के बेटे ने कहा कि उसने परिजनों के गुस्से से बचने के लिए अपनी बैंकॉक की व्यावसायिक यात्रा के बारे में किसी को नहीं बताया था। क्योंकि वह कुछ दिन पहले ही दुबई होकर आया था। उसे डर था कि परिजन उसका विरोध करेंगे। उसने चार्टर्ड फ्लाइट बुक कराई थी।

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री तानाजी सावंत के बेटे के अपहरण को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस की मशक्कत के बाद पुणे वापस आए पूर्व मंत्री के बेटे ने कहा कि उसने परिजनों के गुस्से से बचने के लिए अपनी बैंकॉक की व्यावसायिक यात्रा के बारे में किसी को नहीं बताया था। क्योंकि वह कुछ दिन -
********************
********************
********************
*******पहले ही दुबई होकर आया था। उसे डर था कि परिजन उसका विरोध करेंगे। उसने चार्टर्ड फ्लाइट बुक कराई थी।

पुणे में सोमवार को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री तानाजी सावंत के बेटे ऋषिराज सावंत के अपहरण की खबर सामने आई थी। पूर्व मंत्री ने दावा किया उनके बेटे को दो लोग जबरन बैंकॉक जाने वाली फ्लाइट में ले गए। पूर्व मंत्री के बेटे के अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया था। आननफानन तलाश शुरू कर दी गई। पुलिस ने फ्लाइट को पुणे के लिए डायवर्ट कराया था। इस वक्त विमान अंडमान निकोबार द्वीप समूह

# मुफ्त की योजनाओं के एलान से सुप्रीम कोर्ट नाराज

**योजना**

**इस पर पीठ ने उन्हें केंद्र सरकार से पूछकर यह स्पष्ट करने को कहा कि कितने दिन में इस योजना को लागू किया जाएगा।**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान चुनाव में राजनीतिक पार्टियों के मुफ्त के वादे करने पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि इससे लोगों की काम करने की इच्छा नहीं होगा क्योंकि उन्हें राशन और पैसे मुफ्त मिलते रहेंगे। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई की, जिसमें बेघर लोगों को शहरी इलाकों में आश्रय स्थल मुहैया कराने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि दुर्भाग्य से, मुफ्त वाली योजनाओं के चलते लोग काम नहीं करना चाहते। उन्हें मुफ्त राशन मिल रहा है और उन्हें बिना कोई काम किए पैसे मिल रहे हैं। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि आपकी बेघर लोगों की चिंता किए जाने की हम तारीफ करते हैं, लेकिन क्या ये अच्छा नहीं होगा कि इन लोगों को समाज की मुख्य धारा में शामिल किया जाए और देश के विकास में इन्हें भी योगदान देने का मौका मिले। केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमाणी ने पीठ को बताया कि केंद्र सरकार शहरी इलाकों में गरीबी को मिटाने के लिए प्रक्रिया को अंतिम रूप दे रही है। जिसमें शहरी इलाकों में बेघर लोगों को आश्रय देने का भी प्रावधान होगा। इस पर पीठ ने उन्हें केंद्र सरकार से पूछकर यह स्पष्ट करने को कहा कि कितने दिन में इस योजना को लागू किया जाएगा। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई छह हफ्ते के लिए टाल दी। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति वाले नए कानून के खिलाफ याचिका पर सुनवाई की तारीख तयमुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के संबंध में लाए गए कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की तारीख तय कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बताया कि वे इस मामले पर 19 फरवरी को सुनवाई करेंगे।

# तस्लीमा नसरीन की किताब बेचने पर बुक स्टॉल पर हमला



**ढाका।** हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को प्रकाशन के प्रमुख को पुलिस कंट्रोल रूम ले जाना पड़ा, लेकिन गुस्साए लोग पुलिस कंट्रोल रूम भी पहुंच गए। किसी तरह पुलिस ने भीड़ को समझाया और मामले को शांत कराया।

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश अक्सर गलत कारणों से चर्चा में बना हुआ है। बांग्लादेश में कट्टरपंथ इस कदर अपने पैर जमा रहा है कि अब वहां ये स्थिति हो गई है कि एक किताब विक्रेता ने अपने स्टॉल पर बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन की किताब बिक्री के लिए रखी तो लोगों की भीड़ ने उस बुक स्टॉल पर ही हमला कर दिया। इस घटना पर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भी नाराजगी जाहिर की है और घठना की जांच के आदेश दे दिए।

बांग्लादेश में राजधानी ढाका में एक किताब मेला चल रहा है। इसी किताब मेले में सब्यसाची प्रोकाशनी प्रकाशन की स्टॉल लगी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस स्टॉल पर बांग्लादेश की विवादित लेखिका तस्लीमा नसरीन की एक किताब भी बिक्री के लिए प्रदर्शित की गई थी। इससे नाराजगी जताते हुए लोगों की एक भीड़ सब्यसाची प्रोकाशनी के स्टॉल पर पहुंच गई और स्टॉल को घेर लिया। लोगों ने तौहिदी जनता समूह के बैनर तले यह विरोध प्रदर्शन किया। हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को प्रकाशन के प्रमुख को पुलिस कंट्रोल रूम ले जाना पड़ा, लेकिन गुस्साए लोग पुलिस कंट्रोल रूम भी पहुंच गए। किसी तरह पुलिस ने भीड़ को समझाया और मामले को शांत कराया। फिलहाल किताब मेले से सब्यसाची प्रोकाशनी के स्टॉल को बंद कर दिया गया है। तस्लीमा नसरीन ने भी घटना पर नाराजगी जताई। वहीं बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने भी घटना पर नाराजगी जाहिर करते हुए इसकी जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह से व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी लोग इस घटना में दोषी होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। बांग्ला एकेडमी ने एक सात सदस्यीय समिति का गठन किया है,जो प्रकाशन पर हमले की जांच करेगी और समिति को तीन दिनों के भीतर अपनी जांच रिपोर्ट देने को कहा गया है।

# पीएम मोदी ने फ्रांस में की पिचाई से मुलाकात

**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं मार्सिले के लोगों और उस समय के फ्रांसीसी कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने मांग की थी कि उन्हें ब्रिटिश हिरासत में नहीं सौंपा जाए। वीर सावरकर की बहादुरी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गूगल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने पेरिस में एआई एक्शन समिट के दौरान मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने कृत्रिम मेधा (एआई) से भारत में उत्पन्न अविश्वसनीय अवसरों पर चर्चा की। भारतीय मूल के अल्फाबेट इंक के सीईओ ने इस बात पर भी चर्चा की कि किस प्रकार गूगल और भारत देश में डिजिटल बदलाव पर मिलकर काम कर सकते हैं। पिचाई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, आज पेरिस में एआई एक्शन समिट के लिए प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर बहुत अच्छा लगा।

# बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना के कार्यकाल पर यूएन की तल्ख टिप्पणी

**हिंसा**

**बांग्लादेश बीते सात महीने से अधिक समय से हिंसा और राजनीतिक उथल-पुथल से जूझ रहा है।**



**ढाका।** बांग्लादेश में बीते साल बड़े पैमाने पर हुई हिंसा, सैकड़ों लोगों की मौत और विरोध-प्रदर्शन पर संयुक्त राष्ट्र ने तल्ख टिप्पणी की है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार की अक्षमता के कारण ही देश में बड़े पैमाने पर हिंसा, विरोध प्रदर्शन और मानवता के खिलाफ अपराध हुए। बांग्लादेश बीते सात महीने से अधिक समय से हिंसा और राजनीतिक उथल-पुथल से जूझ रहा है।

ताजा घटनाक्रम में संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि विरोध-प्रदर्शनों के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध और बड़े पैमाने पर हुई हिंसा के पीछे शेख हसीना की सरकार है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल बांग्लादेश में व्यापक अशांति के दौरान लगभग 1400 प्रदर्शनकारी मारे गए। हजारों हताहत हुए। इसके बाद हालात इतने बिगड़े कि अगस्त, 2024 में शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। फिलहाल बांग्लादेश की अंतरिम सरकार शेख हसीना को भारत से प्रत्यर्पित कराने के प्रयास में लगी है। भारत ने अभी अपना फैसला नहीं लिया है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि बीते साल प्रदर्शनकारियों पर व्यवस्थित हमले हुए। सैकड़ों न्यायेतर हत्याएं हुईं। इन सबके पीछे शेख हसीना की सरकार थी। एएफपी की रिपोर्ट के हवाले से सामने आई यूएन की इस जांच रिपोर्ट में अनुमानित तौर पर 1400 प्रदर्शनकारियों की मौत की बात कही गई है। रिपोर्ट के मुताबिक हिंसा और उपद्रव के दौरान हजारों लोग हताहत हुए। बता दें कि पिछले साल बांग्लादेश की सरकारी नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली को खत्म करने की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन शुरू हुआ था। इसमें बड़ी संख्या में छात्र संगठन शामिल थे।

बाद में विरोध-प्रदर्शन के दौरान जमकर हिंसा और उपद्रव हुआ। शेख हसीना को हटाने की मांग के बीच प्रदर्शनकारियों ने उनके आवास पर हमला कर दिया था, जिसके बाद हसीना को भागने पर मजबूर होना पड़ा।

संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट के बीच यह जानना भी अहम है कि बांग्लादेश की राजधानी ढाका में पिछले हफ्ते भी हिंसा भड़की थी। ढाका में शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीब-उर-रहमान के आवास पर जमकर आगजनी और तोड़फोड़ हुई थी।

# सरकारी दक्षता विभाग से कुछ गलतियां हुई हैं, आलोचनाओं के बीच व्हाइट हाउस में बोले मस्क

**नेतृत्व**

**अरबपति कारोबारी और अमेरिकी सरकार में सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व कर रहे एलन मस्क मंगलवार को व्हाइट हाउस पहुंचे।**



**वॉशिंगटन।** मस्क ने संघीय सरकार के खर्च में व्यापक कटौती के अपने फैसले का बचाव किया, साथ ही ये स्वीकारा कि उनके विभाग से कुछ गलतियां भी हुई हैं और आगे भी होंगी। अरबपति कारोबारी और अमेरिकी सरकार में सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व कर रहे एलन मस्क मंगलवार को व्हाइट हाउस पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ओवल ऑफिस में डोनाल्ड ट्रंप की मौजूदगी में मीडिया से बात की। इस बातचीत में मस्क ने संघीय सरकार के खर्च में व्यापक कटौती के अपने फैसले का बचाव किया, साथ ही ये स्वीकारा कि उनके विभाग से कुछ गलतियां भी हुई हैं और आगे भी होंगी। वहीं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सरकार के खर्च में कटौती के लिए सरकारी दक्षता विभाग के कामकाज की तारीफ की और संघीय कर्मचारियों की संख्या में कटौती जारी रखने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। एलन मस्क व्हाइट हाउस अपने बेटे लिल एक्स के साथ पहुंचे थे। जब मस्क मीडिया से बात कर रहे थे तो उस दौरान मस्क का बेटा भी वहां मौजूद था। इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब देखी और पसंद की जा रही हैं। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए एलन मस्क ने अपने ऊपर कम पारदर्शिता रखने और गैर जवाबदेह होने के आरोपों पर कहा कि वह एक खुली किताब हैं। मस्क ने कहा कि लोगों ने सरकार में सुधार के लिए मतदान किया है और लोगों को यही मिलने वाला है।


# जर्मनी में हाई-स्पीड ट्रेन और ट्रक की टक्कर; एक व्यक्ति की मौत, 25 घायल




**बर्लिन।** पुलिस ने बताया कि घायल यात्रियों को ट्रेन से निकालकर पास के स्टेशन पर बस के जरिए ले जाया गया। हालांकि, एक 55 वर्षीय यात्री की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जर्मनी के हैम्बर्ग शहर के बाहरी इलाके में हाई-स्पीड ट्रेन और ट्रक के बीच हुई टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में 25 अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिनमें से छह गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने बताया कि हादसा मंगलवार को हुआ। ट्रक में रेलवे ट्रैक्स भरे हुए थे। हादसे के वक्त ICE ट्रेन में 291 लोग सवार थे।

पुलिस ने बताया कि घायल यात्रियों को ट्रेन से निकालकर पास के स्टेशन पर बस के जरिए ले जाया गया। हालांकि, एक 55 वर्षीय यात्री की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जर्मन समाचार एजेंसी ने एक प्रत्यक्षदर्शी के हवाले से बताया कि ट्रेन ने क्रॉसिंग पर ट्रक को टक्कर मार दी और ट्रेन के आगे की डिब्बों की खिड़कियां टूट गईं। ट्रक का सामान दुर्घटनास्थल के आसपास बिखरा पड़ा था। पुलिस के मुताबिक, यह तुरंत साफ नहीं हो पाया कि दुर्घटना किस वजह से हुई। ट्रक चालक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। बुधवार सुबह तक रेलगाड़ी को ट्रैक से हटा लिया गया था। इसके बाद रेलवे लाइन को फिर से खोल दिया गया था।

# भूमध्य और लाल सागर में भारतीय सैन्य मौजूदगी अहम



**वाशिंगटन।** यूरोपीय देश ग्रीस के रक्षा मंत्री ने भूमध्य सागर और लाल सागर में भारतीय सैन्य उपस्थिति को लेकर अहम बयान दिया है। उन्होंने कहा, इन क्षेत्रों में भारत की सैन्य उपस्थिति से न केवल यूरोप बल्कि पूरी दुनिया को लाभ होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे से पहले यूरोपीय देश ग्रीस के रक्षा मंत्री ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि भूमध्य सागर और लाल सागर सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों में भारत को अब अधिक प्रमुख भूमिका निभानी चाहिए। रक्षा मंत्री निकोस डेंडियास ने प्रमुख वैश्विक ताकत के रूप में उभर रहे भारत की भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि वे भारत के प्रतिबद्ध मित्र हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने जो कुछ भी हासिल किया है, वे उसकी सराहना करते हैं, लेकिन अब इस बड़े देश को अलग भूमिका भी निभानी चाहिए।

उन्होंने कहा, भारत एक बड़ा देश है, यह एक बड़ी शक्ति बन रहा है। इसलिए, इसके साथ बड़ी जिम्मेदारियां भी आती हैं। रक्षा मंत्री डेंडियास ने कहा कि ग्रीस का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि भारत को लाल सागर के साथ-साथ भूमध्य सागर में भी महत्वपूर्ण ताकत की भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रीस भारतीय वायु सेना, नौसेना को भूमध्य सागर, यूरोप और दुनिया में बड़ी भूमिका में देखना चाहेगा।

पीएम मोदी के आगामी अमेरिका दौरे और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मुलाकात को लेकर ग्रीक रक्षा मंत्री ने कहा, मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ इसी पर चर्चा करने जा रहे हैं। यह अच्छा संकेत है कि वाशिंगटन में राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने वाले पहले नेताओं में से एक पीएम मोदी हैं। बता दें कि ट्रंप के निमंत्रण पर पीएम मोदी 12-13 फरवरी को अमेरिका दौरा करेंगे। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में यह पीएम मोदी के साथ पहली मुलाकात होगी। यह भी दिलचस्प है कि ट्रंप से मुलाकात करने से पहले पीएम मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से पेरिस एआई समिट के दौरान मुलाकात की।

# दिव्यांगजन को वितरित किया गया सहायक उपकरण

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** विधायक विधान सभा मडियाहूँ, आर0के0 पटेल द्वारा विकास खण्ड-रामनगर के परिसर में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आयोजित ट्राईसाइकिल एवं अन्य सहायक उपकरण का वितरण, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला एवं खण्ड विकास अधिकारी रेनू चौधरी की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर विधायक द्वारा कुल 68 ट्राईसाइकिल, 07 स्मार्टकेन, 02 हियरिंग एड, 02 व्हीलचेयर, 07 स्मार्टकेन का वितरण किया गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिव्यांग जनों के हितार्थ अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और उनको लाभान्वित भी किया जा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से दिव्यांग जनों के लिए कोकलियर इंप्लांट योजना, आवास योजना व पेंशन की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने महान वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंस के दिव्यांग होते हुए भी सभी बाधाओं को पार करते हुए विज्ञान के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्यो तथा उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला द्वारा विभागीय योजनाओं के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। खंड विकास अधिकारी रेनू चौधरी द्वारा विकासखंड पर चला दिव्यांग जनों के लिए चलाए जा रहे योजनाओं को बताया। इस अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के कर्मचारियों एवं विकास खण्ड के कर्मचारियों द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया। कार्यक्रम का संचालन रत्नेश कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता द्वारा किया गया।

# कुम्भ मेले मे सदर विधायक ने तीर्थ यात्रियों को जलपान करवाया

अवधनामा संवाददाता



**तीर्थयात्रियों को जलपान की व्यवस्था स्वयं सदर विधायक ने सम्हाली , प्रत्येक तीर्थयात्रियों से कुशलक्षेम पूंछी**

**बाँदा।** प्रयागराज के महाकुम्भ मेले मे जहां चालीस करोड से अधिक सनातनी स्नान कर चुके है और आज भी करोडों श्रद्धालु पवित्र संगम मे स्नान करने के लिये अपने अपने घरों से निकलकर प्रयागराज जाने वाले रास्तों मे हैं ऐसे मे भारी भीड के कारण सभी रास्ते पूरी तरह से भरे हुये है जिससे कई जगह जाम भी लग रहे है, ऐसे मे श्रद्धालुओ को किसी भी प्रकार की समस्या ना आने पाये इसके लिये भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशन पर गडरा नाले के समीप अपना एक कैम्प लगाया जिससे श्रद्धालुओं को जलपान की व्यवस्था की जाये। कई जगह जाम लगने के कारण दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को समय पर भोजन पानी की उचित व्यवस्था नही मिल पा रही थी जिससे भाजपा सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी भली भांति पराचित थे अतः उन्होने तत्काल ही गुणवत्ता युक्त भोजन प्रत्यैक तीर्थयात्री तक पहुंच सके इसीलिये गडरा नाले पर एक कैम्प लगाया और स्वयं ही अपनी देखरेख मे तीर्थयात्रियों को भोजन तथा जलपान कराया। साथ ही उन्होने तीर्थयात्रियों को प्रयागराज जाने मे हो रही असुविधाओं के बारे मे भी पूछा और उनकी यथासम्भव मदद भी की। प्रयागराज जाने वाले तीर्थयात्रियों ने भी खुले दिल से सदर विधायक द्वारा दिये गये जलपान के बाद उनके सरल व्यवहार को सराहा और आर्शीवाद भी दिया। प्रयागराज महाकुंभ 2025 यात्री सेवा केंद्र भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर बाँदा सदर विधानसभा क्षेत्र के गडरा नाला के समीप महाकुंभ आने-जाने वालों यात्रियों को जलपान वितरित किया गया, इस मौके पर ज़िलाध्यक्ष संजय सिंह, बिसंडा मंडल अध्यक्ष बिनय कुशवाहा, मंडल महामंत्री रामललन द्विवेदी, शैलेंद्र सिंह शैलू बूथ अध्यक्ष वीरेन्द्र कुशवाहा उपस्थित रहे।

# महाकुम्भ 2025: पूजाश्री स्टॉल श्रद्धालुओं और सेलेब्रिटीज़ के लिए बना आकर्षण केन्द्र

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम महाकुम्भ में पूजाश्री प्रोडक्ट्स स्टॉल (प्लॉट नंबर एफ 03, ऋषिकुल के सामने, प्रयागराज कॉटेज, सेक्टर- 25, टेंट सिटी) श्रद्धालुओं, सेलेब्रिटीज़ एवं आध्यात्मिक साधुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। इस भव्य आयोजन में पूजाश्री शुद्ध एवं प्रमाणित पूजा सामग्री की अनूठी श्रृंखला लेकर आए हैं, जो सनातनी परम्पराओं को आधुनिक दौर के साथ जोड़ती हैं, और असंख्य लोगों को आकर्षित कर रही हैं। महाकुम्भ के अवसर पर सेलेब्रिटी तान्या मित्तल तथा कई अन्य दिग्गजों ने पूजाश्री स्टॉल का दौरा किया, वे स्टॉल में उपलब्ध प्रोडक्ट्स की गुणवत्ता एवं शो-रूम की भव्यता से मंत्रमुग्ध हो गए। कई मंदिरों, संत समुदायों, तीर्थयात्रियों एवं आध्यात्मिक यात्रियों ने पूजाश्री की शुद्धता एवं वैदिक प्रमाणिकता को सराहा है। पूजाश्री ने पूजा सामग्री की एक्सक्लुज़िव रेंज के साथ महाकुम्भ में आए श्रद्धालुओं का मन मोह लिया है, यह सामग्री शुद्धता, वैदिक परम्पराओं और आध्यात्मिकता का अनूठा संयोजन है। विशेष रूप से लाई गई इस पेशकश में विभिन्न प्रकार की पूजा के लिए हवन सामग्री किट पंचदेव- भगवान शिव, विष्णु, गणपति, सूर्य एवं दुर्गा के अनुकूल अष्टगंध शामिल है। महाकुम्भ के विशेष संगम यज्ञ किट में यज्ञ तथा गंगा, यमुना एवं सरस्वती के पावन संगम पर तीर्थ श्राद्ध के लिए ज़रूरी सामग्री शामिल है। दीपन किट ने भी श्रद्धालुओं को खूब लुभाया है, जिसमें संगम पर किए जाने वाले रीति-रिवाजों के लिए पवित्र दिया शामिल है। प्रमाणिकता को बनाए रखते हुए पूजाश्री बांस रहित दिव्य अगरबत्ती, यूरोपीय मानकों द्वारा प्रमाणिक पर्यावरण के अनुकूल सुगंधी रेंज तथा राशि पर आधारित धूप-शंकु (इंसेंस कोन) भी लेकर आए हैं। इसके अलावा नए अनुसंधान पर आधारित क्रिस्टल धूप और पूजा परिधानों का कलेक्शन भी पेश किया गया है जो ध्यान एवं साधना के लिए उर्जा का संचार करता है। न सिर्फ भारत से बल्कि दुनिया भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजाश्री के प्रोडक्ट्स की शुद्धता एवं प्रमाणिकता का अनुभव पाने के लिए पहुंच रहे हैं। अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैण्ड, जापान, जर्मनी, दुबई, मॉरिशस, और थाईलैण्ड सहित 40 से अधिक देशों से सनातन प्रशंसक पूजाश्री के स्टॉल पर पहुंचे और बड़ी संख्या में प्रोडक्ट्स की खरीददारी की। पूजाश्री के प्रोडक्ट्स का उद्देश्य शुद्धता, वैज्ञानिकता एवं वैदिक प्रमाणिकता को बनाए रखते हुए आधुनिक संदर्भ के साथ सनातनी संस्कृति का तालमेल बनाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### रत्नाकर चौबे बने ब्राह्मण संगठन के जिला अध्यक्ष



**जौनपुर (महराजगंज)** क्षेत्र के ढेमा गांव में रविंद्र मिश्र के यहां अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा. की एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं. श्रीपति उपाध्याय द्वारा बिशुनपुर मझवारा सिरकोनी निवासी रत्नाकर चौबे को जिला अध्यक्ष मनोनीत कर प्रमाण पत्र दिया गया वही डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्र को मुख्य संरक्षक अतिरिक्त प्रभार जौनपुर व अनिरूद्ध तिवारी को बदलापुर ब्लॉक उपाध्यक्ष बनाया गया। वही यह जिम्मेदारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी रत्न पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी के दिशा निर्देश पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए नए पदाधिकारी नियुक्त किए गए। इस मौके पर रामदयाल द्विवेदी, अजय त्रिपाठी, रामकृष्ण त्रिपाठी, राम जी त्रिपाठी, कैलाश शुक्ला, कृष्णा उपाध्याय, रमापति मिश्रा, माताफेर मिश्र, महेंद्र उपाध्याय, अमितेंद्र तिवारी, अरविंद मिश्र ब्लॉक अध्यक्ष महराजगंज, चक्रपति उपाध्याय, रामसहाय पाण्डेय, शशिकांत पाठक, उदयभान पाण्डेय, अनुज कुमार मिश्रा सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों को वितरित किया जलपान




**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा मछलीशहर बस स्टेशन पर तथा मुंगराबादशाहपुर में माघी पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पावन स्नान हेतु प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले तथा गंतव्य स्थल को लौटने वाले श्रद्धालुओं, यात्रियों में बिस्किट, पेयजल, फल इत्यादि का वितरण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं से संवाद करते हुए उनके यात्रा, महाकुंभ स्नान, आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में स्नान करना बड़े सौभाग्य की बात है इस दौरान जनपद में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी दी जायेगी। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार,बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सैकड़ों घरों में घुसा गंदी नाली का पानी



**मुबारकपुर/आजमगढ़।** रेशमी नगरी मुबारकपुर नगरपालिका से समीप सटा ग्राम चक सिकटी के इस्लामपुर में नाला जाम बजबजाती गंदी नाली के पानी से घरों से निकलना दुभर हुआ है। बदहाल स्थिति को लेकर जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासन तक मौन ग्रामीण हर जगह दौड़कर हुए निराश मोहल्ले वासियों ने खुद सफाई का बीड़ा उठाया! आपको बताते चलें कि मुबारकपुर नगरपालिका के समीप स्थित ग्राम चक सिकटी के इस्लामपुर में कई महीनो से जाम नाली होने के कारण लोगों के घरों का पानी घर में ही रह जाता था जिसके कारण बजबजाती गंदी नाली के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियों का खतरा लोगों को सता रहा है ग्रामीणों ने इसको लेकर कई बार जनप्रतिनिधि से लेकर ब्लॉक एवं जिला मुख्यालय तक गुहार लगाई मगर कोई निष्कर्ष नहीं निकालने के कारण इकट्ठा हो कर ग्रामीणों ने घर घर चंदा कर नाले की सफाई हेतु फावड़ा लेकर नाले में कूद पड़े और सफाई अभियान शुरू कर दिया और साथ ही साथ ग्रामीणों में जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भारी आक्रोश दिखाई दिया इस सफाई अभियान में समस्त ग्राम वासियों के सराहनीय कार्य को सराहा जा रहा है वह है मुबारकपुर नगर वासियों में इस जघन्य सफाई कार्य की चर्चा का विषय बना हुआ है।

### रविदास जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया



**आजमगढ़।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी एवं पूर्वांचल जनमोर्चा जिला इकाई द्वारा संयुक्त रूप से कलेक्ट्री कचहरी स्थित कार्यालय पर देश के महान विभूति संत शिरोमणि रविदास जी का जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शिरोमणि के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश संयोजक शिव मोहन शिल्पकार ने किया। कार्यक्रम को संबोधन करते हुए महान संत शिरोमणि रविदास जी के विचार एवं उनके निष्ठा और कर्तव्य कृत्य कार्यो की चर्चा की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रभारी चंद्रमी गौतम एवं संचालन राहुल मोदनवाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पार्टी छोड़कर हरिश्चंद्र शास्त्री एवं निर्जला चौरसिया मैं सैकड़ो समर्थन के साथ राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस जी के विचारधाराओं में आस्था रखते हुए पार्टी के नीतियों और निष्ठा पर विश्वास करते हुए पार्टी की संस्था ग्रहण किया। इस मौके पर लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई।

# साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में तथा सहायक पुलिस अधीक्षक अनंत चन्द्रशेखर के नेतृत्व में साइबर थाना आजमगढ़ द्वारा गांधी स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय वरदह आजमगढ़ में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्याक्रम में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार यादव द्वारा छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि अपने व्हाट्सएप एवं अन्य सोशल मीडिया अकाउंट को टू स्टेप ऑथेंटिकेशन से सीकर करें साथ ही साथ किसी भी अनजान व्यक्ति के फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार न करें न। साइबर सेल हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश जायसवाल द्वारा जागरूक करते हुए कहा कि सार्वजनिक जगह पर लगे वाई-फाई का प्रयोग अपने बैंक खाते के ट्रांजैक्शन हेतु ना करें। साथ ही साथ डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं को बताते हुए कहा गया कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ नहीं होता, अगर ऐसा कोई वीडियो कॉल या फोन कॉल आता है तो आप अलर्ट हो जाए क्योंकि ये लोग साइबर अपराधी होते हैं और झांसा देकर लोगों को ठगने का काम करते हैं। सोशल मीडिया पर आप अपना पॉसवर्ड बहुत ही सिंपल न रखें उसे स्पेशल कैरेक्टर का यूज करते हुए बनाए ताकि वह स्ट्रांग रहे और अंत में साइबर थाने के उपनिरीक्षक मंतोष सिंह द्वारा साइबर क्राइम होने पर साइबर फ्रॉड संबंधी सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 पर फोन करें या फिर साइबर अपराध की शिकायत नजदीकी पुलिस स्टेशन में या ऑफिसियल वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करायें या साइबर सेल या साइबर थाना रानी की सराय में भी आकर प्रार्थना पत्र दे सकते हैं।

## गुरु आत्मा नांबी ने कुंभ मेला को बताया वैश्विक एकता और आध्यात्मिक समरसता का संगम



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** इस कुंभ मेला में HRDS इंडिया, जो एक गैर-सरकारी संगठन है, ने कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के साथ मिलकर श्रद्धालुओं के लिए अनूठा आयोजन किया है। लाखों श्रद्धालुओं के लिए मुफ्त भोजन की व्यवस्था की गई है, ताकि वे इस विशाल आयोजन के बीच भूखे न रहें। इसके अलावा, HRDS इंडिया ने शिव भक्तों के लिए गंगा स्नान के बाद आराम करने के लिए विशेष टेंट भी लगाए हैं, जहां वे कुछ देर विश्राम कर अपनी यात्रा की थकान मिटा सकते हैं। जलपान के साथ-साथ HRDS इंडिया आयुर्वेदिक उपचार देकर श्रद्धालुओं की सेहत का भी ख्याल रख रहा है। वहीं साफ-सफाई के अभियान के तहत संगठन के स्वयंसेवक मेला क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने में जुटे हुए हैं। इस अद्भुत प्रयास से कुंभ मेला न सिर्फ आध्यात्मिकता का प्रतीक बन रहा है, बल्कि पर्यावरण की पवित्रता को भी संरक्षित किया जा रहा है। इस वर्ष के कुंभ मेला में कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति रही है, जिनमें भारत के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्य मंत्री, मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। इसके साथ ही, अदानी, अंबानी, कुमार मंगलम बिड़ला और स्टीव जॉब्स की पत्नी जैसी कॉर्पोरेट दुनिया की प्रमुख हस्तियां भी प्रयागराज पहुंची हैं। गुरु आत्मा नांबी का कहना कि इस भव्य आयोजन में दुनियाभर से आई भारी संख्या में उपस्थिति यह साबित करती है कि कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि वैश्विक एकता और आध्यात्मिक समरसता का शानदार उदाहरण है। वहीं HRDS इंडिया के संस्थापक सचिव अजी कृष्णन, ओएसडी साजी वी करुणाकरण, और अमेरिका से आए जगदीश और जय ने भी स्वामीजी के साथ गंगा में पवित्र स्नान किया और इस अद्भुत अनुभव का हिस्सा बने। यह कुंभ मेला न सिर्फ भारत, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक प्रेरणा बन गया है, जहां विविधता में एकता का अद्वितीय संगम दिखता है।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

**आजमगढ़।** नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) के तत्वावधान में विश्व यूनानी दिवस के अवसर पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पूर्व नीमा अध्यक्ष डॉ. वी.एस. सिंह, डॉ. डी. डी. सिंह, डॉ. अजीम अहमद, अध्यक्ष डॉ. मनीष राय, सचिव डॉ. विनोद कश्यप, कोषाध्यक्ष डॉ. मनीष चौबे, डॉ. फहीम रजा खां, डॉ. नूर बानो, डॉ. संतोष कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से हकीम अज़मल खान के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर उन्हें याद किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों को बुके और माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया। डॉ. अजीम अहमद ने हकीम अजमल खान के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। तत्पश्चात नि:शुल्क चिकित्सा शिविर की शुरुआत की गई। नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में शिशु व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. डी.डी. सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नूर बानो, जनरल फिजिशियन डॉ. अजीम अहमद और डॉ. फहीम रजा खां ने कुल 257 मरीजों के स्वास्थ्य की जाँच की। सभी मरीजों को नि:शुल्क दवा भी दी गई। शिविर के बारे में बताते हुए अध्यक्ष डॉ. मनीष राय ने कहा कि हमारा संगठन हमेशा से ही समाज के दायित्व के प्रति समर्पित रहता है। उसी क्रम में आज यह नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिससे धनाभाव के कारण समुचित इलाज न पाने वाले मरीजों को भी उचित चिकित्सा का लाभ मिल सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष डॉ. वी. एस. सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को अंग वस्त्रम और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अजीम अहमद, डॉ. वी.एस. सिंह, डॉ. डी.डी. सिंह, अध्यक्ष डॉ. मनीष राय, सचिव डॉ. विनोद कश्यप, कोषाध्यक्ष डॉ. मनीष चौबे, डॉ. नूर बानो, नीरज पाण्डेय, ऋषि मौर्या, राम अचल चतुर्वेदी, तहा उर सिद्दीकी, संजना यादव, सुनील कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें एवं व्यवस्थाओं में सुधार करे

**बाँदा।** जिलाधिकारी जे. रीभा की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न हुईद्य बैठक में जिलाधिकारी ने सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें, एवं व्यवस्थाओं में सुधार करे द्य उन्होंने निर्देश दिए की सुपरवाइजर के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन एवं कार्यो में कमी मिलने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगीद्य उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ बी.एच.एन.डी. दिवस को विधिवत रूप से संचालित करने तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा सैम बच्चों का चिन्हांकन किए जाने तथा उन्हें एनआरसी सेंटर में सुपोषित किए जाने हेतु भर्ती कराए जाने के निर्देश दिएद्य उन्होंने वीएचएनडी दिवस में सभी गर्भवती महिलाओं की जांच एवं बच्चों के टीकाकरण तथा उपस्थित बच्चों को चिन्हित करने हेतु उनके वजन, लंबाई के अनुसार आवश्यक चार्ट तैयार करने के निर्देश दिएद्य उन्होंने निर्माणधीन आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने तथा आंगनबाड़ी केंद्र बिसंडी, पारा तथा अरमार में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराये जाने के निर्देश दिएद्य उन्होंने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को समय से पोषाहार का वितरण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को आंगनबाड़ी केंद्र में विद्युतीकरण कराया कराए जाने तथा प्रथम फेस में 75 आंगनबाड़ी केंद्रों में कायाकल्प के अंतर्गत ग्राम पंचायत निधि से शौचालय एवं टायल लगाए जाने एवं तथा अन्य कार्य के कार्यो को कराए जाने के संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए।

**सूचना**

मेरे दस्तावेजों में मेरा नाम महेन्द्र कुमार लिखा हुआ है, जबकि मेरा नाम महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा है जो सही है।

अतः मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा**
**553एन-2, अलीगंज**
**लखनऊ।**

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता अयो. अम्बे. वृत्त, लो.नि.वि., अयोध्या**

पत्रांक : 807/2काम अयो0अम्बे0वृत्त/25 — दिनांक : 10.02.2025

**ई-निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक 807/2काम अयो0अम्बे0वृत्त/25 दिनांक 10.02.2025 के द्वारा निम्न विवरण के अनुसार ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गयी है, निविदा दिनांक 15.02.2025 से 24.02.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक आनलाईन अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा दिनांक 24.02.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे आनलाईन खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा वेबसाईट https://etender.up.nic.in एवं प्रहरी साफ्टवेयर से आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं. | जनपद | कार्य का नाम | अंकलित धनराशि रू. लाख में (जी.एस.टी. छोड़ते हुये) | धरोहर राशि (रू. लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित | कार्य सम्पादन करने हेतु अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| विधानसभा क्षेत्रः- अयोध्या | | | | | | | | | |
| 1 | अयोध्या | भदौली माइनर से शेरावासी सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य। | 39.20 | 3.92 | 2714.00 | 03 माह | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., अयोध्या | अधीक्षण अभियन्ता, अयो.अम्बे.वृत्त, लो.नि.वि., अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि., अयोध्या |
| 2 | अयोध्या | दर्शन नगर रसूलाबाद मार्ग किमी0 8 पाठका का पुरवा से नरियावां (पण्डित का पुरवा) का विशेष मरम्मत का कार्य। | 33.55 | 3.35 | 2714.00 | 03 माह | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., अयोध्या | अधीक्षण अभियन्ता, अयो.अम्बे.वृत्त, लो.नि.वि., अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि., अयोध्या |
| 3 | अयोध्या | दर्शन नगर भरतकुण्ड मार्ग से ददेरा सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य। | 60.80 | 5.04 | 2714.00 | 03 माह | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., अयोध्या | अधीक्षण अभियन्ता, अयो.अम्बे.वृत्त, लो.नि.वि., अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि., अयोध्या |
| 4 | अयोध्या | जमूरतगंज हरनरायनपुर सम्पर्क मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण कार्य। (हॉट मिक्स प्लान्ट द्वारा) | 232.30 | 13.62 | 2714.00 | 06 माह | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., अयोध्या | अधीक्षण अभियन्ता, अयो.अम्बे.वृत्त, लो.नि.वि., अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि., अयोध्या |
| विधानसभा क्षेत्रः- गोसाईगंज | | | | | | | | | |
| 5 | अयोध्या | फैजाबाद कैनाल शाखा पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण कार्य। (हॉट मिक्स प्लान्ट द्वारा) | 89.35 | 6.47 | 2714.00 | 03 माह | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., अयोध्या | अधीक्षण अभियन्ता, अयो.अम्बे.वृत्त, लो.नि.वि., अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि., अयोध्या |
| 6 | अयोध्या | भीटी हैदरगंज कूरेभार मार्ग किमी0 3 से बोधी मिश्र पक्की सड़क से पलिया टकटकवा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 32.00 | 3.00 | 2714.00 | 03 माह | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., अयोध्या | अधीक्षण अभियन्ता, अयो.अम्बे.वृत्त, लो.नि.वि., अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि., अयोध्या |
| 7 | अयोध्या | केलालाल खां पण्डित का पुरवा महेदवा भादर खुर्द मार्ग पर बिसुही नदी पर सेतु/पहुंच मार्ग/अतिरिक्त पहुंच मार्ग का कार्य। | 79.45 | 5.97 | 2714.00 | 03 माह | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., अयोध्या | अधीक्षण अभियन्ता, अयो.अम्बे.वृत्त, लो.नि.वि., अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि., अयोध्या |
| 8 | अयोध्या | चौरे हैदरगंज मार्ग के किमी0 3 से बैंतीकला गांव तक सम्पर्क मार्ग। | 58.75 | 4.94 | 2714.00 | 03 माह | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., अयोध्या | अधीक्षण अभियन्ता, अयो.अम्बे.वृत्त, लो.नि.वि., अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि., अयोध्या |
| 9 | अयोध्या | नियाजपुर सम्पर्क मार्ग। | 67.15 | 5.35 | 2714.00 | 03 माह | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., अयोध्या | अधीक्षण अभियन्ता, अयो.अम्बे.वृत्त, लो.नि.वि., अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि., अयोध्या |
| 10 | अयोध्या | ग्राम पंचात कोछा में आबादी भाग में सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य तथा शेष भाग में विशेष मरम्मत का कार्य। | 57.20 | 4.86 | 2714.00 | 03 माह | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., अयोध्या | अधीक्षण अभियन्ता, अयो.अम्बे.वृत्त, लो.नि.वि., अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि., अयोध्या |
| 11 | अयोध्या | अयोध्या सम्पर्क मार्ग चौरे बी0जी0एन0 इण्टर कालेज से धौरहरा पूरे पनई मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 44.00 | 4.20 | 2714.00 | 03 माह | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., अयोध्या | अधीक्षण अभियन्ता, अयो.अम्बे.वृत्त, लो.नि.वि., अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि., अयोध्या |
| 12 | अयोध्या | पौसरा रजवाहा सम्पर्क मार्ग। | 39.35 | 3.94 | 2714.00 | 03 माह | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., अयोध्या | अधीक्षण अभियन्ता, अयो.अम्बे.वृत्त, लो.नि.वि., अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि., अयोध्या |
| 13 | अयोध्या | गोसाईगंज सरैया दिलासीगंज दलपतपुर होते हुये कुर्की चौराहा मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। (हॉट मिक्स प्लान्ट द्वारा) | 131.80 | 8.59 | 2714.00 | 03 माह | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., अयोध्या | अधीक्षण अभियन्ता, अयो.अम्बे.वृत्त, लो.नि.वि., अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि., अयोध्या |
| 14 | अयोध्या | खजुरहट मिल्कीपुर अमानीगंज रूदौली रौजगांव मार्ग (एम0डी0184ई0) पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। (हॉट मिक्स प्लान्ट द्वारा) | 323.85 | 18.19 | 2714.00 | 06 माह | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., अयोध्या | अधीक्षण अभियन्ता, अयो.अम्बे.वृत्त, लो.नि.वि., अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि., अयोध्या |
| द्वितीय आमंत्रण | | | | | | | | | |
| विधानसभा क्षेत्रः- अयोध्या | | | | | | | | | |
| 15 | अयोध्या | रायबरेली अयोध्या मार्ग एन0एच0 330ए के किमी0 107 से मशिनिया छतिरवा सम्पर्क मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। (हॉट मिक्स प्लान्ट द्वारा) | 115.00 | 7.75 | 2714.00 | 03 माह | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., अयोध्या | अधीक्षण अभियन्ता, अयो.अम्बे.वृत्त, लो.नि.वि., अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि., अयोध्या |

बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगायी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगायी गयी है।

बिड डाक्यूमेन्ट की धनराशि (निविदा शुल्क) कालम 6 के अनुसार केवल नेट बैंकिग के माध्यम से ऑन लाईन यू0पी0 ई-टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा। निविदा शुल्क की धनराशि की वापसी नहीं की जायेगी।

बिड डाक्यूमेन्ट से सम्बन्धित धरोहर धनराशि कालम 5 के अनुसार केवल नेट बैंकिंग के माध्यम से आनलाईन यू0पी0 ई-टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा। निविदा आनलाईन दिनांक 15.02.2025 से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 24.02.2025 के अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है।

उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 24.02.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश सं0 1/2018/3070/78-2 - 2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**अधीक्षण अभियन्ता,**
**अयो.अम्बे.वृत्त, लो.नि.वि.,**
**अयोध्या**
For and on behalf of Governor of U.P.

UPID-228855 Dated-12-02-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# बाजार की अस्थिरता में चाहते हैं रिस्क फ्री रिटर्न, आर्बिट्राज फंड हैं बेहतर विकल्प

**मुंबई।** क्या होगा अगर आपके द्वारा निवेश की गई पूंजी को बिना जोखिम में डाले, शेयर बाजार की अस्थिरता का फायदा उठाने का कोई तरीका मिल जाए क्या होगा अगर आप क्रेडिट, डिफॉल्ट या ड्यूरेशन रिस्क के बिना डेट म्यूचुअल फंड जैसा रिटर्न हासिल कर सकें? क्या होगा अगर कोई इक्विटी प्रोडक्ट हो जो स्थिर और डेट फंड की तरह रिटर्न देते हुए आपके निवेश को सुरक्षा प्रदान करता हो

अगर इस तरह के सवाल निवेश को लेकर आप में इंटरेस्ट जगाते हैं, तो यह भारतीय म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के सबसे अच्छे रहस्यों में से एक आर्बिट्राज फंड के बारे में जानकारी हासिल करने का समय है।

जहां मौजूदा समय में सेविंग्स अकाउंट (बचत खातों) पर कम से कम 2.70 फीसदी सालाना रिटर्न मिल रहा है, वहीं बड़ौदा बीएनपी पारिबा आर्बिट्राज फंड जैसी योजनाओं ने पिछले साल निवेशकों को 7.15 फीसदी रिटर्न दिया है (नीचे टेबल देखें)। शेयर बाजार में चल रही अस्थिरता के साथ, आर्बिट्राज फंड कैश और फ्यूचर मार्केट (वायदा बाजारों) के बीच प्राइसिंग के बेमेल होने का फायदा उठाने के लिए तैयार हैं, जिससे निवेशकों को अपेक्षाकृत रिस्क-फ्री रिटर्न मिलता है।

फंड मैनेजर्स का कहना है कि शेयर बाजारों में हाई वोलैटिलिटी (अस्थिरता) आर्बिट्राज फंड मैनेजर्स के लिए प्रॉफिट पर ट्रेड शुरू करने के अवसर पैदा करती है। एक चौथाई से अधिक समय से बाजार ऐसे चरण में प्रवेश कर चुका है, जिसके साक ही आर्बिट्राज फंड उन निवेशकों के लिए लीडर के रूप में उभर रहे हैं, जो लंबी अवधि के निवेश के लिए पैसा लगाने के लिए इंतजार कर रहे हैं।

आर्बिट्राज फंड हायर, अपेक्षाकृत रिस्क-फ्री रिटर्न प्रदान करते हैं, विशेष रूप से 22 फीसदी और 33 फीसदी कर ब्रैकेट में निवेशकों के लिए फायदेमंद होते हैं। ये फंड उसी रियायती टैक्स रेट के लिए योग्य हैं, जो इक्विटी फंड पर लागू होती है। यानी, शॉर्ट टर्म गेन्स के लिए 20 फीसदी और बिना इंडेक्सेशन के लॉन्ग टर्म गेन्स के लिए 12.5 फीसदी - जो इन्हें टैक्स-एफिशिएंट निवेश के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाता है।

**आर्बिट्राज फंड क्यों हासिल कर रहे हैं लोकप्रियता?**

टैक्स-एडजस्टेड रिटर्न की पेशकश करने वाले आर्बिट्राज फंड टैक्स-सेवी निवेशकों के लिए एक लोकप्रिय विकल्प बन गए हैं। इस बढ़ते इंटरेस्ट ने कैटेगरी के एसेट अंडर मैनेजमेंट को 2 ट्रिलियन रुपये तक पहुंचा दिया है, जो अप्रैल 2023 से लगभग तीन गुना है। दिसंबर 2024 एएमएफआई रिपोर्ट के अनुसार, कैटेगरी में कुल 5.73 लाख इन्वेस्टर फोलियो के साथ 31 आर्बिट्राज स्कीम हैं।

## भारत में सैंडविच जेनरेशन के 60% लोगों को भविष्य की फाइनेंशियल सिक्योरिटी की चिंता है

**नई दिल्ली।** भारत में सैंडविच जेनरेशन के लोग अपने माता-पिता और बच्चों की ज़िंदगी को हर संभव तरीके से सबसे बेहतर बनाने पर ध्यान देते हैं, फिर भी उन्हें ऐसा लगता है कि वे अपने भविष्य के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। एडलवाइज लाइफ़ इंश्योरेंस की एक स्टडी के अनुसार, 60% उत्तरदाता इस बात से सहमत हैं कि, चाहे मैं कितनी भी सेविंग या इन्वेस्ट कर लूँ, पर ऐसा लगता है कि ये भविष्य के लिए काफ़ी नहीं है।

सामान्य तौर पर 35 से 54 साल की उम्र के लोगों को सैंडविच जेनरेशन कहा जाता है, जिनके कंधों पर दो पीढ़ियों - यानी अपने बुजुर्ग माता-पिता और बढ़ते बच्चों की आर्थिक ज़रूरतों को पूरा करने की ज़िम्मेदारी होती है। जीवन बीमा कंपनी ने YouGo1 के साथ मिलकर देश के 12 शहरों में इस जेनरेशन के 4,005 लोगों का एक सर्वे किया, ताकि उनके नज़रिये, उनकी धारणा और वित्तीय तैयारी के स्तर को समझा जा सके।

इस मौके पर एडलवाइज लाइफ़ इंश्योरेंस के एमडी एवं सीईओ, सुमित राय ने कहा, पिछले कुछ सालों में अपने ग्राहकों के साथ बातचीत के आधार पर हमने इस बात को करीब से जाना है कि, सैंडविच जेनरेशन के लोग किस तरह अपने माँ-बाप और बच्चों की देखभाल के बीच फंसे हुए हैं। वे स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसी ज़रूरी सुविधाएँ उपलब्ध कराना चाहते हैं, साथ ही वे अरमानों भरी ज़िंदगी भी देना चाहते हैं, जिसमें 'ज़रूरतों' को पूरा करने के लिए ख़्वाहिशों की कुर्बानी नहीं देनी पड़े। यही सबसे बड़ी वजह है, जो उन्हें वित्तीय फैसले लेने के लिए प्रेरित करती है। और इन सब के बीच, वे अक्सर अपने सपनों को पीछे छोड़ देते हैं, जिससे उन्हें यह महसूस होता है कि वे भविष्य के लिए तैयार नहीं हैं।

उनके वित्तीय फैसले परिवार के लिए अपनी ज़िम्मेदारी और प्यार पर आधारित होते हैं। हमारी स्टडी के नतीजे बताते हैं कि, इस जनरेशन के लोगों में आर्थिक रूप से तालमेल का अभाव या मनी डिस्मॉर्फिया (सरल शब्दों में, मनी डिस्मॉर्फिया का मतलब है, अपनी आर्थिक स्थिति के बारे में दुखी महसूस करना) है।

## एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस ने दो ब्रांडों के विलय की घोषणा की



**नई दिल्ली।** एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस ने इंडिया एनर्जी वीक, 2025 का उपयोग अपने मिश्रित ब्रांड इकाई की घोषणा के लिए मंच के तौर पर किया। मिश्रित ब्रांड के नए रूप का अनावरण एक समारोह के दौरान पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामकीय बोर्ड (पीएनजीआरबी) के चेयरपर्सन डाक्टर अनिल कुमार जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर थिंक गैस के चेयरमैन श्री अमितव सेनगुप्ता और थिंक गैस के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री अभिलाष गुप्ता, श्रीए. रमनाकुमार, सदस्य - पीएनजी आरबी और श्रीता के शीशि नो हारासैन, एमडी, ओसा का गैस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड उपस्थित रहे।

सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) क्षेत्र में दो प्रमुख ब्रांड एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस अब एक सिंगल ब्रांड- थिंक गैस के तहत परिचालन करेंगे और परिचालन कार्यक्षमता का उपयोग करते हुए बाजार में अपनी पहुंच बढ़ाएंगे। अब विलय के बाद यह ब्रांड 10 राज्यों के 50 जिलों को कवर करते हुए 18 करोड़ से अधिक की आबादी को सेवाएं देगा।

पीएनजीआरबी के चेयरपर्सन डाक्टर अनिल कुमार जैन ने इस नए ब्रांड का अनावरण करते हुए कहा, मैं एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस को उनके विलय उपरांत नई ब्रांड पहचान थिंक गैस बनने पर उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं। मुझे उम्मीद है कि भारत की वृद्धि को बल देने वाले टिकाऊ विकास के लिए यह नया ब्रांड एक ऊर्जा पारितंत्र का निर्माण करेगा।

नए ब्रांड की लांचिंग पर थिंक गैस के चेयरमैन श्री अमितव सेनगुप्ता ने कहा, ÷एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस के इस रणनीतिक ब्रांड विलय से हम हमारे संयुक्त ब्रांड को एक नई ऊंचाई पर ले जा सकेंगे और एक अग्रणी ऊर्जा कंपनी के तौर पर हमारी स्थिति मजबूत होगी। थिंक गैस के नए ब्रांड के तहत हमारा लक्ष्य इस देश में सबसे बड़े प्राकृतिक गैस नेटवर्कों में से एक का विकास करना और उसे स्थापित करना है।÷

समूह की इकाइयां ग्रीनफील्ड सीजीडी व्यवसाय में सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) होगा। अगले आठ वर्षों में एक अरब डॉलर के निवेश के साथ समूह की इकाइयों की योजना अपने नेटवर्क का विस्तार कर 24,000 इंच किलोमीटर स्टील पाइपलाइन पर पहुंचाने की है जिससे 3,24,000 वर्ग किलोमीटर के दायरे में 2,000 से अधिक सीएनजी स्टेशनों के एक मजबूत नेटवर्क का निर्माण होगा और 18 करोड़ से अधिक ग्राहकों की जरूरतें पूरी की जा सकेंगी।

# एनफैब्रिका ने एआई नेटवर्किंग इन्नोवेशन को गति देने के लिए भारत में आरएंडडी हब खोला



**हैदराबाद।** एआई नेटवर्किंग में अग्रणी और जीपीयू/एक्सिलेटर क्लस्टर के प्रभावी एवं उच्च निष्पादन के लिए एक्सिलरेटेड कंप्यूट फैब्रिक (एसीएफ) चिप की आविष्कारक एनफैब्रिका कॉरपोरेशन ने भारत के हैदराबाद में मुख्यालय वाला अपना आरएंडडी परिचालन शुरू करने की आज घोषणा की। भारत में इसके नए कार्यालय एवं आरएंडडी सुविधा की स्थापना, एनफैब्रिका को एआई इन्नोवेशन के लिए एक टेक्नोलॉजिकल हब के केंद्र में स्थित करती है जिससे कंपनी अपनी विश्वस्तरीय इंजीनियरिंग टीम बढ़ा सकेगी और साथ ही सिलीकॉन एवं सॉफ्टवेयर उत्पाद विकास परिचालन को विस्तार दे सकेगी। यह नया कार्यालय इस कंपनी की वैश्विक उपस्थिति को बढ़ाता है और साथ ही एआई इंफ्रास्ट्रक्चर का स्तर बढ़ाने के लिए इस उद्योग के सबसे उन्नत नेटवर्किंग उत्पादों की आपूर्ति के लिए शीर्ष स्तर की प्रतिभाओं को नौकरी पर रखने की इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। समयबद्ध तरीके से कंप्यूट एवं रिजनिंग मॉडलों के उपयोग के साथ जेनरेटिव एआई और इससे जुड़ी उन्नति को तेजी से अपनाए जाने के साथ एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण की चुनौतियों की गणना, महत्तम स्तर के संतुलन स्तर और स्वामित्व के कुल खर्च के अनुसार करने की जरूरत है। एनफैब्रिका समानांतर, विजातीय और बढ़े हुए कंप्यूटिंग सिस्टम्स को कुशलता के साथ एक दूसरे से जोड़ने के लिए चिप्स और सॉफ्टवेयर का निर्माण कर एआई के लिए नेटवर्किंग को नए सिरे से परिभाषित कर रही है। इस कंपनी का 3.2 टेराबाइट प्रति सेकेंड का एसीएफ सुपरएनआईसी विश्व का सबसे तेज, सबसे लचीला और सबसे विस्तार योग्य जीपीयू नेटवर्क इंटरफेस कंट्रोलर चिप है। 2के जीपीयू से 100 से अधिक जीपीयू तक के क्लस्टर्स के लिए यह लोकप्रिय एआई फ्रेमवर्क केलिए उच्च निष्पादन प्रदान करता है और साथ ही नेटवर्क डिजाइन को आसान बनाता है जिससे पूंजीगत एवं परिचालन खर्च नीचे लाया जा सके। भारत वैश्विक एआई क्रांति में निरंतर एक अहम भूमिका निभा रहा है। विविध भौगोलिक एवं आर्थिक परिदृश्य में फैला इस देश का उन्नत डिजिटल सार्वजनिक आधारभूत ढांचा, आधुनिक एआई एप्लीकेशंस को विस्तार देने के लिए महत्वपूर्ण कारक है। भारत में एआई का बाजार वर्ष 2025 तक आठ बिलियनडॉलर पर पहुंचने का अनुमान है और यह 2020 से साल दर साल 40 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर से बढ़ रहा है। एनफैब्रिका का हैदराबाद में आरएंडडी सेंटर, एआई और एक्सिलरेटेड कंप्यूटिंग वर्कलोड के निष्पादन और विस्तार की मांग से निपटने के इच्छुक इंजीनियरों और डेवलपरों के समुदाय के बीच स्थित है।

## फिरोज़ी ने आत्मविश्वास, साहस और भावनाओं से भरे अपने डेब्यू एलबम के साथ देसी हिप-हॉप को नए अंदाज में पेश किया



एक नए अंदाज में देसी हिपहॉप का मजा लेने के लिए तैयार हो जाईये क्योंकि फिरोज़ी छः सदस्यों के अपने ट्रेलब्लेज़िंग ग्रुप के साथ अपना पहला एलबम पेश कर रहे हैं। लंबरदार एमसी स्क्वैयर के नेतृत्व में गुर्जर एचबी, एमएनडीपी, स्काईमेरीजान, मार्क भाटिया और प्रोड्यूसर जीरोटूवन का यह जबरदस्त ग्रुप अपनी स्वाभाविक कहानियों, गली से जुड़े सिद्धांतों, और अपार ऊर्जा के साथ हिपहॉप का अंदाज बदल रहा है। फरीदाबाद, हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले ये छः कलाकार सात बेहतरीन ट्रैक्स द्वारा देसी हिपहॉप के सार के साथ अपने संगीत में अपनी जड़ों और तजुर्बे को पेश कर रहे हैं। कलात्मक अभिव्यक्ति के साझा जुनून और एक अटूट बंधन से जुड़ा यह ग्रुप इस शैली को नए अंदाज में पेश करके इसे बेमिसाल बुलंदियों तक पहुँचाने के लिए तैयार है। इस ग्रुप ने दो शानदार सिंगल्स, ''फरीदा ड्रिप'' और ''51 गढ़'' के साथ हलचल मचा दी है, जो आवाज की दुनिया में एक नई क्रांति का संकेत दे रही है। ''51 गढ़'' आत्मविश्वास और आक्रामकता का गीत है, जो कलाकारों के तेजतर्रार शब्दों से उन लोगों को चेतावनी दे रहा है, जो उन्हें चुनौती देने की हिम्मत करते हैं। दूसरी तरफ, 'फरीदा ड्रिप' आत्मविश्वास और अंदाज की बेहतरीन रचना है, जिसकी शुरुआत से लेकर जो अपनी शुरुआत से ही जबरदस्त बोलों के साथ फिरोज़ी की प्रभावशाली मौजूदगी का प्रदर्शन करता है।

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक का वित्तवर्ष 2025 की तीसरी तिमाही का राजस्व 49 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि के साथ 700 करोड़ रुपये तक पहुँचा

**लखनऊ।** आज एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त हुई तिमाही के लिए अपने समेकित परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने 49 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि के साथ 700 करोड़ रुपये से अधिक का त्रैमासिक राजस्व दर्ज किया है। बैंक का शुद्ध लाभ 70 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि के साथ 18.5 करोड़ रुपये रहा। EBITDA में 66 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि हुई और यह वित्तवर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 87 करोड़ रुपये दर्ज किया गया।इस तिमाही के दौरान बैंक के मासिक विनिमय करने वाले यूज़र्स 62 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि के साथ 100 मिलियन से ज्यादा थे। वार्षिक सकल मर्चेंडाईज़ वैल्यू 4,000 करोड़ रुपये के करीब पहुँच गई, जिससे प्रदर्शित होता है कि लोगों द्वारा बैंक के डिजिटल बचत खाते, मर्चेंट प्रस्तावों और अन्य उत्पादों को अपनाए जाने में वृद्धि हो रही है। ग्राहकों के बैलेंस में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई और यह 42 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि के साथ 3,332 करोड़ रुपये को पार कर गया। व्यापारियों के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक के इनोवेटिव साउंडबॉक्स सहित कंपनी की मर्चेंट पेशकशों को व्यापारिक समुदायों द्वारा अपनाए जाने में लगातार वृद्धि हो रही है। बैंक देश के दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में भी अपने समाधानों को अपनाए जाने में लगातार वृद्धि दर्ज कर रहा है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के एमडी एवं सीईओ, अनुब्रत बिस्वास ने कहा, ''हमें एयरटेल पेमेंट्स बैंक के लिए एक और तिमाही में मजबूत वृद्धि दर्ज करने की खुशी है, जिससे हमारे बैंकिंग मॉडल की शक्ति प्रदर्शित होती है। एक पूर्णतः इंटीग्रेटेड, टेक्नोलॉजी-संचालित बैंकिंग प्लेटफॉर्म के रूप में हम शहरी और ग्रामीण ग्राहकों की विभिन्न जरूरतों को पूरा करते रहेंगे।


## इनडीड ने 2025 के लिए भारत में सबसे अधिक मांग में रहने वाली नौकरियों का खुलासा किया

**बैंगलोर।** भारत में सालों से नौकरी के बाजार में टेक-सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स, डेटा साईंटिस्ट्स, और एआई स्पेशलिस्ट्स का वर्चस्व रहा है। लेकिन 2025 में आर्किटेक्ट्स ने उन सभी को पीछे छोड़ दिया है। ग्लोबल मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म, इनडीड ने आज 2025 में भारत की सर्वोच्च नौकरियों की सूची जारी की। इसके मुताबिक देश में आर्किटेक्ट्स इस समय सबसे ज्यादा मांग में हैं। उनकी नौकरी में साल-दर-साल 81 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है तथा उनका औसत वार्षिक वेतन 14,95,353 रुपये है। नौकरियों की पोस्टिंग, वेतन, और विकास की क्षमता के आधार पर तैयार की गई यह रैंकिंग प्रदर्शित करती है कि भारत में तेजी से होता शहरीकरण, इन्फ्रास्ट्रक्चर में तेजी, और सस्टेनेबल निर्माण की मांग नियुक्तियों को किस प्रकार प्रभावित कर रही है। मेट्रो शहरों के विस्तार, स्मार्ट सिटीज़ के उदय और कंपनियों द्वारा एनर्जी-एफिशियंट ऑफिस स्पेसेज़ में निवेश के साथ आर्किटेक्ट्स इस परिवर्तन में केंद्रीय भूमिका निभा रहे हैं। इनडीड इंडिया में हेड ऑफ सेल्स, शशि कुमार ने कहा, ''नॉन टेक पद कई सालों में पहली बार सूची में सबसे ऊपर आए हैं। भारत के विकसित होते हुए शहरों, नए कमर्शियल केंद्रों, और तेजी से बढ़ती रियल ईस्टेट के कारण भविष्य का डिज़ाईन करने वाले आर्किटेक्ट्स की मांग बढ़ रही है।''

**सूची में अभी भी ऊपर रहने वाले टेक और डेटा के पद**

जहाँ एआई कार्यशैली के भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, वहीं बुनियादी टेक्नोलॉजी के पद भी महत्वपूर्ण हैं, जो टेक्नोलॉजी के परिवेश को मजबूत, सुरक्षित और विस्तारयोग्य बनाए हुए हैं। बड़े डेटासेट को नियंत्रित और डिकोड करने वाले डेटा इंजीनियर्स और डेटा एनालिस्ट्स से लेकर सिस्टम की स्टेबिलिटी बनाए रखने वाले साईट रिलायबिलिटी इंजीनियर्स और टेक्निकल कंसल्टैंट्स तक, ये सभी पद व्यवसाय को चुस्त, प्रभावशाली और भविष्यरोधी बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं।

## एलजी इंडिया ने भारतभर में रक्तदान अभियान का किया विस्तार



**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया अपनी मेगा रक्तदान अभियान के तीसरे संस्करण को लॉन्च करने के लिए तैयार है जो जीवन अच्छा होता है जब जीवन साझा किया जाता है के मूल संदेश के साथ कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इस पहल का उद्देश्य समुदायों, विशेष रूप से युवाओं को संगठित करना है और 70 शहरों में 400 रक्तदान शिविरों का आयोजन करना है। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के एमडी, श्री होंग जू जियोन ने कहा हम सार्थक हस्तक्षेप के साथ सीएसआर कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मेगा रक्तदान अभियान का यह तीसरा संस्करण हमारे इस संकल्प का प्रतिबिंब है कि लोगों के लिए लाइफ्स गुड बनाया जाए। हमारा उद्देश्य समुदायों को सक्रिय रूप से भाग लेने और इस महत्वपूर्ण उद्देश्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित करना है, जो हमारे मूल संदेश जीवन साझा करने पर ही अच्छा बनता है के साथ जुड़ा हुआ है। वर्ष 2019 और 2023 में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने सफलतापूर्वक लगभग 188 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया, जिसके माध्यम से 17,700 से अधिक पंजीकरण हुए। इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए, 2025 के अभियान का लक्ष्य 30,000 पंजीकरण प्राप्त करना है। प्रत्येक शिविर में रक्तदाताओं को आवश्यक चिकित्सा जांच, जलपान और प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे, ताकि एक सहज और प्रेरक रक्तदान अनुभव सुनिश्चित किया जा सके।

# खालसा ई-व्हीकल्स ने लखनऊ में अपना पहला रिटेल आउटलेट शुरू किया, राज्य में अपनी उपस्थिति बढ़ाई



**लखनऊ।** भारत की अग्रणी वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक-वाहन विनिर्माता कंपनी खालसा ई-व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड ने लखनऊ में अपने पहले रिटेल आउटलेट के भव्य उद्घाटन की घोषणा की। आउटलेट के उद्घाटन के अवसर पर खालसा ई-व्हीकल्स के ब्रांड एंबेसडर किकू शारदा ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को और भी खास बना दिया।

यह नया आउटलेट खालसा ई-व्हीकल्स की देश भर में पर्यावरण अनुकूल समाधान को आगे बढ़ाने की निरंतर प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। पर्यावरण के अनुकूल परिवहन की सुलभता को बढ़ाकर, कंपनी का लक्ष्य लखनऊ में ग्राहकों को अधिक सुविधा और विकल्प प्रदान करना है। यह नया आउटलेट भारत भर में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए जाने-माने ब्रांड बनने की खालसा ई-व्हीकल्स की महत्वाकांक्षा को पुष्ट करता है। यह एक ऐसा विजन है जो पहले से ही 18 राज्यों, 250 से अधिक डीलरों, कंपनी के स्वामित्व वाली कंपनी संचालित 25 आउटलेट्स और देश भर में रणनीतिक रूप से स्थित सात गोदामों में उपस्थिति के साथ साकार हो रहा है।

भारतीय हास्य अभिनेता किकू शारदा ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा, आज लखनऊ में खालसा ई-व्हीकल्स के पहले आउटलेट के शुभारंभ का गवाह बनना वाकई सम्मान की बात है। मैंने हमेशा पर्यावरण अनुकूल इनोवेशन की शक्ति में विश्वास किया है और खालसा ईवी इसमें सबसे आगे है। पर्यावरण के अनुकूल परिवहन समाधान प्रदान करने के लिए कंपनी का समर्पण प्रेरणादायक है और मुझे उम्मीद है कि यह नया आउटलेट कई और व्यक्तियों और व्यवसायों को स्वच्छ भविष्य के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में मदद करेगा। भारत में इलेक्ट्रिक परिवहन के भविष्य को आगे बढ़ाने में उनके अविश्वसनीय काम के लिए शिवम नारंग और सत्यम नारंग को बधाई!

खालसा ई-व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शिवम नारंग ने कहा, आज हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि हम लखनऊ के जीवंत शहर में अपनी पहुंच बढ़ा रहे हैं। हमारा उद्देश्य हमेशा से इलेक्ट्रिक वाहनों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना रहा है, और यह नया आउटलेट उस लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में एक और कदम है। अपने वाहनों को ICAT और NATRAX प्रमाणपत्र प्राप्त होने के साथ, हम यह सुनिश्चित करते हुए गुणवत्ता, विश्वसनीयता और स्थिरता प्रदान करना जारी रखे हुए हैं।

# लखनऊ के आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के श्रेयस लोहिया बने यूपी स्टेट टॉपर

**हासिल**

**लगभग 30 अन्य छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 (सत्र 1) में हासिल किए 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक**



**लखनऊ।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में अग्रणी देश के प्रमुख संस्थान, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एएईएसएल) ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन्स 2025 (सत्र 1) में एक शानदार सफलता की घोषणा की है। लखनऊ के श्रेयस लोहिया ने जेईई मेन्स 2025 के पहले सत्र में 100 पर्सेंटाइल हासिल कर राज्य में टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। अथर्व गुप्ता (99.95 पर्सेंटाइल), आयुष सिंह यादव (99.92 पर्सेंटाइल), ऋषभ पटेल (99.88 पर्सेंटाइल), शौर्य गुप्ता (99.82 पर्सेंटाइल) सहित लखनऊ के 30 अन्य छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 के पहले सत्र में 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। यह परिणाम भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक में छात्रों की कठिन मेहनत और शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाता है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज इन परिणामों की घोषणा की, जो इस वर्ष के दो निर्धारित जेईई सत्रों की शुरुआत का पहला एग्जाम रिजल्ट है। छात्रों को उनकी इस सफलता के लिए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर डीके मिश्रा ने बधाई दी। उन्होंने कहा, ÷जेईई मेन्स 2025 में हमारे छात्रों की शानदार सफलता पर हमें गर्व है। उनकी कठिन मेहनत और समर्पण के साथ-साथ आकाश की गुणवत्तापूर्ण कोचिंग ने इन बेहतरीन परिणामों को संभव बनाया है। हम आकाश में हमेशा ऐसे पाठ्यक्रमों पर जोर देते हैं जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुँचने में मदद करें। हम सभी सफल छात्रों को बधाई देते हैं और उनके भविष्य के अगले चरण के लिए उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएँ देते हैं।÷ जेईई (मेन) को दो सत्रों में आयोजित किया जाता है, जिससे छात्रों को अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के कई मौके मिलते हैं। जेईई एडवांस्ड विशेष रूप से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश का द्वार है, जबकि जेईई मेन्स भारत के विभिन्न राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी) और अन्य केंद्रीय सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिए प्रवेश परीक्षा के रूप में कार्य करता है। जेईई एडवांस्ड में भाग लेने के लिए जेईई मेन्स में उपस्थित होना आवश्यक है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड को मेडिकल (नीट) और इंजीनियरिंग (जेईई) प्रवेश परीक्षाओं के अलावा, एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्रों को बेहतरीन परिणाम दिलाने के लिए जाना जाता है। संस्थान उच्च गुणवत्ता वाली परीक्षा तैयारी सेवाएँ प्रदान करने के लिए समर्पित है, जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराती हैं और शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करती हैं।

# मॉडर्न लाइफस्टाइल के लिए परफेक्ट कूलिंग सैमसंग बेस्पोक एआई विंडफ्री एसी रेंज



**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांडसैमसंगने अपनी2025 बेस्पोक AI विंडफ्री एयर कंडीशनर रेंजलॉन्च की है,जो भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। अत्याधुनिक एआई तकनीक,ऊर्जा कुशल प्रदर्शन और आधुनिक जीवनशैली में सहज समावेश के साथ,यह नई रेंज न केवल भारतीय गर्मियों के लिए कूलिंग के अनुभव को नए स्तर पर ले जाती है बल्कि घरों में आरामदायक माहौल भी बनाए रखती है। AI फास्ट एंड कम्फर्ट कूलिंगतकनीक से लैस ये एयर कंडीशनर कमरे का तापमान तेजी से कम करते हैं और फिर धीरे-धीरेविंडफ्रीइ कूलिंगमें बदल जाते हैं। यह अनूठी तकनीक बिना किसी तेज हवा के कोमल और प्रभावी कूलिंग सुनिश्चित करती है, जो इनडोर और आउटडोर परिस्थितियों के अनुसार खुद को अनुकूलित कर लेती है। यह सिस्टम उपयोगकर्ता की पसंद और आदतों को लगातार सीखकरव्यक्तिगत कूलिंग समाधानप्रदान करता है, जिससे यह भारत के अनिश्चित जलवायु में रहने वाले परिवारों के लिए एक आदर्श विकल्प बन जाता है।

विंडफ्री कूलिंग तकनीक, अपनेमाइक्रो एयर होल डिज़ाइनके जरिए हवा को समान रूप से फैलाकर स्टिल एयर वातावरण बनाती है, जिससे ठंडक का अहसास होता है लेकिन बिना किसी अप्रिय हवा के झोंकों के। इसके साथAI एनर्जी मोडभी दिया गया है, जोरियल-टाइम परिस्थितियों और उपयोग के पैटर्नका विश्लेषण कर ऊर्जा की खपत को कम करता है। यह तकनीक 30% तक बिजली की बचतकरने में सक्षम है, जिससे भीषण गर्मी के दौरान भी घर ठंडे और आरामदायक बने रहते हैं।

# अटल जी की स्मृतियां हमारी विरासतः विजय बहादुर दुबे



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** भाजपा द्वारा मनाए जा रहे अटल जन्मशताब्दी वर्ष के अंतर्गत आयोजित अटल स्मृति संकलन अभियान के तहत भाजपा किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने वरिष्ठ भाजपा नेता विजय बहादुर दुबे के नेहरू नगर देवरिया स्थित आवास पर उनसे भेंट कर उनको सम्मानित किया और उनसे अटल जी के स्मृतियों को सुना। अटल जी के स्मृतियों को साझा करते हुए विजय बहादुर दुबे ने कहा कि अटल जी कार्यकर्ताओ को अत्यंत स्नेह देते थे, 1997 में देवरिया में आयोजित उनकी सभा के संचालन का अवसर मुझे मिला, सभा की समाप्ति के बाद अटल जी ने मुझे बुलाया और सफल संचालन के लिए शाबाशी दिया। उन्होंने कहा कि अटल जी की स्मृतियां हमारी विरासत है, इनको संजोकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि अटल जी की स्मृतियां कार्यकर्ताओ के लिए अत्यंत ही प्रेरणादायी है, उनकी स्मृतियों और जीवनी से हमे ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों के निर्वहन करने की सिख मिलती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अरुण कुमार मिश्र, नित्यानंद पाण्डेय,विजय कुशवाहा, डॉ विनोद पाण्डेय, राकेश कुमार, वीरेंद्र पाठक उपस्थित रहे।

# संत रविदास ने हिन्दू समाज को एक सूत्र में पिरोने का किया कार्य : विनय जायसवाल

अवधनामा ब्यूरो



रविदास के चित्र पर माल्यार्पण करते नपा अध्यक्ष विनय

**कुशीनगर।** संत रविदास की जयंती बुधवार को ढोल नगाडे के साथ धूमधाम से मनाई गई। रविदास समाज के लोगो ने संत रविदास की भव्य शोभा यात्रा निकाली। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। हर वर्ष के भांति इस साल भी पडरौना नगर में संत रविदास की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

बाल्मीकि नगर, छावनी, सुभाष चौक, अंबेडकरनगर नौका टोला, कसेरा टोली, साहबगंज सहित विभिन्न मोहल्लों के अलावा बलुचहां, बकुलहां एवं आस-पास के गांवों से संत रविदास की झाकियां लिए आयोजन कमेटी के लोग पडरौना नगर के सुभाष चौक पर एकत्र हुए, जहां से शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा बुद्ध की झांकियां भी शामिल थीं। यह शोभा यात्रा सुभाष चौक से कोतवाली रोड, धर्मशाला रोड,

**शोभायात्रा निकालकर मनाई गई रविदास जयंती**

साहबगंज, मेन बाजार रोड, रामकोला रोड होते हुए पुनः सुभाष चौक पहुंचकर समाप्त हुई। इसी कडी में सन्त रविदास की 658 वीं जयंती के अवसर पर नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल द्वारा नगर के कोतवाली मार्ग पर स्थापित संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व मिष्ठान वितरण कर धूमधाम से जयंती मनाई गई। चेयरमैन विनय जायसवाल ने कहा कि रविदासिया पंथ की स्थापना करने वाले सन्त शिरोमणि गुरु रविदास ने अपने वचनों और दोहों से भक्ति की अलग छाप दुनिया में छोड़ी। भक्ति रस के अनन्य कवि सन्त रविदास ने अपने छंदों और गीतों से भक्ति आंदोलन पर स्थाई प्रभाव डाला।

नपाध्यक्ष ने कहा कि सामाजिक समानता के लिए अपनी आवाज उठाने वाले सन्त गुरु रविदास ने हिन्दू समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम किया था। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 8 वर्षों से लगातार नगर क्षेत्र में स्थापित सभी महापुरुषों और राष्ट्रनायकों की प्रतिमाओं की धुलाई, साफ-सफाई और माल्यार्पण कर प्रतिदिन श्रद्धांजलि दी जाती है एवं राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान को याद किया जाता है। इस दौरान नपा प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, नारद प्रसाद, भोला प्रसाद, दिलीप प्रसाद रविंद साह, पिंटू साह, सुनील प्रसाद, पप्पू प्रसाद सहित तमाम लोग शामिल रहे।

## रविदास जयंती पर विधायक ने किया कबीर पंथी साधुओं का सम्मान



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती जिले में श्रद्धा और सद्भाव के वातावरण में मनाई गई।संत शिरोमणि की जयंती पर पटखापुर गांव से झांकी निकाली गई। पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक महाराजी प्रजापति ने कबीर पंथी साधुओं और रविदास जी की शिक्षाओं के प्रचार प्रसार में लगे संतजनों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। विधायक प्रतिनिधि अनुराग प्रजापति और अरुण प्रजापति भी उनके साथ रहे। विधायक कार्यालय पर कार्यक्रम की शुरुआत संत कमल दास की भजन सतगुरु नयनवा के नूर हो,चरनवा से दूर मत करिहौ---से हुई। विधायक महाराजी प्रजापति के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने संत रविदास के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधायक महाराजी प्रजापति ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास ने जीवन भर जातिभेद और ऊंच नीच के विरुद्ध सामाजिक चेतना की मशाल जलाई और दुनिया को इंसानियत के संदेश दिए। जब तक सृष्टि रहेगी उनकी शिक्षाएं हमेशा प्रासंगिक रहेंगी। अनुराग प्रजापति ने कहा कि सच्ची पवित्रता हमारे मन और कर्मों से होती है। रविदास जी के जीवन से हमें यही प्रेरणा मिलती है। अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ रुदल यादव ने संत शिरोमणि रविदास जी के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के संदेश दिए। अरुण प्रजापति ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी का जीवन दर्शन हमें समतामूलक खुशहाल समाज के निर्माण की प्रेरणा और ताकत प्रदान करता है। कार्यक्रम का संचालन अवकाश प्राप्त प्रवक्ता श्री नाथ यादव ने किया। महावीर कश्यप,विशेषर वर्मा, छोटे लाल कनौजिया, पिंटू यादव,राजा सिंह, सुंदर लाल, मोहन लाल, पलटूराम, शम्भू यादव, अशोक यादव, शत्रुघ्न कोरी, दीपक आर्य, महावीर आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त तहसीलदार के साथ आहूत की गयी प्री-ट्रॉयल बैठक



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह के आदेशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त तहसीलदार के साथ न्यायालय परिसर में प्री-ट्रॉयल बैठक आहूत की गयी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने समस्त तहसीलदार को निर्देशित किया कि आप अपने स्तर से राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार में सहयोग करें तथा ग्रामीण स्तर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित कर आमजनमानस जागरूक करें। सचिव ने राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता के लिऐ अधिक से अधिक सुलहनीय मामलो को चिन्हित कर निस्तारित करने का निर्देश दिया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार बैनर, पम्पलेट तथा मोबाईल वैन के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा समाचार पत्रों के माध्यम से आमजनमानस को जागरूक करे। न्यायाधीश द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त संबंधित अधिकारियों को एक साथ आगे आने का आह्वान किया।

## चार प्रधान समेत पांच पदों के लिए होगा मतदान

**कुशीनगर।** विभिन्न कारणों से रिक्त 13 ब्लॉकों के 248 सीटों के लिए पंचायत उपचुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। मंगलवार को नामांकन पत्रों की वापसी के बाद कुल पांच पदों के लिए 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में बचे हैं। इसके बाद उम्मीदवारों को प्रतीक चिह्नों का आवंटन कर दिया गया। 19 फरवरी की सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान व 21 फरवरी को सुबह आठ बजे से मतगणना होगी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एसडीएम मोहम्मद जफर ने बताया कि विभिन्न पदों के लिए कुल 43 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। इसमें से दो का पर्चा खारिज हो गया। शेष बचे 41 प्रत्याशियों में से 31 ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। अब 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि बीडीसी के सभी सीटों पर एक-एक और दुदही ब्लॉक के कीरतपट्टी ग्राम प्रधान सीट पर एक उम्मीदवार हैं। रामकोला के कटघरही ग्राम प्रधान के दो, कप्तानगंज के पड़ौली शेखपुरवा में प्रधान के लिए दो, पडरौना ब्लॉक में प्रधान की रिक्त दो सीटों पर चार तथा कटघरही में ग्राम पंचायत सदस्य पद पर दो उम्मीदवार हैं।

# कब्र से निकला गया युवक का शव परिजनों ने जताया था हत्या की आशंका

अवधनामा ब्यूरो



कब्र से युवक का शव निकलवाती पुलिस

**कुशीनगर।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के बंगाली पट्टी टिकुलिया गांव निवासी एक युवक की लाश तीन दिन बाद बुधवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने कब्र से लाश निकलवाया। परिजनों ने थाने में पत्र देकर युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए पोस्टमार्टम कराने की मांग किया था। जिसके बाद पुलिस ने उच्चाधिकारियों से अनुमति मिलने के बाद शव को कब्र से निकालकर पीएम के लिए भेजा।

चार दिन पूर्व विशुनपुरा थाना क्षेत्र के बंगाली पट्टी गांव के टिकुलिया टोला निवासी 25 वर्षीय शाहिद गांव से 9 फरवरी को बरवा पट्टी एक बारात में शामिल होने गया था। वहां पर उसकी संदिग्ध हालत में मौत हो गई, घर वालों ने शव को दफन कर दिया। भाई मकसूद अंसारी ने पुलिस को तहरीर देकर भाई की मौत पर संदेह जताया

- मजिस्ट्रेट और पुलिस की मौजूदगी में कब्र से निकाला गया शाहिद का शव
- पंचायतनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

और पोस्टमार्टम कराने की मांग किया। विशुनपुरा पुलिस ने मजिस्ट्रेट को कब्र से शव निकालने के लिए पत्र लिखा था। अनुमति मिलने के बाद बुधवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने कब्र से शव निकलवाकर पंचनामा भरकर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस संबंध में विशुनपुरा थानाध्यक्ष राजू सिंह ने बताया कि कब्र से शव निकालने के लिए मजिस्ट्रेट को पत्र लिखा गया था, जिसके आधार पर अनुमति मिलने के बाद शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## ट्राई साइकिल पाकर खिले दिव्यांगों के चेहरे



**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** मोतीचक ब्लाक परिसर में बुधवार को दिव्यांग जन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगों में ट्राई साइकिल व अन्य सहायक उपकरण वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाटा विधायक मोहन वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि प्रमुख अर्चना सिंह रही। दिव्यांगों में ट्राई साईकिल व अन्य सहायक उपकरण वितरण के दौरान विधायक श्री वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब व कमज़ोर तबकों के हित में कल्याणकारी योजनाएं चला रही है जिसका सीधा लाभ उन्हें मिल रहा है। ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने दिव्यांग हित में जो योजनाएं चला रही है वह काबिले तारीफ है। भाजपा सरकार में समाज के हर वर्ग खुशहाल है। बीडीओ मोतीचक रामानंद वर्मा ने बताया कि कुल 90 दिव्यांगों में सहायक उपकरण वितरण किया गया। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित पेंशन, दुकान लोन, शादी अनुदान, यूडीआईडी कार्ड के विषय में विस्तार से बताया।

## रामकोला चीनी मिल ने 4 तक गन्ना मूल्य भुगतान भेजा

**रामकोला, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** त्रिवेणी चीनी मिल, रामकोला ने जनपद में गन्ना मूल्य भुगतान में अपनी प्रतिबद्धता को बरकरार रखा है। मिल ने वर्तमान पेराई सत्र के दौरान 29 जनवरी से 04 फरवरी तक खरीदे गए गन्ने का 14 करोड़ 49 लाख रुपए का भुगतान किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित कर दिया है। उक्त आशय की जानकारी मिल के प्रधान प्रबंधक यशराज सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि किसानों का हित मिल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों से आग्रह किया कि वे ताजा, साफ-सुथरा गन्ना ही मिल को आपूर्ति करें

## महिला उत्पीड़न के मुद्दों पर समीक्षा बैठक 13 को



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारु चौधरी 13 फरवरी को देवरिया जनपद के आधिकारिक प्रवास पर आएंगी। उनके प्रवास कार्यक्रम के अनुसार, प्रातः 11 बजे निरीक्षण भवन में महिला कल्याण विभाग एवं अन्य जनपदीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में जनपद में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की गहन विवेचना की जाएगी। समीक्षा बैठक उपरांत माननीय उपाध्यक्ष द्वारा महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महिलाओं की समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण हेतु निर्देश प्रदान किए जाएंगे। अपराह्न 2:00 बजे से वह महिला बंदीगृह, वन स्टॉप सेंटर एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करेंगी तथा इन संस्थानों की कार्यप्रणाली का अवलोकन करेंगी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने समर्पण दिवस मनाया



**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को स्थानीय तहसील क्षेत्र के भिंगारी बाजार स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल में भारतीय जनता पार्टी घाटी मंडल में भारतीय जन संघ के संस्थापक सदस्य एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे पं0 दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर चलाएं जा रहे समर्पण दिवस कार्यक्रम को मनाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष अनिल शाही ने कहा कि एकात्म मानववाद का समग्र विचार देने वाले महान दार्शनिक व अंत्योदय का मंत्र देकर भारतीय राजनीति को नया आयाम देने वाले हमारे पद प्रदर्शन पं. दीनदयाल उपाध्याय मां भारती के अमर सपूत थे। जिन्होंने जीवन पर्यंत मां भारती के सेवा में अपने आप को खपा दिया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता समर्पण कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजय सिंह, राघवेंद्र सिंह, अजीत शाही, पंकज शाही, सुनील शाही, राहुल सिंह, साहब यादव, नौशाद अंसारी, संतोष सिंह, ललित सिंह, विजय बरनवाल, दीपक पटेल उपस्थित रहे।

# स्वालम्बन और सामाजिक बदलाव का सशक्त माध्यम है शिक्षा : धीरेन्द्र प्रताप

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** बुधवार को राजरानी इंटर कालेज ढोढनपुर का स्थापना दिवस और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान प्रयोगशाला का भी उद्घाटन हुआ। प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित करने के साथ पंचायत प्रतिनिधियों को भी प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के प्रतिनिधि मृगांकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति जीवन भर सतत शिक्षा का विद्यार्थी रहता है। तमाम चुनौतियों और समस्याओं के बावजूद आज भी शिक्षक ही राष्ट्र के लिए अच्छे नागरिक तैयार कर रहे हैं। शिक्षा ही विकास की कुंजी है।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षा स्वालम्बन के साथ सामाजिक बदलाव का सशक्त माध्यम है।

**राजरानी इंटर कालेज ढोढनपुर में आयोजित हुआ स्थापना दिवस और सम्मान समारोह**

मृगांकेश्वर सिंह ने कक्षा दस की छात्रा प्रतीक्षा रावत को साइकिल देकर सम्मानित किया। ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना ने कक्षा 12 के छात्र अर्पित वर्मा को सम्मानित किया। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के महामंत्री रमाकांत मौर्य ने छात्र छात्राओं को अच्छी शिक्षा हासिल करने के संदेश दिए और कहा कि सभी विद्यार्थी अपनी कक्षा का आधा पाठ अपने घर में पढ़ें तभी परीक्षा में 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करेंगे। विद्यालय के प्रबंधक राम सुख ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन शिव बहादुर श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, ब्लाक प्रमुख सिंहपुर अंकित पासी, वीरेंद्र तिवारी, जिला पंचायत सदस्य आनंद सिंह, पूर्व प्रमुख रमेश सिंह, रामसागर शुक्ल, महावीर,मोनू जायसवाल, बृजेन्द्र रावत, अखंड प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# नेहरू युवा केन्द्र की ओर से खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** डा भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में बुधवार को नेहरू युवा केन्द्र की ओर से खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्र प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। आर आर पी जी कालेज के समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ धनंजय सिंह, जिला युवा कार्यक्रम परामर्श दात्री समिति के सदस्य इंजीनियर लालमणि कश्यप,उप क्रीड़ा अधिकारी मो मुशर्रफ, शमीम अहमद और दिनेश मणि ओझा ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 400 मीटर दौड़ में प्रथम मो. इबरार, द्वितीय रोहित चौहान तृतीय सूबेदार रहे।

कुश्ती बालक वर्ग में प्रथम दिलशाद , द्वितीय विनय यादव, तृतीय कुलदीप बालिका वर्ग में स्लो साइक्लिंग रेस में प्रथम रोशनी पठान द्वितीय पायल तृतीय आंशिक मिश्रा रही। बैडमिंटन प्रथम आयुषी यादव, द्वितीय तैयबा खातून, तृतीय ब्राह्मणी रही। प्रतियोगिता में सम्मानित कोच प्रेम चंद यादव,श्री चंद्रपाल यादव, डॉ एस पी सिंह , संगम मौर्य ,कीर्तिपाल सिंह का निर्णायक के रूप में सहारनीय योगदान रहा और कोचों ने खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन किया और प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को प्रेरित किया। एकल विधा प्रतियोगिता का समापन मोश मुशर्रफ जिला उपक्रीडा अधिकारी ने किया। उन्होंने कहा की खेल में हार-जीत तो होती रहती है, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि आप कैसे खेलते हैं। खेल एक समर्पण और मेहनत का परिणाम है, और उसका फल आपके प्रयासों का परिणाम होता है। खेल का महत्वपूर्ण होना उसकी महत्वपूर्णता के कारण है, न कि उसके परिणाम के कारण।÷कल सामूहिक विधा के खेल कराए जाएंगे। खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल कई प्रकार के होते हैं, जो हमारे शारीरिक के साथ मानसिक विकास में मदद करते हैं।

## नियो पेंट्स एंड केमिकल्स का देवरिया में नेशनल हेड अमितेश झा द्वारा मिश्रा ट्रेंड्स पर हुआ शुभारंभ



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 12 फरवरी को देवरिया जनपद में नियो पेंट्स एंड केमिकल्स के नेशनल हेड अमितेश झा के कर कमलों द्वारा मिश्रा ट्रेंड्स को देवरिया में नियो पेंट्स एंड केमिकल्स का डिस्ट्रीब्यूटर नियुक्त किया गया है नियो पेंट्स एंड केमिकल्स एक्सीलेंट कोटिन में अपना सिक्का जमाने के बाद आप डेकोरेटिव सेगमेंट में अपना सिक्का जमाने की तैयारी में है मार्केटिंग मैनेजर अमितेश झा ने बताया कि हमारा प्रोडक्ट अन्य प्रोडक्ट से सस्ता होने के साथ-साथ उचित गुणवत्ता आम जनमानस को उसको उपलब्ध कराएगा इस मौके पर नियो पेंट्स एंड केमिकल्स के सीनियर अधिकारी वरुण कुमार, आसिफ खान, एवं मिश्रा ट्रेंड्स के प्रोपराइटर सौरभ मिश्रा, आदि लोग मौजूद थे।

## मामूली विवाद में युवक की किया निर्मम पिटाई

**लालगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव हाईवे पर सातनपुर गांव के निकट सोमवार की देर शाम को तीन युवकों ने अपने अज्ञात साथियों के साथ मिलकर एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद व पांच छः अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। मदुरी गांव निवासी निर्मल पासवान ने बताया कि देर शाम को वह अपनी बाइक से डीजे लेने मुबारकपुर जा रहा था। तभी सातनपुर गांव निवासी मोहन सिंह, विक्रम सिंह और संदीप सिंह अपने साथियों के साथ उसे रास्ते में घेर लिया। उसकी बाइक रोककर अपने साथियों के साथ मिलकर लाठी डंडों और सरिया से पिटाई कर दी।

# ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता




**महराजगंज, रायबरेली।** विकासखंड परिसर में बुधवार को ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लॉक प्रमुख राजकुमार पासी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें उपस्थित प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से रखा। आपको बता दें कि, यूपी के रायबरेली में महराजगंज ब्लॉक परिसर में आयोजित बैठक में सरकारी योजनाओं व विकास कार्यों को असली रूप देने के लिए ब्लॉक प्रमुख राजकुमार पासी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई।

ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा हैंडपंप की मरम्मत से लेकर जलापूर्ति, अपशिष्ट पदार्थों का निस्तारण, पशुओं के पेयजल की व्यवस्था, सामुदायिक शौचालय की सफाई व रखरखाव, बाजार के पास साफ सफाई, खेल के मैदान, सार्वजनिक उद्यान का सुधार व रखरखाव आदि मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। इसके साथ-साथ पुस्तकालय, नाली, खड़ंजा, विधवा पेंशन, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नए राशन कार्ड, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के संबंध में भी चर्चा हुई। इसी क्रम में समाज कल्याण की ओर से दिव्यांग पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि कार्य व योजनाएं बताई गई। मनरेगा के बारे में भी विस्तार से चर्चा व कार्य निर्धारण खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा। बैठक में ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने प्रमुखता से अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाते हुए मांग किया है कि, कुशमहुरा में पंचायत भवन से देशराज के घर तक खड़ंजा निर्माण और रामपाल के घर से राम सुमिरन पाल के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण, कोटवा मदनिया में पप्पू के घर से जंगल तक नाला निर्माण, बरीगोहन्ना में पक्की सड़क से छोटे लाल के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग निर्माण, पखनपुर में रामकिशोर के घर से तालाब तक नाला निर्माण आदि के अलावा कुनबा ग्राम पंचायत की बीडीसी मदारी द्वारा शिवप्रसाद के दरवाजे से रामकुमार के घर तक खड़ंजा निर्माण का प्रस्ताव रखा गया है। इसके अलावा अधिकतर ग्राम प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से रखते हुए ब्लॉक प्रमुख राजकुमार पासी एवं खंड विकास अधिकारी से मांग करी है कि, उनके क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को धरातल पर उतरकर अमली जामा पहनाया जाए। मुरैनी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह ने अपनी ग्रामसभा में आंगनबाड़ी केंद्र पर एएनएम न बैठने की शिकायत पूर्व में करी थी, जिसमें तत्कालीन अधीक्षक महराजगंज ने फर्जी रिपोर्ट लगाकर तैनात एनम का पक्षपात करते हुए एएनएम के पक्ष में रिपोर्ट लगाई थी। इस मुद्दे को प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह ने गंभीरता से उठाते हुए एएनएम की तैनाती का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधानों ने एक स्वर में ग्राम पंचायत में जल मिशन योजना द्वारा खोदे गए खड़ंजा, इंटरलॉकिंग एवं आरसीसी सड़कों के मरम्मत का मुद्दा उठाते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से मरम्मत कराए जाने की मांग करी है।

## न्यायालय के आदेश पर बियर शॉप के सेल्समैन की हत्या का मामला दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**लालगंज, रायबरेली।** नगर के करूणा मार्केट चौराहे पर स्थित बियर शॉप के सेल्समैन की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में न्यायालय के आदेश पर लालगंज पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है। यह घटना बीते वर्ष जून माह की है। संदिग्ध परिस्थितियों में सेल्समैन का शव दूकान के भीतर से बरामद हुआ था। जून में हुई इस घटना के मामले में परिजनों की न्याय की गुहार की अनदेखी करने वाली पुलिस ने समूचे मामले पर पर्दा डाल दिया था। मृतक के भाई ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। जानकारी मिली है कि पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर केस दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। आपको बता दें कि गत वर्ष 17 जून की शाम को करुणा बाजार चौराहा स्थित बियर शॉप के भीतर उसका सेल्समैन भोजपुर

**जून माह में संदिग्ध परिस्थितियों में सेल्समैन कल्लू जायसवाल का दुकान में मिला था शव**

निवासी संतोष उर्फ कल्लू जायसवाल संदिग्ध अवस्था में मृत पड़ा मिला था। इससे पहले आठ जून को मृतक और ग्राहकों के बीच मारपीट हुई थी। उसकी तहरीर पर पुलिस ने फतेहपुर जनपद के खागा निवासी अतुल सोनी और उसके तीन अज्ञात साथियों के विरुद्ध मारपीट के धाराओं में केस दर्ज किया था। मृतक के भाई सूरज जायसवाल ने न्यायालय में दी गई अपनी याचिका में मारपीट के आरोपियों पर भाई की हत्या करने का आरोप लगाया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर फतेहपुर के खागा निवासी अतुल सोनी व उसके अज्ञात साथियों के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले में जांच की जा रही है।

# निर्माण कार्यों में शिथिलता बरतने पर एक्सईएन पीडब्ल्यूडी पर कड़ी कार्यवाही : सीडीओ

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में सी0एम0 डैशबोर्ड की बैठक आयोजित की गई, बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, विद्युत, परियोजना अधिकारी नेडा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कृषि, चिकित्सा, जल जीवन मिशन, पंचायती राज, पर्यटन, पशुधन, पिछड़ा वर्ग, मत्स्य, बाल विकास, समाज कल्याण, उपायुक्त उद्योग आदि विभाग की गहनता से समीक्षा की। बैठक के दौरान विभागों द्वारा कार्यों में शिथिलता बरतने और कार्यों को धीमी गति से करने वाले अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस तथा विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने फैमिली आई डी की समीक्षा में प्रगति खराब होने पर नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों के वेतन रोकने की कार्यवाही के निर्देश दिए, उन्होने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ब्लॉक एवं सचिव वार सूची तैयार करें, जिनके कार्यों की प्र्रगति खराब है, उन पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, उन्होने यूपीपीसीएल कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्यों में धीमी गति होने तथा भौतिक लक्ष्य के सापेक्ष भौतिक प्रगति कम होने पर ग्रेड खराब की स्थिति पर स्पष्टीकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान सड़क निर्माण के कार्यों की प्रगति खराब होने पर अत्यंत नाराजगी व्यक्त की एवं कड़े निर्देश देते हुए कहा कि खण्डवार सड़कों का विवरण उपलब्ध कराऐं और स्वीकृत सड़क निर्माण की लम्बाई पूर्ण करना सुनिश्चित करें, साथ ही वह वित्तीय प्रगति में भुगतान न किए जाने की स्थिति से खासे नाराज दिखें एवं इनके द्वारा निर्माण कार्यों में शिथिलता बरतने पर जनपद की रैंकिंग प्रभावित हो रही है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने एक्सईएन पीडब्ल्यूडी को स्पष्टीकरण देने व कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# कुड़वार थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ीं

- पुलिस बेखबर जनता का पुलिस से उठ रहा विश्वास
- गंजेहड़ी में चोरों का आतंक, बोलेरो में भरकर चुरा ले गए बकरियां

अवधनामा संवाददाता

**कुड़वार, सुल्तानपुर।** जिले के कुड़वार थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आमजन सहमे हुए हैं। हल्का नंबर 3 में बीते कुछ महीनों पहले एक ही रात में कई चोरियां हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर पाई है।ताजा मामला ग्राम सभा भदहरा का है जहां पर प्रदीप कुमार पुत्र रामकृपाल गुप्ता के यहां दिनांक 9.2.20225 को रात में दीवाल के बगल पेड़ के सहारे से घर के अंदर प्रवेश करके चोरों ने लाखों का समान पर किया हाथ साफ । पीड़ित ने थाने पर लिखित शिकायत की है। लगभग चार सप्ताह पहले चोरी का मामला ग्राम सभा गंजेहड़ी का है, जहां चोरों के हौसले इतने बुलंदऔर मजबूत हो गए हैं कि वे एक दलित के घर के अंदर से चार बकरियां चुरा लाये और बोलेरो में चारो बकरियां भरकर ले गए। जब बकरी मालिक के बड़े भाई ने इसका विरोध किया तो उसे ईंट से मारकर घायल कर दिया। और आज तक कार्रवाई केवल प्रार्थना पत्र तक ही सीमित रह गई। और पीड़ित ने बकरियों के मात्र 8 दिन के दो बच्चे को पाउडर का दूध निप्पल से पिला पिलाकर जिंदा रखा। जबकि घटनास्थल के आसपास दर्जनों सीसीटीवी कैमरे लगे हैं लेकिन एक भी कैमरे को चेक करना पुलिस ने मुनासिब नहीं समझा। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि कुड़वार थाना क्षेत्र के हल्का नम्बर तीन के तेज तर्रार और थाना अध्यक्ष के विश्वसनीय सिपाही हमेशा भदहरा बासी और गंजेहड़ी जैसे व्यस्त बाजारों में कुछ जनप्रतिनिधियों के साथ नजर आते हैं।

## गोमती मित्रों के रहते नहीं होती है फिक्र

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** नगर क्षेत्र का इकलौता पौराणिक धाम, स्नान पर्वों पर आदि गंगा मां गोमती के तट पर उमड़ने वाली भीड़ और गोमती मित्रों की उपस्थिति धीरे-धीरे श्रद्धालुओं के मन में एक विश्वास पैदा करने लगी है। उन्हें धाम पहुंचने पर किसी भी प्रकार की असुविधा होगी, यह चिंता नहीं सताती है और गोमती मित्र भी उनके विश्वास को हमेशा जीवित रखते हैं। माघी पूर्णिमा के स्नान पर्व पर भी भोर 5:00 बजे से ही प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन के नेतृत्व में सभी गोमती मित्र प्राप्त जिम्मेदारियां के साथ तट पर मौजूद थे। बुजुर्गों और बच्चों को तट तक ले जाना,स्नान करने तक उनके अगल-बगल मौजूद रहना, महिला स्नानार्थियों को वस्त्र बदलने में दिक्कत ना हो।

# संत रविदास का जीवन मानवता और प्रेम का प्रतीक : विनोद पटेल

अवधनामा संवाददाता




**बहराइच।** संत रविदास जयन्ती के अवसर पर पं. रामनरेश इण्टर कालेज फखरपुर के परिसर में आयोजित दलित चेतना सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी का मुख्य अतिथि मा. सदस्य, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, उ.प्र. विनोद कुमार पटेल ने विशिष्ट अतिथि विधानसभा कैसरगंज के संयोजक गौरव वर्मा, आरएसएस के विभागीय कार्यवाह अम्बिका प्रसाद, मण्डल अध्यक्ष फखरपुर अभिषेक शुक्ला, नायब तहसीलदार सचिन कुमार श्रीवास्तव के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर तथा संत रविदास जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जबकि विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि श्री पटेल ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद मीडिया प्रतिनिधियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री पटेल ने कहा कि संत रविदास जी मध्यकाल में भारत के एक प्रसिद्ध संत थे। जिन्हें संत शिरोमणि की उपाधि दी गई है। संत रविदास जी ने रविदासीया, पंथ की स्थापना की और इनके द्वारा रचित कुछ भजन सिख समुदाय के पवित्र ग्रंथ गुरुग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं। रविदास जी की संत परम्परा बहुत उच्च कोटि की रही। श्री पटेल ने कहा कि हमें संत रविदास जी से प्रेरणा लेते हुए उनके द्वारा बताये गये रास्ते पर चलकर समाज की सेवा करते रहे। संत रविदास का जीवन मानवता और प्रेम का प्रतीक था, और उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को सही दिशा दिखाने में सक्षम हैं। विशिष्ट अतिथि गौरव वर्मा, जगदंबिका वर्मा, आयोजक पेशकार यादव व अन्य वक्ताओं ने संत रविदास जी के व्यक्तित्व व कृतत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सर्वजन हिताय जीव मात्र मानव कल्याण रविदास जी के जीवन शैली की विशेषता है। उनके विचार आज भी प्रासांगिक हैं। इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, बुधराम केवट, प्रदीप पाण्डेय, अभिषेक अवस्थी, पेशकार यादव, श्याम जी त्रिपाठी, अभिषेक शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, ललित पाठक सहित मीडिया प्रतिनिधि, शिक्षक, बड़ी संख्या में कालेज के छात्र-छात्राएं व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। कार्यक्रम के अन्त में मा. सदस्य श्री पटेल ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व ग्रामीणों के साथ खिचड़ी भोज में हिस्सा लिया।

# एफएच हॉस्पिटल के चिकत्सकों ने थाना परिसर में सीपीआर की दी जानकारियां

अवधनामा संवाददाता



**टूंडला।** एफएच मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के चिकत्सकों द्वारा थाना टूंडला परिसर में सीपीआर एवं हृदय से संबंधित जानकारी दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा पुलिस प्रशासन को सीपीआर से संबंधित ट्रेनिंग भी कराई गई। उन्होंने बताया कि सीपीआर कब और कैसे देनी चाहिए कि हम किसी की जान कैसे बचा सकते हैं। टूंडला थाने में समस्त पुलिस स्टाफ एवं अधिकारीगण मौजूद रहे। इस मौके पर नगर पालिका परिषद टूंडला ईओ आशुतोष त्रिपाठी, एफएच वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रोफेसर डॉ. प्रिया शर्मा, डा. राकेश कुमार, डॉ. उमर शेख, डॉ. सोनिया ओलीयन, भाजपा जिला महामंत्री दीपक चौधरी, शहजाद खान, मैनेजर प्रभाकर चौधरी आदि के अलावा पुलिस स्टॉफ एवं अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में पुलिस प्रशासन ने एफएच हॉस्पिटल एवं हॉस्पिटल अध्यक्ष डा. जावेद अनवर वारसी, व वाइस चेयरमैन डा. रेहान फारुख का आभार व्यक्त किया।





## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 13.02.2025 (वीरवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट जं. | 01:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04271 | प्रयाग जं. | 14:45 | जौनपुर जं. | 18:30 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंरिड़हार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 04015 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04018 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04021 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04024 | दिल्ली जं. | 15:30 | फाफामऊ जं. | 05:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या छावनी | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या छावनी | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 01823 | वीरांगना लक्ष्मीबाई | 17:50 | आनन्द विहार (ट.) | 13:45 | निवाड़ी, मऊरानीपुर, हरपालपुर, महोबा जं., बांदा जं., अतर्रा, चित्रकुट धाम कर्वी, मानिकपुर जं., शंकरगढ़, नैनी जंक्शन, सूबेदारगंज, फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला, अलीगढ़ एवं चिपयाना बुजुर्ग स्टेशन |

**दिनांक 14.02.2025 (शुक्रवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04601 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 03:50 | फाफामऊ जं. | 04:25 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुआ, पठानकोट कैंट, जालंधर कैंट, लुधियाना जंक्शन, अंबालाकैंट जं., सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04408 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड, गढ़मुक्तेसर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | 21:15 | जंघई जं. | 03:00 | आणंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना जंक्शन, आगरा किला, टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फ़तेहपुर एवं प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 07383 | हुबली जं. | 08:00 | वाराणसी | 05:30 | धारवाड, अलनावर, लोंडा, खानापुर, बेलगावी, गोकक रोड, घाटप्रभा, रायबाग, कुदाची, मिराज, सांगली, किर्लोस्करवाडी, कराड, सतारा, पुणे, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, तलवड्या, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 09801 | सोगरिया | 08:15 | बनारस | 10:15 | अन्ता, बारां, अटरू, छबड़ा गुगोर, रुठियाई जं., गुना, अशोक नगर, मुंगावली, मालखेडी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार स्टेशन |
| 07081 | गुंटूर जं. | 23:00 | आज़मगढ़ | 17:15 | विजयवाड़ा जं., खम्मम, दोर्नाकल जं., महबुबाबाद, वारंगल, रामागुंडम, मंचिर्याल, सिरपुर, कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर महाराष्ट्र, नागपुर, बैतूल, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी जं. एवं शाहगंज जं. स्टेशन |
| 04022 | दिल्ली जं. | 15:30 | फाफामऊ जं. | 05:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04023 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:15 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन |
| 01824 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | वीरांगना लक्ष्मीबाई | 15:00 | चिपयाना बुजुर्ग, अलीगढ़,टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, सूबेदारगंज, नैनी जं., शंकरगढ़, मानिकपुर जं., चित्रकुट धाम कर्वी, अतर्रा, बांदा जं., महोबा जं., हरपालपुर, मऊरानीपुर, एवं निवाड़ी स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या छावनी | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या छावनी | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 06221 | मैसूरू जं. | 07:30 | लखनऊ जं. | 16:00 | मंड्या, केंगेरि, बेंगलुरु सिटी जं., यशवंतपुर जं., तुमकूर, अरसीकेरे जं., कडूल जं., चिक्कजाजूरु जं., दावणगेरे, हरिहर, राणिबेन्नूरु, हावेरि, हुबली जं., धारवाड़, लोंडा जं., खानापुर, बेलगावि, गोकक रोड, घटप्रभा, रायबाग, कुडची, मिराज जं., सांगली, कराड, पुणे जं., दौंड कॉर्ड लाइन, मनमाड जं., भुसावल जं., इटारसी जं., जबलपुर जं., कटनी जं., सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं. एवं वाराणसी जं. स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**
पर हमें फॉलो करें

# बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों की फेयरवेल समारोह



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** विद्यालय में बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य फेयरवेल समारोह बुधवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने छात्र जीवन के अनमोल अनुभवों को साझा किया और अपने अध्यापकों, सहपाठियों और विद्यालय के साथ बिताए गए समय को याद किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव, सीबीएसई डीटीसी ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों के समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना की और साथ ही विद्यालय के शिक्षकों का आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से छात्रों ने सफलता की ऊँचाइयों को छुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। समारोह में विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह वितरित किए गए और स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रधानाचार्य ने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन के आगामी अध्याय में भी इसी प्रकार सफलता की दिशा में अग्रसर रहें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करें। इस सफल और उत्साहपूर्ण समारोह ने सभी को प्रेरित किया और विद्यार्थियों को उनके नए सफर की शुरुआत के लिए हिम्मत और आशीर्वाद दिया।

## नाजायज तमंचा कारतूसों के साथ दो गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** इस समय क्षेत्र में हथियारों का फैशन चल पड़ा है जिसके चलते छोटे छोटे युवक भी नाजायज तमंचे और चाकू रखने लगे हैं ऐसे ही दो युवकों को कोतवाली पुलिस ने नाजायज तमंचा कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है।

कोतवाली पुलिस जब अपराध और अपराधियों की खोज और मुकदमों की विवेचना के सम्बंध में बड़े चौराहे पर थी तभी मुखबिर ने सूचना दी कि कम्हरिया रोड स्थित काजी कुआं के पास दो संदिग्ध युवक हथियारों से लैस होकर खड़े हैं जो किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।मुखबिर की सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस ने तत्काल प्रभाव से मौके पर दोनों को घेरकर पकड़ लिया पकड़े गए सलमान खान पुत्र लुकमान और आवेश अली पुत्र उमर अली दोनों निवासी ग्राम मांचा के पास से पुलिस ने एक एक नाजायज तमंचा और एक एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद की है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

# रविदास जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** संत शिरोमणि रविदास जयंती के मौके पर कस्बे सहित क्षेत्र में बड़ी धूम रही और कस्बे में बड़े धूमधाम से विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो कस्बे की मुख्य सड़कों से होते हुए मीरातालाब स्थित अम्बेडकर पार्क में सम्पन्न हुई।इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। महान संत रविदास जी की जयंती पर कस्बे के बांदा बस स्टैंड के निकट से हर साल की तरह एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसकी अगुवाई भीम आर्मी के नेताओं के साथ नगरपालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद ने की। शोभायात्रा में भारत के महापुरुषों की झाकियों और डीजे की धुन पर बजते भक्ति गीतों की धुन पर युवा जमकर थिरकते दिखाई दिए।जो रहमानिया कालेज, नरहया, देवीचौराहा नेशनल चौराहा, थाना चौराहा होकर मीरातालाब स्थित अम्बेडकर पार्क में पहुंची जहां पर नेताओं और युवाओं ने संत रविदास जी के जीवन और कार्यो के साथ उपदेशों पर विस्तार से आमजन को जानकारी दी।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता, क्षेत्राधिकारी विनीता पहल,कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। जबकि पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा मुख्यालय से ही मानीटरिंग कर शोभायात्रा पर नजर बनाए रहीं वहीं कस्बे के रहमानिया कालेज के पीछे स्थित अम्बेडकर पार्क और रेलवे स्टेशन के निकट स्थित अम्बेडकर पार्क सहित क्षेत्र में जगह जगह स्थित अम्बेडकर प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर लोगों ने रविदास जयंती मनाई। इस दौरानगुरु तेजप्रताप सिंह,रामकृपाल वर्मा, धीरेंद्र कुमार, संदीपा कुमारी, कामता प्रसाद, सुखदेव प्रसाद, सीताराम आदित्य सहित हजारों की संख्या में युवा, वृद्ध और महिलाओं ने भाग लिया।

## सुमेरपुर ब्रांच में पानी आते ही किसानों के चेहरे खिले

**भरुआ सुमेरपुर।** लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार चौथे दिन सुमेरपुर ब्रांच में पानी बंडा गांव को पार कर गया। नहर में पानी आते हैं किसानों ने खुशी जताते हुए फसलों में पानी लगना शुरू कर दिया है। सुमेरपुर ब्रांच के किसानों को नवंबर के बाद सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा था। पानी के अभाव में बर्बाद हो रही फसलों को बचाने के लिए बंडा आदि गांव के किसान पिछले एक पखवारे से पानी छोड़े जाने की मांग कर रहे थे। लेकिन मौदहा बांध के अधिकारी किसानों को कोरा आश्वासन देकर टरका रहे थे। किसानों की समस्या को अवधनामा पिछले कई दिनों से लगातार प्रमुखता के साथ छाप रहा था। लगातार खबर छपने से परेशान सहायक अभियंता यशवीर सिंह एवं अवर अभियंता राजेंद्र सिंह ने मंगलवार को मोर्चा संभाला और बंडा से ऊपर की तरफ करगांव तक किसानों द्वारा लगाए गए आडा को हटवा कर पानी को बंडा गांव से आगे तक बुधवार सुबह तक लाने में सफल रहे। पानी आते ही किसानों के चेहरे खिल उठे हैं और फसलों में पानी लगना शुरू कर दिया है। बंडा के पूर्व प्रधान एवं जनसत्ता दल के जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पानी पर्याप्त मात्रा में आ रहा है। इससे किसान खुश हैं।

# पपरेंदा मार्ग के चौड़ीकरण का सदर विधायक ने किया भूमिपूजन



अवधनामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे से गुजरे पपरेंदा मार्ग के चौड़ीकरण का बुधवार को सदर विधायक ने नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ मिलकर धर्मेश्वर बाबा मुहाल में भूमि पूजन किया। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी के आला अफसर मौजूद रहे। कस्बे से निकले पपरेंदा मार्ग का चौड़ीकरण 3 फेज में कराया जा रहा है। एक फेज में नेशनल हाईवे 34 से लेकर रेलवे क्रासिंग तक शामिल किया गया है। दूसरे फेज में रेलवे क्रॉसिंग से इसूली बॉर्डर को शामिल किया गया है। तीसरे फेज में इसूली बॉर्डर से पपरेंदा तक निर्माण कराया जाएगा। तीनों फेज के निर्माण के लिए टेंडर होकर कार्य स्वीकृत की अनुमति दे दी गई है। दूसरे फेज के निर्माण के लिए बुधवार को सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति ने नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे के साथ मिलकर धर्मेश्वर बाबा मुहाल में भूमि पूजन करके कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता डीपी वर्मा, सहायक अभियंता मुनेंद्र प्रताप सिंह, अवर अभियंता राजेंद्र सिंह सिसौदिया, कौशल कुमार, एनके स्वर्णकार, एसएस बनर्जी, एसएन ओमरे आदि मौजूद रहे। यह मार्ग अब। मीटर की जगह 10 मीटर बनेगा और कस्बे की बस्ती के अलावा पंधरी, टेढ़ा आदि में दोनों तरफ जल निकासी के लिए नाला निर्माण कराया जाएगा। साथ ही बस स्टाप से लक्ष्मीबाई तिराहा तक इसको फोर लेन में तब्दील किया जाएगा।

## धारा 84 बीएनएसएस के तहत किया नोटिस चस्पा

**चोपन/ सोनभद्र।** थाना रावर्ट्सगंज में 13 नवम्बर 2024 को पंजीकृत मु0अ0सं0- 865/2024 धारा- 8/21/27/29/60 एनडीपीएस एक्ट की विवेचना पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया थाना चोपन को दिया गया था मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त विजय पटेल पुत्र दीनानाथ पटेल निवासी चकरा थाना मुफ्फसिल जिला सिवान (विहार) मुकदमा पंजीकृत होने के बाद से ही गिरफ्तारी से बचने हेतु फरार चल रहा है। अभियुक्त विजय पटेल उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार न्यायालय विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0 एक्ट) सोनभद्र से दिनांक 28.01.2025 को धारा- 84 बीएनएसएस का आदेश (उद्घोषणा आदेश) प्राप्त किया गया। जिसका तामीला विशेष वाहक उ0नि0 राघवेन्द्र सिंह द्वारा नियमानुसार धारा- 84 बीएनएसएस के आदेश की प्रति अभियुक्त के घर के मुख्य दरवाजे व सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कर नियमानुसार मुनादी कराया गया। अभियुक्त विजय पटेल उपरोक्त यदि दिनांक 28.02.2025 तक न्यायालय में आत्म समर्पण नही करता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार न्यायालय के आदेश से कुर्की की कार्यवाही किया जायेगा।

# गुटखा माफिया की कालाबाजारी फिर शुरू, मंहगे दामों पर बेच रहे

अवधनामा संवाददाता



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** सुमेरपुर में गुटखा की काला बाजारी जोरों पर है, जिससे स्थानीय दुकानदार ग्राहकों से मनमाना पैसा वसूल रहे हैं। बीते एक सप्ताह में गुटखा के दामों में अचानक वृद्धि देखी गई है, जिससे फुटकर दुकानदारों ने मनचाही कीमत पर गुटखा बेचना शुरू कर दिया है।

सूत्रों के अनुसार, एस.एन.के. गुटखा, जो सामान्यतः 135 प्रति पैकेट मिलता था, अब 150 में बेचा जा रहा है। इसी तरह, केशर गुटखा, जिसकी वास्तविक कीमत 140 थी, उसे 170 में बेचा जा रहा है। इस बढ़ोतरी का सीधा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है, जो मजबूरी में महंगे दामों पर गुटखा खरीदने को विवश हैं। स्थानीय एजेंसी होल्डर का कहना है कि एजेंसी स्तर पर गुटखा की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं की गई है। बल्कि, थोक विक्रेता ही कीमतें बढ़ाकर फुटकर दुकानदारों को ऊंचे दामों पर गुटखा दे रहे हैं। इसके चलते फुटकर विक्रेता भी कीमत बढ़ाकर ग्राहकों से अधिक पैसे वसूल रहे हैं। गुटखा सेवन करने वाले उपभोक्ता इस अवैध मूल्य वृद्धि से परेशान हैं। उनका कहना है कि दुकानदार मनमाने तरीके से कीमतें बढ़ाकर जनता का शोषण कर रहे हैं। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि इस गुटखा काला बाजारी पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि प्रशासन इस मामले में सख्ती दिखाए और नियमित रूप से दुकानों की जांच करे, तो काला बाजारी पर लगाम लगाई जा सकती है। अगर इस पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले समय में गुटखा की कीमतें और भी ज्यादा बढ़ सकती हैं, जिससे उपभोक्ताओं की मुश्किलें और बढ़ेंगी। अब यह देखना होगा कि प्रशासन इस बढ़ती काला बाजारी पर क्या कदम उठाता है और ग्राहकों को राहत दिलाने के लिए क्या उपाय किए जाते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## जेल वाले सैय्यद बाबा का सालाना उर्स 15 व 16 फरवरी को



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** स्व.बशीर अहमद नियाज़ी मेवाती टोला द्वारा स्थापित हज़रत नूर अली जेल वाले सैय्यद बाबा का सालाना 53 वां उर्स मुबारक इस वर्ष भी 15 व 16 फरवरी दिन सनीचर व इतवार को पूरी शानो शौकत और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उर्स की तैयारियां जोरशोर से चल रहीं है। दरगाह हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा कमेटी के अध्यक्ष वसीम अहमद नियाजी जिम्मी बशीर व सेकेट्री इख्तियार अहमद मोनू बशीर ने जानकारी देते हुए बताया कि सालाना उर्स मुबारक सैयद एजाज हुसैन, हाफिज मोहम्म्द अहमद चिश्ती, हाफिज फैजान चिश्ती के संचालन में आयोजित होगा। उर्स में सलीम झंकार कव्वाल ग्वालियर, मतलूब नियाजी कव्वाल शमशाबाद फर्रुखाबाद महफिले समां में कलाम पेश करेंगे। दरगाह कमेटी की तरफ से गागर व चादर पेश की जाएंगी। उर्स के लिए दरगाह को आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है। उर्स के दौरान लंगर की भी व्यवस्था रहेगी। उर्स में इटावा सहित बाहरी जनपदों के श्रद्धालु भाग लेंगे। दरगाह हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा कमेटी के अध्यक्ष वसीम अहमद नियाजी जिम्मी बशीर व सेकेट्री इख्तियार अहमद मोनू बशीर, पप्पू बशीर, सोनू बशीर ने जनपद वासियों और श्रद्धालुओं से उर्स में भाग लेने की अपील की है।

## 7 साल की उम्र में अली हमज़ा अशरफी व नबीहा अशरफी ने कुरआन शरीफ मुकम्मल किया



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** शहर के कटरा पुर्दल खां निवासी मोहम्मद शुएब अशरफी रूमी की। साल की बेटी नबीहा अशरफी व। साल के बेटे अली हमज़ा अशरफी ने उस्ताद हाफिज़ रहमानी साहब की शागिर्दी में बहुत ही कम उम्र में कुरआन पाक मुकम्मल(नादरा)किया। इस मौके पर हाफिज़ साहिबान ने नबी पाक की शान में बेहतरीन कलाम पेश किए। मेहफ़िल में बैठे लोग उस वक्त हैरत में रह गए जब दोनों बच्चों ने माइक पर खड़े होकर नज़र में सभी आयते खुद पढ़ी और बाद में हाथ उठाकर रब तआला की बारगाह में दुआये की। मेहफ़िल में बैठे उलमाए इकराम आदि सभी बहुत खुश हुए उस्ताद हाफिज़ रहमानी साहब व बच्चों को सभी ने मुबारकबाद दी। बाद नमाज़ इशा रात्रि को घर पर ही दोनों बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए दादा हाजी अब्दुल वहाव अशरफी, मौलाना ज़ाहिद रज़ा पेश इमाम मस्जिद पंजाबीयान, हाफिज़ तारिक, कारी शाहबाज़ अनवर आदि शहर के उलमाए इकराम, रिश्तेदारों व दोस्तों ने दोनों बच्चों की गुलपोशी कर मुबारकबाद दी और दुआओं से नवाज़ा।

## सड़क हादसे में दो घायल, मुकदमा दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** सायकिल से खात से आ रहे वृद्धों को बाईक सवार ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे एक को गंभीर चोंटों के चलते मेडिकल कालेज हैलट में इलाज किया जा रहा है जिसका पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिलौली निवासी आशीष ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते नौ फरवरी को दोपहर उसके पिता चेता सायकिल से मौदहा से गांव वापस आ रहे थे तभी तेज रफ्तार बाईक सवार बाईक नम्बर यूपी 92 क्यू।525 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए तभी उसके पिता के सहयोगी ने बाईक का नम्बर नोट कर लिया।पीड़ित ने बताया कि वह अपने पिता को लेकर मेडिकल कालेज हैलट गया था जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## घर के बाहर बने नाले में डूबकर बच्ची की मौत

**मौदहा हमीरपुर।** घर के बाहर खेलते समय नाले में गिरने से बच्ची की मौत हो गई सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने बच्ची के शव का पंचनामा भरकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बम्हरौली निवासी अरविंद कुमार की पौने दो साल की बच्ची घर के बाहर बने नाले में गिर गई जब तक परिजनों सहित ग्रामीणों की नजर पड़ती बच्ची की मौत हो चुकी थी।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने बच्ची के शव का पंचनामा भरकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।मृतका अरविंद कुमार की पहली और इकलौती बेटी थी घर में हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## सड़क हादसे में महिला की मौत

**राठ,हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई। धनौरी गांव की रहने वाली कलावती पत्नी हरनारायण अपनी जेठानी सूरजमुखी और गांव की गायत्री के साथ खेतों से चारा काटकर घर लौट रही थी। इसी दौरान सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, मृतका के पति हरनारायण बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। कलावती ढाई बीघा कृषि भूमि में खेती-किसानी के साथ-साथ मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करती थीं। उनके दो पुत्र निर्देश और राजेश तथा एक पुत्री आरती हैं। राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। घटना की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## क्षेत्र में बढ रहा युगलों के आत्महत्या करने का क्रेज़, तीसरे दिन घटी दूसरी घटना



**राठ हमीरपुर।** बुधवार को फिर से एक दंपति ने एक ही साड़ी से फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान 26 वर्षीय सोहनलाल और उसकी 23 वर्षीय पत्नी समीक्षा के रूप में हुई है। घटना का पता तब चला जब एक पड़ोसी का बच्चा खेलते-खेलते उनके घर में गया और दोनों को फांसी के फंदे पर लटका देखा। प्रारंभिक जांच में घरेलू विवाद आत्महत्या का कारण माना जा रहा है। मृतक दंपति का परिवार ईंट भट्टे पर मजदूरी करता है और घर पर केवल पति-पत्नी ही रहते थे। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर जब पड़ोसी एकत्र हुए, तो पुलिस को सूचना दी गई। क्षेत्राधिकारी राठ राजकुमार पांडे के अनुसार, घटना की हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है।

## बच्चों के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** सुमेरपुर के बसन्त नगर मुहाल के ही कुछ लोगो ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट की और जानमाल की धमकी दी। पानी की टंकी के पास बसन्त नगर मुहाल निवासी सुमित मिश्रा पुत्र कैलाश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बच्चों के विवाद को लेकर पड़ोस के अखिलेश द्विवेदी, बबलेश, ओमप्रकाश आदि लोगो ने घर पर आकर गाली गलौज की मना करने पर मारपीट करने लगे और ट्रक से कुचलने सहित जानमाल की धमकी दी। यह भी बताया कि जे0के फैक्ट्री में ठेकेदारी करता है और अपने परिवार का भरण पोषण करता है उक्त लोगों से वह बेहद परेशान है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियो की तलाश शुरू कर ही है।

# कंपनी लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2024-25 का समापन

अवधनामा संवाददाता




एसईसीएल की टीम विजेता एवं एनसीएल टीम बनी उपविजेता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** मंगलवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में कोल इंडिया अंतर कंपनी लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2024-25 का समापन हुआ।। फरवरी से 11 फरवरी, 2025 तक आयोजित यह प्रतियोगिता टीम चैंपियनशिप, ओपन सिंगल्स, ओपन डबल्स एवं वरिष्ठ वर्ग ओपन सिंगल्स, ओपन डबल्स श्रेणियों में खेली गयी। इस प्रतिस्पर्धा का फ़ाइनल मुक़ाबला एनसीएल एवं एसईसीएल की टीम के मध्य हुआ जिसमें एसईसीएल की टीम ने बाजी मारी। समापन समारोह के दौरान निदेशक (कार्मिक) कोल इंडिया, डॉ. विनय रंजन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। साथ ही एनसीएल सीएमडी, बी. साईराम, निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त), रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेंद्र मलिक, सीआईएल वेलफेयर बोर्ड मेंबर्सङ्क पी. एस. पांडे एवं शंकर प्रसाद बहरी, एनसीएल जेसीसी सदस्य सीएमएस से अजय कुमार, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, एचएमएस से अशोक पांडे, सीएमओएआई प्रतिनिधि सर्वेश सिंह, महाप्रबंधक (कार्मिक) प्रमोद कुमार सिन्हा, मुख्यालय से महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष, एनसीएल स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड मेम्बर्स, अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा अन्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में डॉ. विनय रंजन ने विजेता खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी एवं ÷खेलेगा कोल इंडिया तो बढ़ेगा कोल इंडिया÷ के संदेश के साथ कोल इंडिया की खेलों को प्रोत्साहन देने की कटिबद्धता को दोहराया। साथ ही उन्होंने कोल इंडिया अंतर कम्पनी प्रतियोगिताओं में एनसीएल द्वारा की गई मेजबानी की सराहना की। इस अवसर पर बी. साईराम ने अपने संबोधन में विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी एवं कहा कि एनसीएल वर्ष भर उत्पादन, प्रेषण में निरंतरता बनाए रखते हुए खेलों को भी नियमित एवं समयबद्ध तरीके से आयोजित करती है। साथ ही उन्होंने कहा कि एनसीएल, कर्मियों एवं स्थानीय समाज के समग्र विकास के लिए हर तरह की भूमिका को निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। कोल इंडिया अंतर कंपनी लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2024-25 में कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियां एमसीएल, एनसीएल, एसईसीएल, डबल्यूसीएल, बीसीसीएल, सीएमपीडीआईएल सहित सिंगरेनी स्थित एससीसीएल की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतिस्पर्धा में कुल 87 मैच खेले गए जिसमें सभी टीमों से कुल 60 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान मेन सिंगल्स में एसईसीएल से नेल्सन जतिन कुमार विजेता एवं निर्मल कुमार मिश्रा (एनसीएल) उपविजेता रहे। वहीं मेन डबल्स में एनसीएल से निर्मल कुमार मिश्रा एवं संदीप राज विजेता तथा एसईसीएल से अभिषेक द्विवेदी एवं देवेंद्र मीणा उपविजेता बने। वेटरन सिंगल्स में एमसीएल से खिरोड़ चंद्र प्रधान विजेता एवं एसईसीएल से शाहिद अली उपविजेता बने। इसी के साथ वेटरन डबल्स में एसईसीएल से शाहिद अली एवं वीर सिंह विजेता एवं एमसीएल से खिरोड़ चंद्र प्रधान एवं मनोज भट्टाचार्ज उपविजेता रहे।

# संत रविदास भक्ति आंदोलन के अगुआ थे : अजीत रावत

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** रावटसगंज नगर स्थित दलित बस्ती में बुधवार कोसंत रविदास की जयंती सदर ब्लाक प्रमुख व अनसूचित मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत एव जिला महामंत्री पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता के नैतिव में मनाई गई है। सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि हर साल गुरु रविदास की जयंती माघ पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। कहा जाता है कि संत रविदास का जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर गांव में हुआ था। वह 15वीं में जन्मे संत, कवि और समाज सुधारक हैं। गुरु रविदास को रैदास भी कहा जाता है। उनके दोहे और कविताएं प्रसिद्ध हैं। संत रविदास भक्ति आंदोलन के अगुआ थे। उन्होंने समानता और एकता के लिए खूब काम किया। उनके दोहों में भी जाति-पाति, भक्तिभाव जैसे विचार नजर आते हैं। संत रविदास की जयंती के मौके पर उनके दोहे पढ़ें और जीवन में आत्मसात करें। वही भाजपा नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव ने बताया कि यहां रवीदास के लोकप्रिय दोहे दिए जा रहे हैं, जिसे आप अपने करीबियों को भेजकर समानता और एकता के लिए प्रेरित कर सकते हैं और अपने जीवन में भक्ति का समावेश कर सकते हैं। इस वर्ष रविदास की जयंती पर पढ़िए रैदास के दोहे।इस दौरान आलोक रावत ,रवि कनौजिया, कन्हैया भारतीय, सरोज भारती, मीणा भारती, संगीता पासवान, अनीता कनौजिया, जयचंद प्रसाद ,रमेश भारती, संजय कुमार ,अजय रावत, सुनील कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# एनसीएल में राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह 2025 का हुआ शुभारंभ

**सोनभद्र/सिंगरौली।** बुधवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के मुख्यालय में राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह 2025 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सीएमडी एनसीएल, बी. साईराम ने झंडा फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन), जितेंद्र मलिक, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस वर्ष यह सप्ताह ÷विचारों से प्रभाव तक~प्रतिस्पर्धात्मक स्टार्टअप के लिए बौद्धिक संपदा की रक्षा करना÷ विषय पर मनाया जा रहा है। उद्घाटन समारोह के दौरान अपने उद्बोधन में सीएमडी एनसीएल, बी. साईराम ने उत्पादकता को किसी भी राष्ट्र के विकास का आधार स्तम्भ बताते हुए उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग पर बल दिया। साथ ही उन्होनें कहा कि एनसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के आलोक में उत्पादकता के वैश्विक मानक स्थापित करेगी। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक (आईईडी), एनसीएल मनोज कुमार सिंह ने सभी को कार्यस्थल पर सुरक्षा के साथ उत्पादन और उत्पादकता में अभिवृद्धि, संसाधनों का संतुलित तथा समुचित उपयोग करते हुए सुदृढ़ कार्य संस्कृति की स्थापना, समाज के जीवन स्तर एवं राष्ट्र की समृद्धि के लिए अपना योगदान देने तथा सहकर्मियों को भी इस दिशा में प्रोत्साहित करने की शपथ दिलाई।

# विश्व शांति के लिए भी बुद्ध के सिद्धांतों पर चलें: सांसद

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी बुधवार को बौद्ध विरासत की ऐतिहासिक धरती मऊ कला राबर्ट्सगंज सोनभद्र में बुद्ध महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस आयोजन की शुरुआत मुख्य अतिथि सांसद छोटेलाल खरवार व विशिष्ट अतिथि आशुतोष सिन्हा (एमएलसी) द्वारा ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के साथ किया गया। महोत्सव में मुख्य रूप से तिब्बती विश्वविद्यालय सारनाथ वाराणसी के प्रोफेसर रमेश चंद्र नेगी ने कहा कि पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ युद्ध को बुद्ध के बताए गए रास्तों से ही जीता जा सकता है एवं विश्व शांति के लिए भी बुद्ध के सिद्धांतों पर चलना पड़ेगा। महोत्सव को संबोधित करते हुए तिब्बती विश्वविद्यालय सारनाथ वाराणसी के मेहर सिंग नेगी ने कहा कि दुनिया के जिन देशों ने बुद्ध के सिद्धांतों को अपनाया आज वह विकसित हैं विज्ञान तकनीक एवं आर्थिक समृद्धि के पथ पर हैं परंतु बुद्ध का अपना देश भारत आज भी अन्य विकसित देशों की तुलना में पीछे है जो हम सब के लिए दुख की बात है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य संरक्षक अविनाश कुशवाहा ने कहा कि पूरी दुनिया को सिर्फ प्रेम से ही जीता जा सकता है बुद्ध के बताए पंचशील के सिद्धांतों को अपना कर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने समतावादी, मानवतावादी संविधान की रचना की थी जिससे हम सभी को प्रतिष्ठा व अवसर की समता का अधिकार प्राप्त है। इस देश में सबसे बड़ा ग्रंथ हमारा संविधान और सबसे बड़ा धर्म इंसानियत का है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय आदिवासी छात्र-छात्राओं द्वारा सामाजिक बुराइयों के खिलाफ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम नरेश पोया (गोंडवाना) ने किया। संचालक रवि प्रकाश व कपिंजल मौर्य ने किया अंत में संस्थापक सुजीत कुमार मौर्य ने सबका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राम निहोर यादव जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, विजय यादव पूर्व जिला अध्यक्ष सपा, रमेश सिंह यादव जल पुरुष ओबरा, मनीचन्द्र कनौजिया पूर्व ब्लाक प्रमुख, संजय कुशवाहा, डॉक्टर संतोष धांगर, कन्हैया तुरिया, बुल्लू धांगर, श्रीनाथ धांगर, डा0 अंजनी पवित कुमार मौर्य, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। अंत में सुजीत कुमार,अनिल कुमार प्रबंधक/सचिव ऐतिहासिक विरासत विकास समिति गौतम बुद्ध विहार मऊ कला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# माघ पूर्णिमा स्नान पर्व के साथ महाकुम्भ में जप, तप और साधना की त्रिवेणी के साक्षी रहे कल्पवास का समापन



## पूरा हुआ कल्पवास, अगली बार फिर आने का लिया संकल्प

- महाकुम्भ से अर्जित आध्यात्मिक ऊर्जा बटोरकर तीर्थराज प्रयागराज से विदा हुए दस लाख से अधिक कल्पवासी
- महाकुम्भ की आध्यात्मिक ऊर्जा बटोर त्रिवेणी के तट से विदा हुए 10 लाख से अधिक कल्पवासी
- महाकुम्भ से विदा होते भावुक हुए कल्पवासी, बोले दिव्य,भव्य और स्वच्छ महाकुम्भ की स्मृतियां रहेंगी साथ

**अवधनामा ब्यूरो**

**महाकुम्भ/लखनऊ।** प्रयागराज के संगम तट में लगे आस्था के सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ में एक महीने से प्रवाहित हो रही जप, तप और साधना की त्रिवेणी की धारा के साक्षी रहे कल्पवासियों की माघ पूर्णिमा स्नान के साथ विदाई हो गई। पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व के साथ त्रिवेणी की रेत पर शुरू हुआ कल्पवास का माघ पूर्णिमा स्नान पर्व के साथ समापन हो गया। सभी कल्पवासी स्नान, दान और मां गंगा का आशीष लेकर महाकुम्भ की आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ अपने-अपने गंतव्य की तरफ प्रस्थान कर गए।

महाकुम्भ अध्यात्म और संस्कृति का दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन है। महाकुम्भ का हर सेक्टर, हर स्थान ज्ञान, भक्ति और साधना के विविध रंगों से गुलजार है। महाकुम्भ में अखाड़ों के वैभव के अलावा जप, तप और साधना की त्रिवेणी के प्रवाह के साक्षी रहे कल्पवासियों की माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व के साथ विदाई हो गई। ब्रह्म मुहूर्त में त्रिवेणी में माघ पूर्णिमा की डुबकी लगाकर कल्पवासी अपने शिविर पहुंचे। कल्पवासियों ने तीर्थ पुरोहितों के सानिध्य में विधि विधान से दान और हवन का अनुष्ठान पूरा किया। तीर्थ पुरोहित राजेंद्र पालीवाल बताते हैं कि वैसे तो शास्त्र में 84 तरह के दान का उल्लेख है, लेकिन जिसकी जो श्रद्धा होती है उसका दान तीर्थ पुरोहित स्वीकार कर लेते हैं। शैय्या दान, अन्न दान, वस्त्र दान और धन दान आदि का अनुष्ठान माघ पूर्णिमा को किया जाता है। किसी कारण वश अगर कोई कल्पवासी माघ पूर्णिमा को यह अनुष्ठान पूरा नहीं कर पाता तो वह अगले दिन त्रिजटा का स्नान कर यहां से विदा हो जाता है। माघ पूर्णिमा में दस लाख से अधिक कल्पवासी महा कुम्भ की आध्यात्मिक ऊर्जा लेकर यहां से प्रस्थान कर गए। महाकुम्भ का आयोजन देश के चार स्थानों प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में होता है, लेकिन कल्पवास की परम्परा केवल प्रयागराज में है। इस वर्ष महा कुम्भ के आयोजन ने भी कल्पवास को विशिष्ट बना दिया। योगी सरकार की तरफ प्रयागराज महाकुम्भ को दिव्य, भव्य और स्वच्छ महाकुम्भ स्वरूप दिए जाने पर मेला क्षेत्र के विभिन्न सेक्टर में प्रवास कर रहे इन कल्पवासियों का अनुभव भी अलग रहा। प्रतापगढ़ जिले से कल्पवास करने आए राम अचल मिश्रा का कहना है कि कल्पवास के उनके इस वर्ष 18 साल पूरे हो गए। वैसे तो संयम और नियम के साथ पूजा पाठ और जप-तप के साथ संतों की वाणी का श्रवण ही उनका उद्देश्य रहता है, लेकिन इस बार कल्पवासियों के शिविरों को गंगा के घाट के नजदीक स्थान देकर प्रशासन ने अच्छा काम किया है। 76 बरस की उम्र में भी त्रिवेणी के तट में इस कपकपाती ठंड में रेत में इन तंबुओं में कल्पवास करने आये सतना के शिवनाथ गहमरी अपने 23वें कल्पवास का इस साल का अनुभव बताते-बताते भावुक हो जाते हैं। उनका कहना है कि त्रिवेणी के तट पर मिली शांति और आध्यात्मिक वातावरण की अनुभूति लेकर वह गंगा मैया की गोद से विदा हो रहे हैं।

### कल्पवासियों की महाकुम्भ से घर वापसी के लिए प्रशासन ने विशेष योजना पर किया अमल

मेला क्षेत्र से कल्पवासियों की सकुशल घर वापसी के लिए महाकुम्भ प्रशासन ने अलग योजना बनाई है। डीआईजी महाकुम्भ वैभव कृष्ण माघ पूर्णिमा के पहले कल्पवासियों से इसे लेकर अपील कर चुके थे जिसके अनुसार ही महाकुम्भ से कल्पवासियों की रवानगी की योजना पर अमल किया गया। मेला क्षेत्र में पहले से ही आ चुकी भारी भीड़ को देखते हुए कल्पवासियों के वाहनों की मेला क्षेत्र से निकासी मेला में भीड़ छंटने के बाद सुनिश्चित की गई। कल्पवासियों को घर वापस ले जाने वाले ट्रैक्टर व अन्य छोटे वाहनों को मेला क्षेत्र के बाहर बनाई गई पार्किंग में खड़ा करने के लिए कहा गया। श्रद्धालुओं के स्नान के सकुशल सम्पन्न होने के बाद कल्पवासी अपने वाहनों से अपना सामान लेकर विदा हो गए।

## न अमेरिका, न यूरोप और ना ही चीन में...! ऐसा मानव समागम इतिहास में कभी नहीं हुआ

- महाकुम्भ पहुंचे नार्वे के पूर्व जलवायु एवं पर्यावरण मंत्री एरिक सोलहेम
- दुनिया देख रही श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन का अद्वितीय संगम



**महाकुम्भ।** महाकुंभ 2025 के दिव्य-भव्य आयोजन के लिए संकल्पबद्ध प्रदेश की योगी सरकार ने इस महाआयोजन को विश्वस्तर पर लोकप्रिय कर दिया है। पूरी दुनिया से लोग प्रयागराज महाकुम्भ की अनुभूति करने आ रहे हैं। इसी क्रम में नॉर्वे के पूर्व जलवायु एवं पर्यावरण मंत्री एरिक सोलहेम महाकुम्भ पहुंचे। उन्होंने इस महाआयोजन को अद्वितीय और जीवन में एक बार मिलने वाला अनुभव बताया। उन्होंने इसे न केवल विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन बल्कि इतिहास का सबसे विशाल मानव समागम भी करार दिया। एरिक सोलहैम ने इस भव्य आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि मानव इतिहास में इससे बड़ा कोई आयोजन कभी नहीं हुआ, न अमेरिका में, न यूरोप में, न चीन में और न ही विश्व के किसी अन्य कोने में। नॉर्वे के पूर्व जलवायु एवं पर्यावरण मंत्री एरिक सोलहेम ने कहा कि महाकुम्भ 2025 में अब तक 400 मिलियन (40 करोड़) से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। ये श्रद्धालु यहां देवों का आशीर्वाद लेने, आध्यात्मिक और भावनात्मक यात्रा पर निकलने, मित्रता को प्रगाढ़ करने तथा परिवार के साथ पर्व मनाने के लिए जुटे हैं। यह मेरे लिए जीवन में एक बार होने वाला अनुभव था। उन्होंने कहा कि ये मेरे लिए अविस्मरणीय अनुभव है और मुझे यहां आकर बहुत खुशी हुई, क्योंकि अगला महाकुम्भ 144 साल बाद होगा। सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन व डिजिटल सुविधाओं के कारण न केवल करोड़ों सनातनी बल्कि पूरी दुनिया से विभिन्न धर्मों के लोग भी महाकुम्भ की अनुभूति करने आ रहे हैं। योगी सरकार द्वारा महाकुम्भ के जरिए पूरी दुनिय के सामने भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का भव्य प्रदर्शन कर रहा है। पूरी दुनिया से लोग यहां श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन का अद्वितीय संगम देखने के लिए लगातार पहुंच रहे हैं।

## महाकुम्भ की आस्था में ओतप्रोत नजर आए अनिल कुंबले, त्रिवेणी संगम में किया पावन स्नान

- बिना प्रोटोकॉल किया संगम स्नान



पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच अनिल कुंबले ने माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उनकी पत्नी चेतना रामतीर्था भी इस आध्यात्मिक यात्रा में उनके साथ रहीं। कुंबले ने संगम स्नान के बाद अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा कीं। उन्होंने अपनी तस्वीरों के साथ सिर्फ एक शब्द लिखा और वो था ब्लेस्ड (आशीर्वाद)। इससे उनका तात्पर्य यही था कि त्रिवेणी संगम में स्नान कर उन्हें भी पुण्य की प्राप्ति हुई और तीर्थराज प्रयागराज का आशीष मिला।

अपनी फिरकी से विरोधी बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाने वाले अनिल कुंबले मंगलवार को ही प्रयागराज पहुंच गए थे। हालांकि, त्रिवेणी स्नान के लिए उन्होंने माघ पूर्णिमा का पावन दिन चुना। इस दिन महाकुम्भ में वीवीआईपी प्रोटोकॉल जारी नहीं होता। इसके बावजूद वह सामान्य श्रद्धालु की तरह नाव पर सवार होकर त्रिवेणी संगम पहुंचे और संगम में स्नान किया। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी चेतना भी मौजूद रहीं। दोनों ने सूर्य को अर्घ्य दिया और पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर पुण्य डुबकी लगाई। उन्होंने नाव पर सवार होकर सेल्फी भी अपलोड की और माघ पूर्णिमा पर पूर्ण चंद्रमा की छवि भी अपने प्रशंसकों के साथ साझा की। इस दिव्य आयोजन का हिस्सा बने कुंबले महाकुम्भ की भव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा से अभिभूत नजर आए।

### मुख्यमंत्री से यामानाशी प्रान्त, जापान के उप राज्यपाल ने शिष्टाचार भेंट की

# यामानाशी प्रान्त के लोगों को बुद्धिस्ट सर्किट आने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा: योगी

- उ.प्र. में निवेश की सम्भावना तलाशने जापान से 200 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल प्रदेश में आएगा
- वार्ता में ग्रीन हाइड्रोजन पर विशेष रूप से चर्चा हुई
- उ.प्र. में ग्रीन हाइड्रोजन का सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से यहां उनके सरकारी आवास पर जापान के यामानाशी प्रान्त के उप राज्यपाल श्री कोऊ ओसादा ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर भारत और जापान विशेष कर उत्तर प्रदेश एवं यामानाशी प्रान्त के मध्य सम्बन्धों को सुदृढ़ करने के लिए विचार विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री एवं यामानाशी प्रान्त के उप राज्यपाल के मध्य उत्तर प्रदेश में निवेश की सम्भावनाओं सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई। यामानाशी प्रान्त के उप राज्यपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश की सम्भावना तलाशने जापान से 200 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल प्रदेश में आएगा। सुदृढ़ कानून व्यवस्था एवं बेहतर सुशासन के दृष्टिगत आर्थिक प्रगति पर तेजी से बढ़ रहे उत्तर प्रदेश में जापान का प्रतिनिधिमण्डल निवेश की सम्भावनाओं को देखेगा। इससे उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर सृजित करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बन्धों को मजबूत करने के लिए वे हर सम्भव प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री एवं यामानाशी प्रान्त के उप राज्यपाल के मध्य हुई वार्ता में ग्रीन हाइड्रोजन पर विशेष रूप से चर्चा हुई। इसमें बताया गया कि ग्रीन हाइड्रोजन को लेकर उत्तर प्रदेश व यामानाशी प्रान्त के मध्य समझौता होगा और यहां सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। इसमें जापानी तकनीक का उपयोग होगा। वार्ता में अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कराने पर भी चर्चा हुई, जिसमें दुनिया भर के हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी व इसके उपयोग में रुचि रखने वाले प्रतिनिधि भी उपस्थिति रहेंगे। हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी में यामानाशी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के छात्रों को औद्योगिक प्रौद्योगिकी का अध्ययन करने का अवसर प्रदान करेगा।

## भाजपा धर्म और आस्था के नाम पर करती है राजनीति: कांग्रेस

**लखनऊ।** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से धर्म और आस्था के नाम पर राजनीति करती रही है। महाकुम्भ में भारी अव्यवस्था के चलते तमाम श्रद्धालुओं की दुखद मृत्यु हुई। एम्बुलेंस की व्यवस्था तक सरकार कराने में नाकाम रही। अपने खोए परिजनों को लोग अभी भी बदहवास हाल में इधर-उधर ढूंढने को मजबूर हैं। प्रदेश की योगी सरकार आज तक मृतकों की संख्या उपलब्ध नहीं करा सकी। पार्टी ने कहा कि योगी सरकार अब तक की सबसे अक्षम और निकम्मी सरकार साबित हुई है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ को लेकर हाईटेक व्यवस्थाओं का झूठा प्रचार किया गया। हाईटेक महाकुम्भ, हाईटेक खोया-पाया सेंटर की स्थापना, एआई पावर कैमरा जैसे तरह-तरह के हाईटेक सुरक्षा से जनता को विश्वास दिलाया, जिसके चलते भारी भीड़ धर्म और आस्था के नाम पर वहां जमा हुई। लेकिन दुखद है कि करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाने के बाद भी श्रद्धालुओं की जिंदगी सरकार की अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ी। संविधान के अनुच्छेद 51 ए में उल्लेख है कि आने वाली सरकारें देश में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने का काम करेंगी।

# तालीम को अपनाना वक्त की सबसे अहम ज़रूरत: मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिज़वी

- युवाओं को जागरूक करने की ज़रूरत





**अवधनामा ब्यूरो**

**बाराबंकी/लखनऊ।** इदारा इल्म व दानिश के तत्वावधान में नूर-ए-असर क्रैश कोर्स के चौथे चरण का भव्य आयोजन सैयदवाड़ा, आलमपुर (बाराबंकी) में संपन्न हुआ। इससे पहले यह कार्यक्रम दतिया (मध्य प्रदेश), हसनपुरा सीवान (बिहार) और लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में बड़ी सफलता के साथ संपन्न हो चुका है। इस कोर्स का मूल उद्देश्य युवाओं को इमाम-ए-ज़माना (अ.फ.) की पहचान, उनकी तालीमात और ज़हूर की तैयारी के प्रति जागरूक करना है।

कार्यक्रम की शुरुआत मौलाना अयाज़ हैदर आलमपुरी की तिलावत-ए-कुरआन से हुई। इसके बाद मुख्य वक्ता मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिज़वी ने अपने बयान में कहा कि इमाम-ए-ज़माना (अ.फ.) की सही पहचान और उनसे जुड़ाव के बिना इंसान का ईमान अधूरा है। उन्होंने हदीस-ए-नबवी (स) का हवाला देते हुए कहा जो अपने समय के इमाम की पहचान किए बिना मर गया, उसकी मौत जहालत की मौत होगी। उन्होंने बताया कि आम तौर पर हमारे युवा इमाम-ए-हाज़िर (अ.फ.) से परिचित नहीं होते, जबकि उनकी पहचान हर मोमिन की सबसे पहली ज़िम्मेदारी है। मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिज़वी ने कहा कि इमाम (अ.फ.) हमारे बीच मौजूद हैं, लेकिन हम ही उनसे दूर हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब कोई मोमिन दुआ करता है तो इमाम (अ.फ.) उसकी दुआ पर आमीन कहते हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या हमारी दुआएं और कर्म इस योग्य हैं कि इमाम (अ.फ.) हमें अपनी तवज्जो में रखें? उन्होंने इस्लामी इतिहास के संदर्भ में बताया कि इमाम-ए-ज़माना (अ.फ.) की ग़ैबत के बावजूद उनका असर हर दौर में मौजूद रहा है।

मौलाना ने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर को आख़िरी ज़माना कहा जाता है, जहां समाज नैतिक और धार्मिक संकट से गुज़र रहा है। ऐसे में युवाओं को अपने इमाम (अ.फ.) की पहचान, उनकी तालीम और उनके संदेश को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने इमाम हसन अस्करी (अ.) के दौर की मिसाल देते हुए बताया कि इमाम (अ.) ने अपने अनुयायियों को इमाम-ए-ग़ायब (अ.फ.) के दौर के लिए तैयार किया था। इसी तरह, आज के दौर में हमें अपने इमाम (अ.फ.) के लिए तैयार रहना चाहिए।

**मौलाना ने ऐतिहासिक तथ्यों का हवाला देते हुए कहा कि सिर्फ़ शिया ही नहीं, बल्कि सुन्नी विद्वानों ने भी इमाम-ए-ज़माना (अ.फ.) का उल्लेख अपनी किताबों में किया है। उन्होंने कहा कि इब्न सबाग़ मालिकी, इब्न हजर हैतमी और ग़ंजी शाफ़ेई जैसे प्रतिष्ठित सुन्नी विद्वानों ने अपनी किताबों में इमाम-ए-ज़माना (अ.फ.) का वर्णन किया है। इसके अलावा, मिस्र के विद्वान मुहम्मद ज़की इब्राहीम राइद ने अपने लेख में यह लिखा कि जो कुछ शिया मानते हैं, वह अहल-ए-सुन्नत के बुनियादी सिद्धांतों से मेल खाता है। यह प्रमाण इस बात का संकेत देते हैं कि इमाम-ए-ज़माना (अ.फ.) पर आस्था सिर्फ़ किसी एक फिरके तक सीमित नहीं, बल्कि यह संपूर्ण इस्लामी विरासत का हिस्सा है।**

## ईदगाह ऐश बाग के संस्थापक का वार्षिक उर्स 14 फरवरी को

**लखनऊ।** मगरिब की नमाज़ के बाद दरगाह निज़ामिया बाग मौलवी अनवार रकाबगंज, लखनऊ में उलमा ए फिरंगीमहल के उर्स का आयोजन किया जायेगा। जिसमें हज़रत अल्लामा शम्स उल उलमा अब्दुल हलीम फिरंगीमहली र० अ० संस्थापक ईदगाह ऐशबाग और उनके छोटे बेटे शम्स उल उलमा मौलाना अब्दुल हमीद फिरंगीमहली र० अ० के लिए फातिहा खवानि के बाद इसाले सवाब होगा। क़ाज़ी शहर मुफ्ती अबुल इरफान मियां फिरंगीमहली सज्जादा नशीन दरगाह निज़ामिया सभी बुजुर्गो के लिए दुआ करेंगे। क़ाज़ी शहर मुफ़्ती इरफ़ान मियां फिरंगी महली सज्जादा नशीन दरगाह निज़ामिया के सभी बुज़ुर्गों के लिए इसाले सवाब और दुआ करेंगे कि अल्लाह अपनी ख़ास बरकतों से हमें और दुनिया भर में फैली तमाम बीमारियों से निजात दिलाए और हमारे देश में खुशहाली, पूरे देश में प्रगति और शांति व्यवस्था,भाईचारे को बढ़ावा मिले। इस मौके पर दरगाह शरीफ में सभी धर्मो के लोग शिरकत करेंगे और गंगा जमनी सभ्यता को साबित कर देश में एकता की मिसाल पेश करेंगे।

# लखनऊ गोल्फ लीग 2025 में लीजेंड्स ने महत्वपूर्ण जीत हासिल की




**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** लीजेंड्स ने लखनऊ गोल्फ़ लीग 2025 में अपनी पहली सीधी जीत दर्ज की, जब उन्होंने लखनऊ गोल्फ़ क्लब में चौथे दिन के खेल के पहले मैच में पार सीकर्स को 4.5-0.5 से हराया। दिन के अन्य मैचों में, प्राइम हेल्थ सिटी ने दबंग डेयरडेविल्स को 3.5-1.5 से हराया, जबकि एकाना टाइटंस और शेखर हिंद वॉरियर्स के बीच दिन के अंतिम मैच में मुकाबला बराबरी पर छूटा।

पार सीकर्स ने शानदार शुरुआत की क्योंकि अनुभवी खिलाड़ी का 9 होल का खेल बराबरी पर समाप्त हुआ। अन्य खेलों में उन्हें कोई खास सफलता नहीं मिली क्योंकि ज़ोहेब सिद्दीकी और डॉ. संजय कुमार ने मिलकर 6 और 4 से बड़ी जीत दर्ज की जबकि मयंक पंत और पीके अग्रवाल ने 5 और 4 से जीत दर्ज की। एंकर गेम में, शमशेर बहादुर सिंह और टीए फ़ारूक़ी ने 3 और 2 से जीत दर्ज की और अपनी टीम को ग्रुप बी लीडरबोर्ड में शीर्ष पर पहुंचा दिया।

संयुक्त समूह के नेता प्राइम हेल्थ सिटी ने दबंग डेयरडेविल्स को एक अनुकूल मैच में हराया, जिसकी शुरुआत अनुभवी खिलाड़ियों के खेल के बराबर होने से हुई। प्राइम हेल्थ सिटी ने ध्रुव सेठ और देवेंद्र मोहन के साथ 2 और 1 से जीतते हुए कुछ करीबी गेम जीते, जबकि नवीन चरण और अनुज अग्रवाल 3 और 2 से विजयी हुए। उनके लिए सबसे अच्छी जीत एंकर गेम में थी जो एसके दुबे और सुजीत सिंह के पक्ष में 4 और 3 पर समाप्त हुई। सुनील बोरा और अक्षय ठाकुर ने अंतिम होल पर जीत के साथ एकमात्र पूर्ण अंक हासिल किया।दिन के अंतिम मैच में, एकाना टाइटन्स और शेखर हिंद वॉरियर्स के बीच मुक़ाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। शुरुआती मुक़ाबले एकाना टाइटन्स ने जीते, क्योंकि एसके तिवारी और देवेंद्र चौधरी ने अनुभवी गेम में 3 और 1 से अंक बनाए। अजीत सिंह और स्वप्निल राज ने 2 और 1 से जीत दर्ज की, जिसके बाद आरएस नंदा ने मनीष भंडारी के साथ मिलकर वॉरियर्स के लिए एक अंक वापस दिलाया और 6 और 5 से जीत दर्ज की। शतांशु अग्रवाल और कपिल गुरनानी ने 7 और 5 से जीत दर्ज करके और भी बड़ी जीत दर्ज की।

# ग्रेविटी: 10 साल बेमिसाल (जेईई मेन 1-2025)




**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** जेईई मेन-1 के मंगलवार को जारी नतीजे में ग्रेविटी क्लासेज के बच्चों ने शानदार कामयाबी दर्ज कराई। इसके साथ ही संस्थान के 10 साल और लगातार रिजल्ट बेमिसाल का दावा सत्यापित हुआ। जेईई मेन-1 में ग्रेविटी क्लासेज के एसआरजी बैच के 100 प्रतिशत बच्चों ने सफलता हासिल की है। वहीं एसआईपी रेजीडेंसियल बैच के 39 में से 39 बच्चे जेईई मेन-1 में सफल हुए। एसआईपी बैच के 25 प्रतिशत से अधिक बच्चे 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर करने में सफल हुए। संस्थान के 600 से अधिक बच्चों ने जेईई मेन-1 क्रैक किया। संस्थान के 57 बच्चों ने 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर किया। माजिद हुसैन ने 99.999 परसेंटाइल स्कोर किया। Yash Trivedi ने 99.91 परसेंटाइल स्कोर किया। Pragyan Srivastava ने 99.90 परसेंटाइल स्कोर किया। Mayank Goswami ने 99.88 परसेंटाइल स्कोर किया। Ritij Pathak ने 99.87 परसेंटाइल स्कोर किया। Eeshan Jain ने 99.85 परसेंटाइल स्कोर किया। Aayush Mishra ने 99.85 परसेंटाइल स्कोर किया। Sarthak Goel ने 99.81 परसेंटाइल स्कोर किया। संस्थान के इस शानदार रिजल्ट पर बच्चों ने बुधवार को जश्न मनाया। सफल छात्र-छात्राओं ने ग्रेविटी क्लासेज के शिक्षकों का आभार जताया।

## रक्षा मंत्री फ्लाइओवर का करेंगे लोकार्पण



**लखनऊ।** लखनऊ से सांसद केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 14 फरवरी को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुकवार प्रातः 11:10 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। अपराह्न 12:00 बजे रक्षा मंत्री विकास नगर स्थित मिनी स्टेडियम पहुंचेंगे और वहां आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मुंशी पुलिया व खुर्रम नगर फ्लाइओवर का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम के उपरांत सुल्तानपुर रोड साइड से कानपुर रोड की तरफ आउटर रिंग रोड की विजिट करेंगे। रिंग रोड अवलोकन के बाद एयरपोर्ट जाएंगे और अपराह्न 3:00 बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे। ओवर ब्रिज उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने हलवासिया कोर्ट कार्यालय पर बैठक की। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि लखनऊ महानगर पदाधिकारीयों, मंडल अध्यक्षों, पार्षदों और मोर्चे के अध्यक्षों के साथ आयोजित बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी के लखनऊ आगमन पर एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत और कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न करने के लिए पार्टी पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी सुनिश्चित की।

## धर्मपाल सिंह ने आचार्य सत्येन्द्र दास के निधन पर जताया शोक

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने अयोध्या में भगवान रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि अयोध्या में भगवान रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास का पीजीआई में इलाज के दौरान निधन का समाचार अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। प्रभु श्रीराम के प्रति आपका सेवा और समर्पण भाव जगत के लिए वंदनीय और स्मरणीय रहेगा।